सुप्रभात
रांची, सोमवार
19.02.2024
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net माघ, शुक्ल पक्ष, दशमी संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 217



12 बड़े मियां छोटे मियां का टीजर जारी

### न्यूज डायरी

**इंग्लैंड को भारत ने 434 रन से रौंदा**

**नयी दिल्ली।** भारत ने पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के तीसरे मुकाबले में इंग्लैंड को 434 रन से हरा दिया। भारत ने मैच चौथे दिन में ही अपने नाम कर लिया। भारत ने बल्लेबाजी करते हुए पहली पारी में 445 और दूसरी पारी में 430 रन पर पारी की घोषणा की। जवाब में इंग्लैंड की टीम पहली पारी में 319 रन ही बना सकी और ऑल आउट हो गयी। फिर दूसरी पारी में केवल 122 रन पर ही ढेर हो गयी। भारत की ओर से दूसरी पारी में सबसे ज्यादा विकेट रविंद्र जडेजा ने झटके। जडेजा ने 41 रन देकर 5 विकेट अपने नाम किये।

**मैं कांग्रेसी था, हूं और रहूंगा : कमलनाथ**

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के दिग्गज नेता कमलनाथ के भाजपा में जाने की अटकलों को एमपी कांग्रेस प्रमुख ने खारिज किया है। राज्य में कांग्रेस प्रमुख जीतू पटवारी ने दावा किया है कि कमलनाथ से उनकी फोन पर बात हुई है, जिसमें उन्होंने (कमलनाथ) साफ किया है कि वे कांग्रेसी थे, हैं और हमेशा रहेंगे। उन्होंने मीडिया में चल रहीं बातों को गलत बताया है। छिंदवाड़ा से नौ बार के सांसद कमलनाथ अचानक दिल्ली जाने से ये अटकलें लगायी जा रही थीं कि वे अपने बेटे नकुलनाथ और कई अन्य विधायकों के साथ भाजपा का दामन थाम सकते हैं।

**संदेशखाली मामले में आज सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई**

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में पश्चिम बंगाल के संदेशखाली गांव में रहने वाली महिलाओं के कथित यौन उत्पीड़न मामले पर सोमवार को सुनवाई होगी। शीर्ष कोर्ट मामले में जांच और उसके बाद की सुनवाई पश्चिम बंगाल से बाहर स्थानांतरित करने की मांग वाली याचिका पर सुनेगी। इस मामले की सुनवाई जस्टिस बीवी नागरत्ना और ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ करेगी।

**बच्चों संग कुआं में कूदी महिला, 3 की मौत**

**खरसावां।** पति के साथ मामूली कहा-सुनी (तू-तू-मैं-मैं) की वजह से एक महिला ने तीन बच्चों के साथ कुआं में छलांग लगा दी। 20 फीट से अधिक गहरे कुआं में कूदने वाली महिला को तो लोगों ने बचा लिया, लेकिन तीनों बच्चों की मौत हो गयी। घटना खरसावां के कुम्हारसाही बस्ती की है। जानकारी के अनुसार, लोहरदगा जिले के कुडू के अशोक महतो अपनी पत्नी पूजा देवी व तीन बच्चों के साथ खरसावां के कुम्हारसाही बस्ती में किराये के मकान में रहते थी। किसी बात पर पति-पत्नी में कहा-सुनी के दोनों में सुलह भी हो गयी, पर रविवार की सुबह पति काम से रांची चला गया। इसी दौरान करीब 11 बजे पूजा देवी (30) ने अपनी दो बेटी कोमल कुमारी (9) व अनन्या महतो (5) तथा बेटा आर्यन महतो (2) के साथ कुआं में छलांग लगा दी।

## नयी दिल्ली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से मिले झारखंड के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन

# सीट शेयरिंग फाइनल, रांची में घोषणा शीघ्र

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड की 14 लोकसभा सीटों को लेकर इंडिया गठबंधन के दो प्रमुख दलों झामुमो और कांग्रेस के बीच रविवार को नयी दिल्ली में सीट शेयरिंग को लेकर बैठक हुई। सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार दोनों दलों के बीच सीट शेयरिंग का फार्मूला तय हो जाने की खबर है। रांची में इसकी घोषणा शीघ्र की जा सकती है। रविवार को मुख्यमंत्री चंपई सोरेन और कांग्रेस नेताओं की बीच इस मुद्दे पर बातचीत हुई। सीएम की अध्यक्षता में दिल्ली झामुमो के चार सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल के सदस्य और विधायक सुदिव्य कुमार सोनू ने बताया है कि बैठक बहुत सकारात्मक रही। सीट शेयरिंग का फार्मूला मोटामोटी फाइनल हो गया। इसकी घोषणा शीघ्र की जायेगी। बैठक में झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर, प्रदेश कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर के साथ मुकुल वासनिक और सलमान खुर्शीद शामिल थे।



### हमारा मकसद सभी सीटें जीतना

सीट बांटवारे पर बैठक के बाद सभी नेताओं ने कहा कि गठबंधन का एकमात्र मकसद सभी सीटों पर जीत दर्ज करना है। इसी के तहत जीस सीट पर जो दल मजबूत होगा उसी के आधार पर सीटों का बांटवारा होगा। इस मुद्दे पर चर्चा के लिए झामुमो के केंद्रीय उपाध्यक्ष और सीएम चंपई सोरेन के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल 17 को दिल ली पहुंचा था। प्रतिनिधिमंडल में विनोद पांडेय, सुप्रियो भट्टाचार्य और विधायक सुदिव्य कुमार सोनू शामिल थे। वहीं इस प्रतिनिधिमंडल के साथ कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर भी दिल्ली गये थे, जबकि प्रदेश कांग्रेस प्रभारी दिल्ली में मौजूद थे।

### जनहित के कार्य जारी रहेंगे

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड राज्य में चल रहे जनकल्याणकारी योजनाएं जारी रहेंगी। उन्होंने श्री खड़गे को आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के तहत अबुआ आवास योजना, बिरसा सिंचाई कूप ,संवर्धन योजना, फुलो- झानो आशीर्वाद योजना, साइकिल के लिए डीबीटी, सामुदायिक और व्यक्तिगत वन पट्टा, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, केसीसी योजना, सर्वजन पेंशन योजना, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना की जानकारी दी।

### खड़गे से मिले झामुमो के कई नेता

मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन न रविवार को दिल्ली में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से मुलाकात की। मुख्यमंत्री और मल्लिकार्जुन खड़गे के मुलाकात के समय झामुमो के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्या, विनोद पांडेय, विधायक सुदिव्य कुमार सोनू, कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी और राष्ट्रीय महासचिव गुलाम अहमद मीर और झारखंड पीसीसी अध्यक्ष राजेश ठाकुर भी उपस्थित रहे। झामुमो के नेताओं ने आज की मुलाकात को शिष्टाचार भेंट बताया।

**नये झारखंड भवन का भी सीएम ने लिया जायजा**

सीएम सोरेन नयी दिल्ली में निमार्णाधीन झारखंड भवन अवलोकन किया। दिल्ली के केंद्र बिंदु कनाट प्लेस में बन रहे नए झारखंड भवन का निर्माण कार्य लगभग पूरा हो चुका है। अभी झारखंड भवन वसंत विहार में स्थित है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बहुत समय से झारखंड भवन को दिल्ली के केंद्र में होने की आवश्यकता थी। अब ये आवश्यकता पूरी हो रही है। नया झारखंड भवन अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस होगा। हमें आशा है जल्द ही इसको क्रियान्वित किया जाएगा, जिससे सुगमता बढ़ेगी। इस अवसर पर झारखंड के मुख्य स्थानिक आयुक्त के श्रीनिवासन और झारखंड भवन के अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

**साथ मिल कर लड़ेंगे : खड़गे**

इस मौके पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जन खड़गे ने कहा कि झारखंड के सीएम और अन्य नेताओं के साथ मिलकर हमने तानाशाही सरकार से लड़ने का संकल्प लिया। हम झारखंड में प्रगतिशील जनकल्याणकारी पर सामाजिक न्याय की यात्रा जारी रखेंगे।



### राजकीय इटखोरी महोत्सव आज

**सीएम करेंगे उद्घाटन, कई दिग्गज कलाकार रंग जमायेंगे**

चतरा, रांची। प्रसिद्ध मां भद्रकाली मंदिर प्रांगण में आयोजित होने वाले तीन दिवसीय राजकीय इटखोरी महोत्सव का का मुख्यमंत्री चंपई सोरेन सोमवार को उदघाटन करेंगे। तीन दिवसीय यह महोत्सव 21 फरवरी तक चलेगा। इस महोत्सव में भारतीय एवं झारखंड की संस्कृति और सभ्यता से जुड़े भक्तिमय एवं संगीतमय प्रस्तुतियां दी जायेगी। महोत्सव के उदघाटन समारोह में सीएम के साथ मंत्री सत्यानंद भोक्ता, सांसद सुनील कुमार सिंह और सिमरिया विधायक किसुन दास के आलावा अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहेंगे। महोत्सव में जिला प्रशासन की ओर से पूरी तैयारी कर ली गयी है।

## राष्ट्रीय अधिवेशन में पीएम का दावा- 'आयेगा तो मोदी ही'

# देश के सपने भी विराट होंगे और संकल्प भी

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** पीएम मोदी ने भाजपा के राष्ट्रीय अधिवेशन में रविवार को संबोधित करते हुए कार्यकर्ताओं को खास संदेश देते हुए कहा कि हम 2024 में तीसरी बार सरकार बनायेंगे। जनसेवा और राष्ट्र सेवा का इतिहास रचेंगे। दुनियाभर के तमाम देश भाजपा सरकार की वापसी को लेकर पूरी तरह आश्वस्त हैं। दुनिया का हर देश और शक्ति जानती है कि 'आयेगा तो मोदी ही'। उन्होंने कहा कि आज दुनिया का हर देश भारत से गहरे संबंध बनाने पर बल दे रहा है। अभी तो चुनाव बाकी हैं, लेकिन मेरे पास जुलाई, अगस्त, सितंबर तक के विभिन्न देशों के न्योते पड़े हैं। इसका मतलब साफ है कि दुनिया को भाजपा सरकार की वापसी को लेकर पूरा भरोसा है और वो इसको लेकर पूरी तरह से आश्वस्त हैं। मोदी ने कहा, देश अब छोटे संकल्प नहीं लेता, सपने भी विराट होंगे और संकल्प भी विराट होंगे।



### सत्ता भोग के लिए नहीं मांग रहा तीसरा कार्यकाल

उन्होंने कहा, मैं भाजपा सरकार का तीसरा कार्यकाल सत्ता भोग के लिए नहीं मांग रहा हूं। मैं राष्ट्र का संकल्प लेकर निकला हुआ व्यक्ति हूं, अगर मैं अपने घर की चिंता करता तो आज करोड़ों गरीबों के घर नहीं बन पाते। मैं देश के करोड़ों बच्चों के भविष्य के लिए जीता हूं। देश के युवाओं, महिलाओं और गरीबों के सपने व संकल्प को 'मोदी का संकल्प' बताते हुए पीएम ने कहा कि वह इस संकल्प की पूर्ति के लिए ही दिन-रात एक कर रहे हैं।

**10 साल में भारत ने पकड़ी रफ्तार**

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पिछले 10 सालों में भारत ने जो गति हासिल की है और बड़े लक्ष्य प्राप्त करने का जो हौसला पाया है...वह अभूतपूर्व है। इसलिए नहीं कि मैं कह रहा हूं, आज दुनिया गाजे-बाजे के साथ बोल रही है। उन्होंने कहा कि भारत ने आज हर क्षेत्र में जो ऊंचाई हासिल की है, उसने हर देशवासी को एक बड़े संकल्प के साथ जोड़ दिया है और यह संकल्प है 'विकसित भारत' का। अब देश छोटे सपने नहीं देख सकता है और ना ही देश अब छोटे संकल्प ले सकता है, सपने भी विराट होंगे और संकल्प भी विराट होंगे।

**कांग्रेस से देश को बचाना ही कर्तव्य**

पीएम मोदी ने पार्टी कार्यकर्ताओ को अगले सौ दिनों में हर नये मतदाता तक पहुंचने और उन्हें विकसित भारत के हमारे संकल्प से अवगत कराने का आह्वान किया । साथ ही कहा कि कांग्रेस में विकास का सामर्थ्य नहीं है और वह देश को अस्थिर करने की नयी नयी साजिश रच रही है इसलिए प्रत्येक भाजपा कार्यकर्ता का यह कर्तव्य है कि देश और देश के हर नागरिक को कांग्रेस से बचाना है।

**विपक्षी भी बोले रहे -अगली बार मोदी सरकार**

पीएम मोदी ने यह भी कहा कि आज विपक्ष के नेता भी 'अगली बार मोदी सरकार' बोल रहे हैं और 'अगली बार एनडीए सरकार, 400 पार' के नारे लगा रहे हैं। उन्होंने कहा कि एनडीए को 400 पार करने के लिए बीजपी को 370 के मील का पत्थर पार करना ही होगा।

# हेमंत के जज्बे को सलाम : केजरीवाल

## कल्पना से की बात, कहा पूरा देश आपके साथ

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना मुर्मू सोरेन से दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की रविवार को बात की। बातचीत में केजरीवाल ने उनके परिवार के प्रति अपना समर्थन जताया। बातचीत के अरविंद केजरीवाल ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर पोस्ट में लिखा- कल्पना जी, हम झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के साथ पूरी तरह खड़े हैं। पूरा देश उनकी हिम्मत और हौसले की दाद देता है। किस तरह वे भाजपा के जुल्मों का सामना कर रहे हैं। आज अगर वो भाजपा के साथ चले जाते, तो उन्हें जेल न होती, लेकिन उन्होंने सच्चाई का पथ नहीं छोड़ा। उन्हें सलाम! कल्पना मुर्मू सोरेन ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट डालकर इसकी जानकारी दी। उन्होंने इसके लिए अरविंद केजरीवाल को धन्यवाद कहा। झामुमो नेता कल्पना सोरेन ने जो पोस्ट लिखा है, वह इस प्रकार है- आज दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से फोन पर बातचीत हुई। अरविंद जी का धन्यवाद कि इस घड़ी में वह झारखंड योद्धा हेमंत जी और झामुमो परिवार के साथ हैं।

**पूरा देश देख रहा है भाजपा का षड्यंत्र**

कल्पना सोरेन ने आगे लिखा- केंद्र सरकार और भाजपा का षड्यंत्र आज पूरा देश देख रहा है। झारखंड के साथ-साथ दिल्ली एवं अन्य गैर-भाजपा शासित राज्यों में कैसे लोकतंत्र को तार-तार किया जा रहा है, यह देख हर कोई क्षुब्ध है। केंद्र सरकार और बीजेपी के इस षड्यंत्र का हमें मिलकर मुकाबला करना है। इडी ने ने 31 जनवरी को झारखंड के तत्कालीन मुखयमंत्री हेमंत सोरेन को कथित जमीन घोटाला मामले में गिरफ्तार किया था।

## बैद्यनाथ राम ने की कार्यकर्ताओं संग बैठक, कहा

# फैसला जल्द नहीं हुआ तो खुला है पूरा आसमान

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मंत्री नहीं बनने से दुखी झामुमो विधायक बैजनाथ राम ने रविवार को अपने समर्थकों के साथ की बैठक की। मंत्री पद की सूची से नाम वापस होने के बाद से उनका विद्रोह तेवर जारी है। एक सवाल के जवाब में बैजनाथ राम कहा कि अब आगे क्या होगा, देखना होगा। हां मगर इतना तय है कि जल्द ही इसका फैसला नहीं हुआ तो हमारे लिए पूरा आसमान खुला है। हालांकि मुक्यमंत्री ने उन्हें भरोसा दिया है। शपथ ग्रहण समारोह के दिन ही शपथ लेने से चूकने के बाद वह बगावती तेवर में आ गये थे। कहा था कि यदि उन्हें मंत्री नहीं बनाया गया तो वे पार्टी छोड़ देगें। दूसरे दिन जब उन्हें मीडिया ने घेरा तो उन्होंने कहा कि हमने मुख्यमंत्री और पार्टी में बात रख दी है। मुख्यमंत्री ने भरोसा दिलाया है कि दिल्ली से लौटने के बाद इस मुददे का हल निकाल लेगें। मुख्यमंत्री ने दो-तीन दिन का समय मांगा है। हमें

**कांग्रेस के दवाव में नहीं आना चाहिए :** श्री राम ने कहा कि हमारी सरकार को कांग्रेस के दबाव में नहीं आना चाहिए, क्योंकि कांग्रेस के हिस्से का चार मंत्री पद उन्हें मिल चुका है। मुख्यमंत्री को मजबूती के साथ अपने फैसले पर अडिग रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि शपथ के लिए उन्हें राजभवन से फोन आ चुका था, वे राजभवन पहुंचने ही वाले थे कि उन्हें मुख्यमंत्री आवास पहुंचने को कहा गया। बताया गया कि कांग्रेस से इस मुद्दे पर विवाद हो गया है। इसलिए अभी आपका शपथ ग्रहण नहीं कराया जा रहा है। मगर जल्द ही इसका फैसला कर लिया जायेगा। मगर इतना तय है कि अगर जल्द ही इसका फैसला नहीं हुआ तो हमारे लिए पूरा आसमान खुला है।

# जैन मुनि आचार्य विद्यासागर जी महाराज ब्रह्मलीन

- पूरे देश में शोक की लहर, नमन करते भावुक हुए पीएम मोदी
- छत्तीसगढ़ में आधे दिन के राजकीय शोक की घोषणा

एजेंसी

**रायपुर।** जैन मुनि आचार्य विद्यासागर महाराज डोंगरगढ़ स्थित चंद्रगिरी पर्वत पर पंचतत्व में विलीन हो गये। जैन मुनि ने रात 2 बजकर 30 बजे समाधि (देह त्याग दी) ले ली थी। छत्तीसगढ़ के डोंगरगढ़ स्थित चन्द्रगिरी तीर्थ पर उन्होंने अंतिम सांस ली। छत्तीसगढ़ सरकार ने आधे दिन के शोक की घोषणा की है। सीएमओ ने एक्स पर हिंदी में एक पोस्ट में कहा,‘‘इस अवधि के दौरान, राष्ट्रीय ध्वज आधा झुका रहेगा और कोई भी राज्य समारोह या कार्यक्रम आयोजित नहीं किया जायेगा। उनके निधन से जैन समाज में शोक की लहर है। पीएम मोदी सहित कई दिग्गज नेताओं ने सोशल मीडिया पर जैन मुनि विद्यासागरजी महाराज को नमन किया। वहीं दिल्ली में भाजपा के राष्ट्रीय सम्मेलन के दूसरे दिन जैन संत आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज को श्रद्धांजलि देते हुए पीएम मोदी, केंद्रीय मंत्रियों, भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों और अन्य पार्टी नेताओं के नेतृत्व में पार्टी ने एक मिनट का मौन रखा।

(शेष 11 पर)



**सल्लेखना के बाद अंतिम सांस ली**

इससे पहले उन्होंने रविवार तड़के ढाई बजे सल्लेखना के बाद अंतिम सांस ली। जैन धर्म में सल्लेखना एक धार्मिक प्रथा है, जिसमें आध्यात्मिक शुद्धि के लिए खुद की इच्छा से आमरण उपवास किया जाता है। जैन मुनि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के देवलोक गमन पर पूरे देश में शोक की लहर है। इस बारे में पद्मश्री डॉक्टर पुखराज बाफना ने बताया कि आचार्य श्री विद्यासागर जी का जीवन सात्विक रहा है। वह एक महान विभूति थे और पूरे समाज के लिए उन्होंने योगदान दिया। वह सात्विक जीवन जीते थे और अंग्रेजी दवाइयों से कोसों दूर रहते थे। पूरे विश्व में जितने जैन समुदाय के लोग हैं, उनके लिए एक परमात्मा की तरह पूजनीय थे। उनका जीवन सरल रहा है. जीवन के आखिरी क्षण तक शक्कर, नमक, मिर्च, मसाले और अंग्रेजी दवाइयां इन सभी का त्याग करके उन्होंने रखा था। उनके जैसी विरल विभूति नहीं मिलेगी। वह अपने आप में एक महान हस्ती थे।

## किसानों ने सरकार के खिलाफ खोला मोर्चा

# 20 से 22 तक भाजपा नेताओं के घेराव करेंगे किसान

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) ने केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार पर दबाव बनाने के लिए मोर्चा खोल लिया है। एसकेएम ने 20 फरवरी से लेकर 22 फरवरी तक भाजपा नेताओं के आवास को घेरने आह्वान किया है। किसान नेताओं ने कहा, फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी सहित अन्य मांगों को लेकर मंगलवार से तीन दिन तक पंजाब में भाजपा के नेताओं के आवासों का घेराव किया जायेगा।

**तीन दौर की हो चुकी है वार्ता**

किसान नेताओं के साथ केंद्रीय मंत्रियों की चौथे दौर की वार्ता अभी जारी है। बैठक में न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) के लिए कानूनी गारंटी समेत किसानों की अन्य मांगों पर चर्चा किया जा रहा है। दोनों पक्षों के बीच इससे पहले आठ, 12 और 15 फरवरी को मुलाकात हुई थी लेकिन बातचीत बेनतीजा रही थी। संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा अपनी मांगों को लेकर केंद्र पर दबाव बनाने के लिए दिल्ली चलो मार्च का नेतृत्व कर रहे हैं। (शेष 11 पर)

**गहना आभूषण**

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 58,100 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 73,000 रु./प्रति किलो |

**तीसरी आंख**



# कांग्रेस विधायकों की नाराजगी से आलाकमान अलर्ट, ऑपरेशन लोटस की संभावना बढ़ी

### नाराज झामुमो विधायक बैद्यनाथ राम के भी भाजपा नेताओं से बातचीत की चर्चा गरम

उदय चौहान


फाइल फोटो



**रांची।** कांग्रेस हाईकमान को झारखंड में उसके 12 विधायकों के विद्रोही तेवरों ने और परेशान कर दिया है। पार्टी की चौतरफा चुनौतियों के बीच झारखंड की नवगठित चंपई सोरेन सरकार में शामिल नहीं किये जाने से नाराज इन विधायकों के असंतोष के तेवरों को थामना सूबे में राजनीतिक स्थिरता के लिहाज से अहम है। इसके मद्देनजर ऑपरेशन लोट्स की संभावना बढ़ गयी है। इधर, झामुमो के नाराज विधायक बैद्यनाथ के भाजपा सूत्रों से बातचीत की चर्चा भी गरम है। हालांकि, झामुमो का शीर्ष नेतृत्व ने बैद्यनाथ राम के नाराज नहीं होने की बात कही है। वहीं, विधायकों के असंतोष की गंभीरता को भांपते हुए कांग्रेस ने अपने रणनीतिकारों को तत्काल इस नाराजगी को संकट में तब्दील होने से रोकने के लिए लगा दिया है। पार्टी हाईकमान की ओर से झारखंड के प्रभारी एवं कांग्रेस महासचिव गुलाम अहमद मीर को विधायकों से सीधे और निरंतर संवाद करने का विशेष निर्देश दिया गया है। झारखंड में विधायकों की नाराजगी से बढ़ी चिंता की सबसे बड़ी वजह सूबे में भाजपा की सियासी मौके की तलाश पर लगी निगाहें हैं। फिलहाल, कांग्रेस के आठ नाराज विधायक नयी दिल्ली में कैम्प कर रहे हैं।

#### भाजपा के खिलाफ विपक्ष की लड़ाई को मजबूत करने का पूरा दारोमदार कांग्रेस पर

सूत्रों ने कहा कि झारखंड में हेमंत सोरेन को हटाने के बाद भी राजनीतिक बाजी पलटने में नाकाम रही भाजपा को अब मौका देना आत्मघाती होगा। खासकर यह देखते हुये कि जेल जाने के बावजूद हेमंत सोरेन ने चंपई सोरेन को आगे कर झामुमो में किसी तरह की अंदरूनी उथल-पुथल की गुंजाइश बंद कर दी। ऐसे में सूबे की सरकार की स्थिरता ही नहीं, बल्कि भाजपा के खिलाफ विपक्ष की लड़ाई को मजबूत करने का पूरा दारोमदार कांग्रेस पर है।

सूत्रों ने बताया कि कांग्रेस अध्यक्ष श्री खड़गे ने भी विधायकों के असंतोष की आवाज पर संज्ञान लिया है। इसीलिये कुछ रणनीतिकारों को समझाने-बुझाने के साथ उनकी शिकायतें दूर करने का रास्ता निकालने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। जाहिर तौर पर झारखंड के प्रभारी गुलाम अहमद मीर की इसमें केंद्रीय भूमिका है। वैसे, भाजपा ने भी नाराज विधायकों को लेकर अपनी गतिविधियां तेज कर दी है। दरअसल कांग्रेस के इन 12 विधायकों ने अपना एक समूह बनाकर यह मांग की थी कि नई सरकार में पार्टी के नये चेहरों को मंत्री बनाया जाये। कांग्रेस के नाराज विधायकों में अनुप सिंह, डॉ इरफान अंसारी, उमाशंकर अकेला, अंबा प्रसाद, दीपिका पांडेय सिंह, अर्चना नीरज सिंह, शिल्पी नेहा तिर्की, राजेश कच्छप, नमन विक्सल कोंगाड़ी शामिल हैं।

---

**कांग्रेस के नाराज विधायकों पर मंत्री की राय**

## हर पार्टी में होती है थोड़ी बहुत नाराजगी : बन्ना

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि उनसे किसी विधायक की कोई नाराजगी नहीं है। मंत्री ने कहा कि कांग्रेस में आंतरिक लोकतंत्र है। हर किसी को बोलने की आजादी है। थोड़ी बहुत कलह हर पार्टी में होती है, लेकिन अन्य पार्टियों में दिखती नहीं है। कांग्रेस में आंतरिक लोकतंत्र होने के कारण दिख जाती है। बन्ना ने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार को 5 वर्ष का बहुमत मिला था, लेकिन कुछ कारणों से कार्यकाल पूरा नहीं हो सका। अब नए कप्तान के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग और अधिक चाक-चौबंद रूप से काम करेगा।

मालूम हो कि चंपई सोरेन सरकार के कैबिनेट विस्तार होने के बाद से ही कांग्रेस में कलह छिड़ गया है। कांग्रेस के 12 विधायक चंपाई सोरेन की कैबिनेट विस्तार से नाराज चल रहे हैं। कांग्रेस की तरफ से सभी पुराने चेहरों को कैबिनेट में शामिल किया गया है। इस कारण कई कांग्रेसी विधायक नाराज हो गए। नाराज कांग्रेस विधायकों का कहना है कि कैबिनेट में कांग्रेस कोटे से जिन 4 लोगों को जगह मिली है, वे पूर्व की हेमंत सोरेन सरकार में भी मंत्री थे। उन्होंने पार्टी नेतृत्व को दो-टूक कह दिया कि कैबिनेट से इन चारों को हटाकर नए चेहरों को मंत्री नहीं बनाया गया तो वे विधानसभा के बजट सत्र का बहिष्कार करेंगे। नाराज विधायकों ने पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष को एक पत्र भी सौंपा है।

## जनगणना के लिए लिखित आदेश दें सीएम : राजेंद्र प्रसाद

**रांची।** मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद ने मुख्यमंत्री चंपई सोरेन द्वारा जातीय गणना कराने को लेकर अधिकारियों को मौखिक आदेश दिए जाने पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा मुख्यमंत्री मौखिक नहीं लिखित आदेश निर्गत करें। प्रसाद ने कहा कि जातीय गणना कराने को लेकर मोर्चा लगातार मांग करता रहा है। प्रसाद ने कहा कि जातीय गणना से राज्य में भ्रम की स्थिति दूर होगी। सही जानकारी लोगों को मिल पाएगी कि वास्तव में किन जातियों की कितनी आबादी है और किन-किन समाज के लोगों कि आर्थिक, राजनीतिक, शैक्षणिक स्थिति क्या है? श्री प्रसाद ने कहा कि जातीय गणना को सिर्फ आरक्षण के दृष्टिकोण से नहीं देखा जाना चाहिए।

**मूलवासी सदान आयोग का गठन भी गठन करे सरकार :** श्री प्रसाद ने कहा कि जातिगत जनगणना से मूलवासी सदानों के सवर्ण समुदायों का भी आर्थिक, राजनीतिक, शैक्षणिक स्थिति की जानकारी होगी और उनके विकास के लिए योजना बनाने में मदद मिलेगी। प्रसाद ने कहा कि 7 जिलों में पिछड़ी जातियों का आरक्षण शून्य है। जो जातीय गणना से इस समस्या से निजात मिल पाएगा।

---

**झारखंड की दशा और दिशा को संवारना पार्टी की प्राथमिकता में शामिल**

# महाजनी प्रथा का विरोध करने वाले खुद महाजन बन बैठे : सुदेश महतो

### मिलन समारोह में समाजसेवी जितेंद्र सिंह समर्थकों के साथ आजसू पार्टी में हुए शामिल, पद्मश्री मधु मंसूरी के पुत्र शाहजहां मंसूरी ने भी थामा आजसू का दामन

खबर मन्त्र संवाददाता



**जीतेंद्र सिंह बोले- सेवा ही हमारा लक्ष्य :** पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने वाले समाजसेवी जीतेंद्र सिंह ने कहा कि झारखंड की प्रगति के प्रति सुदेश जी की सोच और उनके कार्यों से प्रभावित होकर आजसू पार्टी में शामिल हुआ। अध्ययन, अनुशासन, आध्यत्म और आत्मविश्वास इन चार चीजों के साथ सुदेश जी के नेतृत्व में जनता की सेवा करना ही हमारा लक्ष्य है।

**इन्होंने ली सदस्यता :** उमर अली के नेतृत्व में सलीम बब्लू, गुलजार काई,फिरोज,फरहान अंसारी,साजिद,इमरान काई, सेराज, समसू काई, सिंटू अंसारी, पप्पू काई, ऐसान, इमरान काई, तबरेज अंसारी, मुताज अली, नासिर काई, बदरूदीन काई, काजिम अंसारी, नेजम काई, इस्माईल काई, वाजिद काई, इरफान अली, समीम, अल्कामा काई, आरजू, फिरोज, उस्मान, मोहम्मद कैफ उर्फ रिंकू की अगुवाई में साजिद, अफसर, अकरम, नसीम, साहिल, सोनू, अफताफ, शाहिद, मकसूद खान, वसीम खान, दानिस, इमरान, सोनू, रोशन, सुमित, चांद, मोहसिन खान समेत अन्य लोग आजसू पार्टी में शामिल हुए।

**रांची।** महाजनी प्रथा का विरोध करने वाले लोग रविवार को झारखंड राज्य में खुद महाजन बन बैठे हैं। राज्य एक कुशल और जनता के प्रति जवाबदेह नेतृत्व की कमी से गुजर रहा है। इस राज्य को एक ऐसा नेतृत्व चाहिए जो हर वर्ग और सबके विचारों को साथ लेकर चले। वर्तमान और भविष्य की पीढ़ी के लिए राज्य को बेहतर बनाने की चुनौती सामने है। हम सभी को मिलकर झारखंड की राजनीति को फिर से पटरी पर लाना है। उक्त बातें पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने अरगोड़ा मैदान में आयोजित मिलन समारोह के दौरान कही।

सुदेश कुमार महतो ने कहा कि कुछ लोग विरासत के साथ सत्ता में आ जाते हैं। फिर जनता की उम्मीदों और आकांक्षाओं पर काम करने के बजाय सत्ता के बेजा इस्तेमाल करने लग जाते हैं। हमारा एक मात्र ध्येय राज्य को संवारना है। राज्य के समेकित विकास के लिए आपका साथ चाहिए। उन्होंने कहा कि शहर की चकाचौंध में शहर की मूलभूत आवश्यकताएं छिप जाती हैं। झुग्गी- झोपड़ी में रहने वाले गरीब के बेटे के भविष्य को भी सुरक्षित करना होगा।

मिलन समारोह में समाजसेवी जीतेंद्र सिंह अपने हजारों समर्थकों के साथ पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इसी मौके पर पद्मश्री मधु मंसूरी के पुत्र जेएमएम नेता शाहजहां मंसूरी और रांची निवासी मो. कैफ, उमर अली,आफताब अलाम समेत कई लोग भी पार्टी में शामिल हुए।

जितेन्द्र सिंह का पार्टी में स्वागत करते हुए उन्होंने कहा कि राजनीति काफी चुनौतीपूर्ण क्षेत्र है। इस चुनौती को स्वीकारते हुए जीतेंद्र जी जनता की सेवा के उद्देश्य से पार्टी में शामिल हुए हैं। उन्होंने विभिन्न माध्यमों के जरिए सामज की सेवा पहले भी की है। वे पार्टी से जुड़कर लोकहित के कार्यों को आगे बढ़ायेंगे।

मिलन समारोह में केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ. देवशरण भगत, बंटी यादव, रमेश गुप्ता, सुनील यादव, विरेंद्र प्रसाद, रांची जिप अध्यक्ष निर्मला भगत, हसन अंसारी, डॉ. अशोक नाग, भरत काशी, डॉ रीना गोडसारे, ज्ञान सिन्हा, एस अली, आशुतोष गोस्वामी, वर्षा गाड़ी, सीमा सिंह, विजेता वर्मा मौजूद रहे।

---

**खबर | एक नजर में**

### मिथिलेश ठाकुर आज संभालेंगे कार्यभार



**रांची।** मंत्री पेयजल एवं स्वच्छता तथा उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग के नवनियुक्त मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर सोमवार को अपने विभाग का कार्यभार संभालेंगे। सोमवार की सुबह 11 बजे नेपाल हाउस स्थित पेयजल स्वच्छता विभाग और 11:50 बजे कांके रोड स्थित उत्पाद भवन में योगदान करेंगे।

### अंशु लकड़ा एक्का ने झापा पार्टी से दिया इस्तीफा

**रांची।** अंशु लकड़ा एक्का ने झारखंड पार्टी की प्राथमिक सदस्यता व उसके पद से इस्तीफा दे दिया है। अपना इस्तीफा पत्र अंशु लकड़ा एक्का ने पाटी के महासचिव अशोक भगत को सौंप दी है। अंशु ने अपने इस्तीफा का कारण निजी बताया है।

### सेवा स्थायीकरण की मांग : इस सप्ताह सीएम से मिलेंगे मनरेगा कर्मी

**रांची।** मनरेगा कर्मचारी सेवा संघ स्थायीकरण की मांग को लेकर इस सप्ताह राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात करेगा। इसका निर्णय मनरेगा कर्मचारी संघ की बैठक में ली गयी। बैठक में संघ के संतोष बेसरा ने कहा कि उच्च न्यायालय के द्वारा जो मनरेगा कर्मियों के साथ-साथ अन्य सभी संविदा कर्मियों के स्थायीकरण के आदेश पारित किए गये हैं, उसके अनुसार हम लोगों को बिना विलंब किए अति शीघ्र मुख्यमंत्री से मिलकर इसे प्रक्रिया को कैबिनेट से पारित करने की मांग की जायेगी।

### नगर विकास विभाग ने तीन-चार सालों से नियुक्त अधिकारी व कर्मियों की मांगी सूची

**रांची।** नगर विकास विभाग ने तीन से चार वर्षों से नियुक्त एवं पदस्थापित अधिकारी-कर्मचारी व संविदा कर्मियों के बारे में पूरी रिपोर्ट मांगी है। इस संबंध में सभी नगर निगम, नगर निकाय, प्रबंधक निदेशक आवास बोर्ड, खनिज क्षेत्र विकास प्राधिकार माडा, उपाध्यक्ष आरआरडीए, परियोजना निदेशक जुडको व मुख्य अभियंता अभियंत्रण कोषांग मुख्यालय को पत्र लिखा है। निर्वाचन विभाग ने इस संबंध में दिशा-निर्देश दिया है और लोकसभा आम चुनाव 2024 को देखते हुए गृह जिला व अन्य जिलों में पदस्थापित अधिकारी व कर्मियों की सूची मांगी है। विभाग ने विस्तृत प्रतिवेदन देने को कहा है। निर्वाचन विभाग ऐसे कर्मियों को या तो स्थानांतरण को कहेगा, इनमें कुछ को चुनावी ड्यूटी में लगायेगा।

---

**23 फरवरी से शुरू होने वाला बजट सत्र अप्रत्याशित रूप से छोटा**

# हेमंत सरकार के कार्यकाल की वित्तीय स्थिति पर श्वेत पत्र जारी करें सीएम चंपई : सरयू राय

### मौजूदा सरकार को विगत 4 वर्षों का लेखा-जोखा सदन में प्रस्तुत करना चाहिए

विशेष संवाददाता



**जमशेदपुर।** विधायक एवं झारखंड के पूर्व मंत्री सरयू राय ने मांग की है कि नये सीएम चंपई सोरेन की सरकार राज्य की वित्त व्यवस्था पर एक श्वेत-पत्र जारी करे। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन जब मुख्यमंत्री बने थे तो उसके पूर्व की सरकारी की वित्तीय स्थिति के बारे में उन्होंने एक श्वेत-पत्र जारी किया था। राज्य सरकार के मुख्यमंत्री के नाते चंपई सोरेन को भी एक श्वेत-पत्र जारी कर वित्तीय स्थिति पर प्रकाश डालना चाहिए। बिष्टुपुर स्थित अपने आवास पर आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में सरयू राय ने कहा कि चंपई सोरेन की सरकार की आगामी 23 फरवरी से शुरू होने वाला बजट सत्र अप्रत्याशित रूप से छोटा है। वर्ष 2020 में बजट सत्र में 18 कार्य दिवस, 2021 में 16 कार्य दिवस, 2022 में 17 कार्य दिवस और 2023 में भी 17 कार्य दिवस में थे, परंतु 2024 का बजट सत्र मात्र 7 दिनों का है। इसमें से एक दिन शोक प्रस्ताव में एक दिन बजट प्रस्तुत करने के रूप में समाप्त हो जाएगा। एक दिन विधायकों के निजी संकल्प पर चर्चा होगी एक दिन वर्तमान वित्त वर्ष के तृत्तीय अनुपूरक बजट पर चर्चा होगी। इस तरह कुल मिलाकर बजट पर चर्चा के लिए मात्र 3 कार्य दिवस बचेंगे, यानि अधिकांश विभागों की बजट मांगों को गिलोटिन कर दिया जाएगा। यदि सरकार बजट के लिए तैयार नहीं थी तो उसे 3 महीने का लेखा अनुदान विधानसभा से ले लेना चाहिए था और पूरा बजट जून में पास करना चाहिए था।

विधायक सरयू राय ने आगे कहा कि अल्प अवधि का बजट सत्र बुलाने का एक बड़ा कारण यही हो सकता है कि अभी तक सरकार ने पुराने बजट की योजनाओं पर मुश्किल से 55-60 प्रतिशत खर्च किया है। वित्त वर्ष समाप्त होने में मात्र एक माह शेष है, शेष राशि खर्च करने के लिए मौजूदा राज्य सरकार के पास कोई संतोषजनक जवाब नहीं है। इसलिए बजट सत्र छोटा कर दिया गया। श्री राय ने कहा कि आगामी बजट सत्र में वे अपने उन सभी सवालों का जवाब मांगेंगे जो पूर्व की हेमंत सोरेन सरकार तथा उसकी पहले वाली सरकार में उठाया था।

विधायक सरयू राय ने आगे कहा कि बजट सत्र छोटा करने का एक कारण यह भी हो सकता है कि चंपई सोरेन की सरकार मंत्रिमंडल के विस्तार के बाद अस्थिर है। बजट सत्र का प्रत्येक दिन बजट की वित्तीय मांगों पर मतदान होता है। वित्तीय मामलों के मतदान में सरकार जरूरी संख्या नहीं जुटा पाएगी तो मुख्यमंत्री को इस्तीफा देना पड़ सकता है। इससे बचने के लिए सरकार ने बजट सत्र छोटा किया होगा। इस सरकार को विगत 4 वर्षों का लेखा-जोखा सदन मे प्रस्तुत करना चाहिए। इसके पूर्व के विधानसभा सत्रों में सरकार के कतिपय विभागों के भ्रष्टाचार के बारे में जो सवाल मैंने उठाया था और जिसके बारे में विधानसभा अध्यक्ष ने जाँच का निर्देश दिया था वे सभी के सभी सवाल अनुत्तरित हैं। मैं उनका जवाब सरकार से मांगूंगा। झारखंड की पंचम विधानसभा का यह अंतिम बजट सत्र है। इसके वित्तीय स्थिति का खुलासा मुख्यमंत्री को करना चाहिए।

## भारतीय जनतंत्र मोर्चा की 200 लोगों ने ली सदस्यता : तिवारी




खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भारतीय जनतंत्र मोर्चा के एक दिवसीय कार्यकर्ता सह सदस्यता अभियान कार्यक्रम में रविवार को 200 से अधिक महिलाओं और नये सदस्यों ने सदस्यता ग्रहण किया। इस अवसर पर केन्द्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी ने सभी नये सदस्यों का मार्गदर्शन और उनका उत्साहवर्द्धन किया। उन्होंने बताया कि कैसे आप निडर होकर आगे आये और लीडर बनें। उन्होंने बताया कि आपलोग अपने अपने क्षेत्र में लोगों से संपर्क करें। समस्याओं को चिन्हित कर उसका निदान समाधान के लिए सम्मिलित प्रयास करें। केन्द्रीय उपध्यक्ष पंचानन सिंह ने लोगों को बताया कि सरयू राय जो भारतीय जनतंत्र मोर्चा के मुख्य संरक्षक हैं, उनके साथ जुड़ें हैं। जिन्होंने भ्रष्टाचार से कभी समझौता नहीं किया। केन्द्रीय महासचिव निशि पांडेय ने नये सदस्यों को स्वागत किया। केन्द्रीय उपाध्यक्ष मुकेश पांडेय ने लोगों को बधाई दी। कार्यक्रम का संचालन केन्द्रीय महासचिव आशीष शीतल मुंडा ने किया।

कार्यक्रम में मीर अशरार संजू, वक्तावर खान, मो नियामतुल्ला खान सज्जाद, मो फिरोज खान, संतोष सोनी, अनिता शर्मा, भवानी मिश्रा, उषा सिंह, मंटू सिंह, रीना शर्मा, मो अमन, सुरेन्द्र कुमार, संतोष कुमार, रंजिता कुमारी, नेपाल सिंह मुंडा, मुस्ताक अहमद, साहिद अकतर, शम्स तबरेज, सद्दाम हुसैन, शहरूख हुसैन, आरिज जमाली, मो रब्बानी, मो मेहताब, मो इंम्तियाज, मो मंजर, मो मोजाहिद, मो महमुद आदि अपनी बातो को रखा। धन्यवाद ज्ञापन अभिषेक चौबे जी ने किया।

---

**पिछले 9 वर्षों से गृह जिला जाने के इंतजार में हैं शिक्षक-शिक्षिका**

# पहेली बनकर रह गयी प्रदेश के प्रारंभिक शिक्षकों की अंतर जिला स्थानांतरण प्रक्रिया

### ऑनलाइन शिक्षक ट्रांसफर पोर्टल में व्यापक त्रुटि

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ झारखंड प्रदेश मुख्य प्रवक्ता नसीम अहमद ने कहा कि राज्य के प्राथमिक और मध्य विद्यालय के शिक्षकों के लिए अंतर जिला स्थानांतरण एक पहेली बनकर रह गयी है। पिछले 9 वर्षों से शिक्षक टकटकी भरी आस लगाए हैं। शिक्षकों का कहना है कि नियमानुसार तीन वर्षों के सेवाकाल के बाद अंतर जिला स्थानांतरण का है। परंतु शिक्षकों के लिए यह सपना ही रह गया। ऑनलाइन शिक्षक ट्रांसफर पोर्टल में व्यापक त्रुटि है। पिछले दो वर्षों से इस पोर्टल पर कार्य हो रहा है, बावजूद अभी भी त्रुटियां दूर नहीं हुई है। इस कारण शिक्षा विभाग के प्रति शिक्षकों में व्याप्त आक्रोश है। शिक्षकों को भय है कि आगामी लोकसभा चुनाव की घोषणा कभी भी हो सकती है। चुनाव आचार संहिता के कारण अंतर जिला स्थानांतरण फिर लटक जाएगा।

मालूम हो कि स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा पिछले वर्ष जुलाई में इसकी प्रक्रिया पूरी करने के लिए चार से पांच बार तिथि बढ़ाई गई। उसके बाद भी मात्र चार जिलों को छोड़ बीस जिलों ने तय समय पर प्रक्रिया पूरी नहीं की। प्राथमिक शिक्षा निदेशालय द्वारा इस संबंध में पिछला पत्र 5 सितम्बर को जारी किया गया था, जिसमें सभी जिलों को 20 दिसंबर तक जिला स्थापना समिति की बैठक कर अनुशंसा प्राथमिक शिक्षा निदेशालय को उपलब्ध कराने को कहा गया था। कुछ जिलों के द्वारा निदेशालय को 20 दिसंबर तक जिला स्थापना कर अनुशंसा उपलब्ध नहीं कराई गई। इस कारण इसकी प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी। राज्य में शिक्षकों के स्थानांतरण के लिए आवेदन जमा की प्रक्रिया 29 जुलाई से शुरू हुई थी। विभाग द्वारा जारी पहले पत्र के अनुरूप 19 अगस्त का आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि निर्धारित की गई थी। जुलाई में जारी पत्र के अनुरूप 15 अक्टूबर तक स्थानांतरण की प्रक्रिया पूरी होनी थी। इसके आवेदन जमा करने की तिथि 9 सितंबर तक बढ़ा दी गई, जबकि शिक्षकों के स्थानांतरण की प्रक्रिया पूरी करने के लिए 5 नवंबर अंतिम तिथि निर्धारित की गई। इसके अनुरूप भी स्थानांतरण की प्रक्रिया पूरी नहीं की जा सकी। इसके बाद भी शिक्षा विभाग में तीसरी बार आवेदन जमा करने की तिथि बढ़ाई गयी। नवंबर तक इसकी प्रक्रिया पूरी करने को कहा गया। इसके बाद भी जिलों को 20 दिसंबर तक इस प्रक्रिया को पूरी करने को कहा गया। अब फरवरी माह समाप्त होने पर है परंतु अंतर जिला स्थानांतरण की कोई खोज खबर नहीं है। आक्रोश व्यक्त करने वाले धीरज कुमार, सुनील कुमार, राममूर्ति ठाकुर, नसीम अहमद, असदुल्लाह, अनूप केशरी, दीपक दता, हरेकृष्ण चौधरी, बाल्मिकी कुमार, अनिल कुमार सिंह, राकेश कुमार, राजीव लोचन सिंह, अजय ज्ञानी आदि हैं।

---

**संबंधित जिलों के डीसी और डीएसइ को सौंपा ज्ञापन**

# गलत तरीके से ग्रेड-7 दी जा रही प्रोन्नति पर रोक लगाने की मांग

खबर मन्त्र ब्यूरो

**शिक्षकों की प्रमुख मांगें**

- न्यायिक प्रक्रियाधीन विषय पर न्यायालय से कम से कम अंतरिम रूप से जबतक कोई निर्णय नहीं आता है, तब तक प्रोन्नति प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ायी जाये।
- एनसीटीई से मार्गदर्शन प्राप्त कर राज्य में शिक्षकों के प्रोन्नति में सभी के लिए टेट उत्तीर्ण होने की अनिवार्यता पर शीघ्र ठोस निर्णय लिया जाए तभी पद प्रोन्नति दी जाये।
- नई प्रोन्नति नियमावली को विभिन्न सुझावों के आलोक में अंतिम रूप दिया जाये, तभी नियम सम्मत सभी जिलों में गुणवत्ता शिक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से प्रोन्नति दिया जाये।
- और यदि विभाग 1993 प्रोन्नति नियमावली के अंतर्गत ही प्रोन्नति देना चाहती है, तो फिर उसमें वर्णित प्रावधानों के अनुसार सीधी नियुक्ति से नियुक्त और 8 वर्षो से अधिक समय से ग्रेड 4 में कार्यरत शिक्षकों को वरीयता सूची में सम्मिलित किया जाये।

**रांची।** झारखंड प्रगतिशील शिक्षक संघ ने राज्य के विभिन्न जिलों के डीसी एवं डीएसई को ज्ञापन सौंप कर गलत तरीके से दी जा रही ग्रेड 7 प्रोन्नति पर रोक लगाने का आग्रह किया है। इस संबंध में संघ के प्रदेश महासचिव बलजीत सिंह ने कहा कि एक तरफ नई प्रोन्नति नियमावली के प्रारूप पर सभी से आपत्ति मांगी गई थी। उसका निराकरण करते हुए नई प्रोन्नति नियमावली बननी है और दूसरी तरफ उक्त नियमावली में कुछ प्रावधानों की प्रत्याशा में ही सीधी नियुक्ति से नियुक्त शिक्षकों को वरीयता सूची से बाहर करते हुए प्रोन्नति देने की प्रक्रिया जिलों के द्वारा किया जा रहा है। विभाग इस पर चुप्पी साधे हुए हैं। शिक्षक संघ इसका विरोध करता है।

वहीं, प्रदेश अध्यक्ष आनंद किशोर साहू ने बताया कि वर्तमान में विभिन्न जिलों द्वारा विसंगति एवं भेदभाव पूर्ण तरीके से प्रोन्नति के लिए प्रकाशित वरीयता सूची के विरूद्ध उच्च न्यायालय में तीन रीट याचिका दायर है। पहले से ही आपसी वरीयता निर्धारण को लेकर खंडपीठ के समक्ष एलपीए दायर है। ऐसे में न्यायालय में मामले विचाराधीन के बावजूद भी आनन फानन में किसी तरह एक समूह को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से प्रोन्नति देना पूर्णतः अन्यायपूर्ण है।

# हमने जो जिंदगी में कमाया है उसे आजसू पार्टी को बढ़ाने में खपायेंगे : जितेन्द्र सिंह

## जितेन्द्र सिंह जो भी कहते हैं वह दिल छू लेने वाला : सुदेश



आजसू पार्टी के केन्द्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा कि समाजसेवी जितेन्द्र सिंह जो कुछ बोलते और करते हैं वह दिल से करते हैं। श्री सिंह रोजा हो या पूजा दोनों समारोह में उपलब्ध रहते हैं। जितेन्द्र सिंह शहर के वैसे लोगों को अपनी सेवा प्रदान की जो समाज के अंतिम पंक्ति में खड़ा होता है। इसका जीता जागता सबूत है अरगोड़ा मैदान का आजसू पार्टी मिलन समारोह कार्यक्रम। जहां हजारों की संख्या में पुरुष महिलाएं उपस्थित होकर आजसू पार्टी को मजबूती प्रदान कर रहे हैं। श्री महतो ने कहा कि जितेन्द्र सिंह एक कर्मठ और जुझारु व्यक्ति हैं। इन्होंने शहर को अपने तरीके से सही कुछ दिया। शहर में खासतौर पर शिक्षा, चिकित्सा और नौकरी के लिए लोग आते हैं। ऐसे एक-एक लोगों के साथ उनके पीछे पूरा परिवार शहर आता है। जिन्हें देखते सुनने के लिए शायद कोई होता है। जितेन्द्र सिंह ने शिक्षा के क्षेत्र में कईयों को निःशुल्क अवसर दिया। बहुतों को रोजगार से जोड़कर रखे हुए हैं। इनकी सेवा ही चिकित्सा है। इन्होंने अपनी भूत, वर्तमान और भविष्य तीनों दौर की बात कही। यह बहुत कम लोग होते हैं जो बेबाकी से सबकुछ कह डालते हैं। इन्होंने अपनी जीवन गाथा बताया। अभाव की बात, लोगों ने जो सहयोग किया तथा उसके बाद की सफलता का जिक्र किया। सभी में इनकी इमानदारी झलका। ऐसे लोग राजनीति जीवन में भी सार्थक होते हैं।



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** जाने-माने समाजसेवी और हटिया विधानसभा के निर्दलीय प्रत्याशी रहे जितेन्द्र सिंह अपने हजारों समर्थकों के साथ रविवार को आजसू पार्टी में शामिल हुए। राजधानी रांची के अरगोड़ा मैदान में आयोजित आजसू पार्टी के मिलन समारोह में आजसू पार्टी के केन्द्रीय अध्यक्ष और पूर्व उप मुख्यमंत्री सुदेश कुमार महतो ने जितेन्द्र सिंह को माला पहनाकर पार्टी में स्वागत किया। ज्वाइनिंग के दौरान जितेन्द्र सिंह ने दिल से बातें कहीं। उन्होंने वही बोला जो अपने जीवन में करते रहे हैं।

उन्होंने अरगोड़ा मैदान में उपस्थित अपने हजारों समर्थकों संबोधित करते हुए कहा कि हमने जो जिंदगी में कमाया है, उसे आजसू पार्टी को बढ़ाने में खपा देंगे। इसमें किसी को कोई शक नहीं होना चाहिए। इस समारोह में मेरे साथ मेरी पत्नी और दोनों मेरे बेटे भी हैं। इन सभी को साक्षी बनाते हुए कह रहा हूं। मैं खुद इष्टदेव सूर्य भगवान का भक्त हूं। मैंने अपने जीवन में जो कुछ कमाया या आगे बढ़ा हूं, इसमें उन सभी का योगदान है जिन्होंने मेहनत मजदूरी करते हुए मुझे साथ दिया। उनका सहयोग भूला नहीं सकता। अब हमारी बारी है उनके लिए कुछ करुं। राजनीति में आने का मकसद आजसू पार्टी को मजबूत बनाना है। हमारी कंपनी जेके इंटरनेशनल ग्रुप ऑफ कंपनी को आजसू पार्टी के लिए समर्पित कर देंगे। उन्होंने यह भी कहा कि अगले छह महीने में 60 हजार लोगों को रोजगार देंगे। आजसू सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो झारखंड के मुख्यमंत्री बनेंगे तभी राज्य की दशा और दिशा बदलेगी।

## वर्षों तक सुदेश महतो जी को समझा-परखा, फिर अपनाया

**साफ-सुथरी राजनीति करने के लिए जाने जाते हैं सुदेश महतोः जीतेंद्र**



समाजसेवी जितेन्द्र सिंह ने कहा कि साल 2000 से लेकर 2023 तक आजसू सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो को जाना-समझा। उनके क्रियाकलापों को देखा। सुदेश महतो झारखंड राज्य के आइडियल हैं। इन्होंने सिल्ली विधानसभा को विकास के मामले में मॉडल विधानसभा बनाया। इनके कुशल प्रशासनिक क्षमता को देखा। इन्होंने थानों में जनता के लिए स्वागत कक्ष बनवाया। खेल मंत्री रहते हुए तथा बाद में अभी तक अनगिनत गोल्ड मेडल झारखंड के नाम दिलाने में कामयाबी पायी। तीरंदाजी में सुदेश कुमार महतो जी और उनकी पत्नी नेहा महतो जी की बदौलत कई बेटियां गोल्ड मेडल जीत कर झारखंड का नाम देश विदेश में रौशन किया। सुदेश महतो जी साफ-सुथरी राजनीति करने के लिए जाने जाते हैं। राजनीतिक जीवन में इनके खिलाफ कोई आरोप नहीं है। इनकी बेदाग छवि और विकास पुरुष होना मुझे प्रभावित किया। इन वजहों से हमने आजसू पार्टी की सदस्यता ली। मुझे विश्वास है सुदेश कुमार महतो जी झारखंड का नेतृत्व करेंगे। मुख्यमंत्री बनकर राज्य के पिछड़ेपन की दुर्दशा को समाप्त करेंगे और राज्य को देश के अगली पंक्ति में खड़ा करेंगे।

## समर्थकों से खचाखच भरा था मैदान

अरगोड़ा मैदान जितेन्द्र सिंह के आजसू पार्टी में शामिल होने के समारोह में खचाखच भरा था। हजारों की संख्या में जितेन्द्र सिंह के समर्थक राजधानी रांची महानगर और आसपास तथा अगल-बगल के जिलों से आये हुए थे। पुरुष-महिलाएं बड़ी संख्या में पहुंचे थे। सभी के हाथों में सुदेश कुमार महतो और जितेन्द्र सिंह के कटआउट था। सभी में उत्साह और जोश देखते बन रही थी। सुदेश कुमार महतो, जितेन्द्र भईया जिंदाबाद के नारे लगते रहे।



## होर्डिंग और बैनर से था पटा पूरा शहर

जितेन्द्र सिंह के आजसू पार्टी में शामिल होने के उपलक्ष्य में शहर में होर्डिंग और बैनर लगा था। इसमें जितेन्द्र सिंह और आजसू पार्टी के केन्द्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो की तस्वीर प्रमुखता से हर जगह थी।



रातू रोड, हरमू रोड, अरगोड़ा, अशोक नगर, मेन रोड, अलबर्ट एक्का चौक, कांके रोड, रिंग रोड दलादिली समेत कई स्थानों पर होर्डिंग और बैनर यह बता रहा था कि आजसू पार्टी में जितेन्द्र सिंह शामिल हो रहे हैं।

## शहर में निकाला मोटरसाइकिल जुलूस

राजधानी में जितेन्द्र सिंह के समर्थकों ने मोटरसाइकिल जुलूस निकालकर आजसू पार्टी के समर्थन में लहर बनाने का काम किया। रातू रोड, कांके रोड, बरियातू रोड, हरमू रोड, दलादिली रिंग रोड, अरगोड़ा रोड़ सहित अन्य हिस्सों से मोटरसाइकिल जुलूस निकला। जुलूस में झंडे और प्रत्येक मोटरसाइकिल पर दो लोग सवार होकर नारेबाजी करते हुए अरगोड़ा मैदान पहुंचे। इसके अलावा स्कूल बसों और अन्य चार पहिया वाहनों से हजारों लोग शहर के वार्ड, गांव और जिलों से पहुंचे।



**महिला ने भी थानेदार पर लगाये गंभीर आरोप**

# वसूली में नपे सुखदेव नगर थाना प्रभारी, लाइन हाजिर

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** सुखदेव नगर थाना प्रभारी को अवैध वसूली के आरोप में एसएसपी ने लाइन हाजिर कर दिया है। थानेदार के खिलाफ अधिकारियों ने जांच की तो जांच सत्य पाया गया। गौरतलब हो कि थानेदार से पुलिस लाइन से गाड़ी मंगवा कर बालू गाड़ी और अन्य गाड़ियों से वसूली और अवैध धंधे में लिप्त लोगों के साथ बैठक करना भी उन्हें भारी पड़ गया।

इधर, एक महिला द्वारा सुखदेव नगर थाना प्रभारी गंभीर पर आरोप लगाये जाने के बाद एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने विभागीय कार्रवााई व जांच का आदेश दिया है। बता दें कि एक महिला ने शनिवार देर शाम आत्महत्या की कोशिश की थी। महिला ने एक सुसाइड नोट भी लिखा है। जिसमें उसने सुखदेवनगर थाना प्रभारी रमाकांत ओझा पर गंभीर आरोप लगाये हैं। पीड़ित महिला का कहना है कि थानेदार ने कमरे में महिला को अकेले बुलाने का दबाव डाला है। जबरन पासपोर्ट, मोबाइल और शादी का एल्बम को जब्त कर रखा है। इसके अलावा एक खाली पेपर में हस्ताक्षर भी करवा लिया है।

महिला ने नोट में लिखा है कि जांच के नाम पर जबरन थानेदार मुझे घर से थाना ले गए। सादा पेपर में हस्ताक्षर नहीं करने पर रातभर थाना में रखने और झूठे केस में फंसाने की धमकी दी। अकेले मिलने से मेरे मना करने पर जबरन घसीट कर उठाने की बात कही। इस मामले में कई लोगों का मोबाइल वापस कर दिया गया, लेकिन मेरा पासपोर्ट, मोबाइल और फोटो को बिना कारण थाना प्रभारी ने रखा है। मुझसे दोस्ती करने को दबाव दिया जा रहा है। पीड़ित महिला ने कहा कि यह प्रशासन की नाकामी है कि एक औरत की बेबसी का फायदा कैसे उठाया जा सकता है। मैं यह बेइज्जती और सहन नहीं कर सकती। मेरा किसी से कोई रिश्ता नहीं है। यह आत्महत्या नहीं मेरा कत्ल है। सबको सजा दो।

## परिवारवाद, वंशवाद व भ्रष्टाचार की बातें करना बीजेपी के लिए शोभनीय नहीं : सोनाल शांति

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता सोनाल शांति ने कहा है कि परिवारवाद, वंशवाद, भ्रष्टाचार की बातें भाजपा नेताओं के मुंह से शोभनीय नहीं लगती। इन मुद्दों पर बात करने से पहले प्रधानमंत्री और गृह मंत्री को अपने दल के अंदर झांक लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार में डूबी और भ्रष्टाचारी नेताओं को संरक्षण देने वाली भाजपा आज सुचिता की बात कर रही है जो हास्यास्पद है। पूरे देश में जिन जिन कांग्रेस नेताओं पर भाजपा ने भ्रष्टाचार में लिप्त होने का आरोप लगाया बाद में उन्हें अपनी पार्टी में शामिल कर सांसद और विधायक का टिकट देकर साफ सुथरा घोषित कर दिया। भाजपा के सिर्फ 9 वर्षों के शासनकाल में पूरे देश के हर जिले में भाजपा का हाईटेक कार्यालय बनकर तैयार है। भ्रष्टाचार का इससे बड़ा नमूना और कहीं नहीं मिल सकता। भ्रष्ट तरीके से पैसे कमाने के लिए ही भाजपा ने पीएम केयर फंड और इलेक्ट्रोल बांड का सहारा लिया ताकि इनके जरिए कमाए पैसों का हिसाब जनता को ना देना पड़े।

## जातीय जनगणना का राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा ने किया स्वागत

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड प्रदेश में जातीय जनगणना के निर्णय को राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा स्वागत करता है तथा इसके लिए राष्ट्रीय स्तर पर पहल करने वाले राहुल गांधी एवं पूर्व सीएम हेमंत सोरेन, सीएम चंपई सोरेन एवं तेजस्वी यादव के प्रति आभार व्यक्त करता है। उपरोक्त बातें राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता कही। श्री गुप्ता ने कहा कि देश और राज्य में जातीय जनगणना करने के लिए राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा लंबे समय से आंदोलनरत है। श्री गुप्ता ने कहा कि 7 फरवरी को राहुल गांधी रांची आए थे तो उन्होंने राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया था। राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा ने ओबीसी का आरक्षण जनसंख्या अनुपात में करने एवं राज्य में स्वतंत्र ओबीसी मंत्रालय गठन करने की मांग प्रमुखता से की थी।

# जाति, संप्रदाय से ऊपर उठकर हमें एक होना होगा : मिथिलेश

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में रह रहे सभी संप्रदाय के लोग जो मिथिलांचल से हैं, वे सभी मैथिली हैं। जाति, संप्रदाय से ऊपर उठकर हमें एक होना होगा तभी हम एक मजबूत शक्ति बनकर उभरेंगे। ये बातें रविवार को मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने झारखंड मिथिला मंच के कैलेंडर सह पंचांग विमोचन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि मैं मिथिला मंच के कार्यक्रम में एक स्वयंसेवक के रूप में मौजूद हूं। इस मौके पर वरिष्ठ चिकित्सक आरसी झा, वरिष्ठ पत्रकार विजय पाठक, कोलकाता पब्लिक स्कूल के संस्थापक प्रभाष झा, रेरा के अध्यक्ष आरके चौधरी, सीआरपीएफ कोबरा के कमांडेंट रवि शंकर मिश्रा और मिथिलेश मिश्रा आदि उपस्थित थे।



**खबर एक नजर में**

### धारदार हथियार से युवक पर हमला, गंभीर

**रांची।** रांची के कांके में युवक पर धारदार हथियार से हमला किया गया है। इसमें वह बुरी तरह से घायल हो गया। घटना रविवार शाम कांके थाना क्षेत्र के सुकुरहपू स्थित सरदार ढाबा के पास की है। यहां धारदार हथियार से मारकर तावड़े नाम के युवक को गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। घायल का अस्पताल में इलाज चल रहा है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है।

### महिला पुलिस अधिकारियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम

**रांची।** रांची के होटवार स्थित अनुसंधान प्रशिक्षण विद्यालय में सोमवार से महिला पुलिस अधिकारियों और पुलिसकर्मियों को चार सप्ताह का प्रशिक्षण दिलाया जायेगा। यह प्रशिक्षण महिलाओं व बच्चों के विरुद्ध होने वाले यौन अपराध से संबंधित अनुसंधान में सहयोग के लिए करवाया जा रहा है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का रविवार को उद्घाटन हुआ। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि न्यायाधीश एसएन प्रसाद थे। इसके अलावा कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि डीजीपी अजय कुमार सिंह और सीआईडी डीजी अनुराग गुप्ता मौके पर उपस्थित रहे।

### राजस्पा रांची महानगर अध्यक्ष बने सियाराम

**रांची।** राष्ट्रीय जनसंघर्ष स्वराज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बिरेन्द्र कुमार जायसवाल ने चुटिया निवासी सियाराम यादव को रांची महानगर ओबीस मोर्चा के अध्यक्ष पद तत्काल प्रभाव से मनोनित किया है। श्री जायसवाल ने पार्टी के महानगर अध्यक्ष बनाये जाने के बाद निर्देश दिया है कि आप अपने कुशल नेतृत्व का परिचय देते हुए अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी पूर्वक करेंगे और पार्टी की नीति सिद्धांतों को जनता के बीच प्रचार-प्रसार कर ओबीसी समाज के लोगों को अधिक से अधिक जोड़कर संगठन को मजबूत करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभायेंगे। डॉ सेवक कुमार शर्मा, रामचन्द्र साहु, निपू सिंह, मनोहर महतो, अंशु कुमारी, निशा महतो, इंदर चौधरी, विक्रम राय, कमला पंडित, सिंकंदर कच्छप, प्रदीप संगा, समीम अंसारी, बिक्रम कुमार सिंह, सुंदर तांती, मनोहर महतो आदि ने बधाई दी है।

**जमीन की अवैध ढंग से खरीद मामले में हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी को कांग्रेस नेता ने बताया गलत**

# भाजपा नेताओं का आदिवासियों की जमीन पर अवैध कब्जा लेकिन बाबूलाल मरांडी ने सिल रखें हैं अपने होठः बंधु तिर्की

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** जमीन की अवैध ढंग से खरीद मामले में हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी को कांग्रेस नेता सह राज्य सरकार के समन्वय समिति के सदस्य बंधु तिर्की ने गलत बताया है। उन्होंने कहा कि ईडी अब तक मामले में कोर्ट में कोई ठोस सबूत प्रस्तुत नहीं कर सकी है। इस दौरान उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि रांची में जमीन से जुड़े ऐसे कई मामले में जिसपर भाजपा के लोग चुप्पी साधे हैं, जबकि कई जमीन के मामलों में भाजपा के लोगों की संलिप्तता है।

कांग्रेस नेता बंधु तिर्की ने कहा



कि रांची में जमीन के ऐसे सैकड़ों मामले हैं जिसमें गैर आदिवासी, भू-माफिया, भाजपा नेता और उद्योगपतियों ने आदिवासियों की धार्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक महत्व वाली भूमि पर कब्जा जमाए रखा है, लेकिन भाजपा के लोगों का ध्यान इस ओर नहीं जा रहा है।

**सीएम से जमीन मामले में कार्रवाई का आग्रह**

बंधु तिर्की ने राज्य के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन से आग्रह करते हुए कहा कि ऐसे भाजपा नेताओं पर कार्रवाई करें, जो आदिवासी जमीन को गलत तरीके से बेचकर अवैध ढंग से धन कमा रहे हैं।

बंधु तिर्की ने भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी पर निशाना साधते हुए कहा कि आदिवासी नेता हेमंत सोरेन को भूईहरी नेचर की जमीन के लिए जेल भेज दिया गया है, लेकिन कई ऐसे भाजपा नेता हैं जो भूइहरी और आदिवासी की जमीन को बेच रहे हैं, लेकिन बाबूलाल मरांडी वैसे भाजपा नेताओं पर कोई भी बयान नहीं देते हैं। बंधु तिर्की ने इस दौरान उदाहरण देते हुए कहा कि चेरी मौजा और पिठौरिया क्षेत्र में कई एकड़ जमीन गायब हो गई। इसके पीछे भाजपा के नेताओं का हाथ है, लेकिन भाजपा के नेता अपने होठ को सिल लिये हैं। उन्होंने कहा कि नामकुम के सदाबहार चौक, रिंग रोड के सिमलिया, इटकी सहित कई क्षेत्रों में भाजपा के नेता खुल्लम-खुल्ला सीएनटी एक्ट का उल्लंघन कर रहे हैं, लेकिन भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी अपने नेताओं के कुकर्मों पर कुछ भी नहीं बोल रहे हैं। उन्होंने भाजपा और बाबूलाल मरांडी पर निशाना साधते हुए कहा कि जितने आक्रमक तरीके से हेमंत सोरेन के मामले पर बाबूलाल मरांडी बोलते दिख रहे हैं, उसी तरह भाजपा नेताओं के द्वारा जमीन कब्जा मामले में भी बीजेपी के शीर्ष नेताओं और बाबूलाल मरांडी को बोलना चाहिए। बंधु तिर्की ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के नेता जिस तरह से विभिन्न मंचों पर जाकर आदिवासियों के हितैषी होने का हवाला देते हैं, उस तरह का भाषण देना बंद करें और अपने नेताओं के के द्वारा कराए जा रहे जमीन के अवैध काम को बंद करवाएं।

# कैंसर पीड़ित मां गिन रही है अंतिम सांस और बेटे की चाईबासा हो गयी पोस्टिंग

**दारोगा का मेडिकल लगा आवेदन अबतक फाइलों में दबा**



**चाईबासा में ब्लड शूगर की बीमारी से ग्रसित एक जमादार ने भी पत्नी की बीमारी को लगायी है गुहार लेकिन आवेदन पर नहीं हुई कोई कार्रवाई**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** रांची में पदस्थापित एक दारोगा की कैंसर पीड़ित मां अब अंतिम सांस ले रही है। वह अपने बेटे का बेसब्री से इंतजार कर रही है। बेटा भी मां के पास या नजदीक के जिले में स्थानांतरण करवाने के लिए आवेदन दिया है। लेकिन दारोगा का मेडिकल लगा आवेदन अबतक फाइलों में दबा है। हालांकि, अब उस फाइल की उसको दरकार नहीं है, लेकिन उसने कहा कि वह देवघर जिले का रहनेवाला है और उसका मां का इलाज हो रहा है। डॉक्टर ने जबाब दे दिया है।

अब यह दारोगा अपनी मां के अंतिम समय में उसके साथ रहना चाहता है, लेकिन, हाल में किये गये तीन साल के जिला बदर स्थानांतरण में चाईबासा पोस्टिंग कर दी गयी। अपने स्थानांतरण से संबंधित आवेदन और मां की बीमारी से संबंधित मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर पुलिस मुख्यालय में आवेदन दिया है। जब इस दारोगा ने डीआइजी कार्मिक को अपनी पीड़ा बताई तो कहा गया कि फाइल सीनियर अधिकारियों के पास है। दारोगा इमरान अपने घर का इकलौता पुत्र है। उसे मां की बीमारी में उन्हें उनके साथ रहना चाहिए।

उधर, चाईबासा में एक जमादार ब्लड शूगर की बीमारी से ग्रसित है। उनकी सेवानृवित्ति का समय मात्र डेढ़ साल बचा है। उनकी पत्नी को भी अस्थमा और ब्लड प्रेशर की बीमारी है। जमादार ने इस संबंध में कार्मिक विभाग को आवेदन दिया है। आवेदन में तबादले का आधार बीमारी से ग्रसित बताया गया है। फिर, भी उनका स्थानांतरण नहीं हो पाया है।

## आज का राशिफल
**19 फरवरी 2024**

**विक्रम संवत** 2080, **शक संवत** 1945। **ऋतु** : शिशिर। **सूर्य** उत्तरायण। **मास** : माघ, **पक्ष** : शुक्ल, **तिथि** : दशमी 08:51 बजे समाप्त। **नक्षत्र** : मृगशीर्ष 10:33 बजे समाप्त। **योग** : विष्कुंभ 12:01 बजे समाप्त। **करण** : गर 08.51 बजे तक, तदनंतर वणिज 21:20 बजे समाप्त। **सूर्य** : कुंभ राशि में। **चंद्रमा** : मिथुन राशि में दिन-रात। **दिशाशूल** : पूर्व।

**मेष** : सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते हैं। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा।

**वृष** : मनोविनोद बढ़ेंगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ होगा और पुराने मित्रों से समागम। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेंगी। व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा।

**मिथुन** : व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। व्ययकारक स्थितियां पैदा होंगी।

**कर्क** : आध्यात्मिक रुचि बनेगी। प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच अप्रत्याशित विघ्न पैदा होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी।

**सिंह** : स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे।

**कन्या** : आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। शनैः-शनैः स्थिति पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी।

**तुला** : स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रहे। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है।

**वृश्चिक** : आवेश में आना आपके हित में नहीं होगा, इसलिए व्यवहार व वाणी पर नियंत्रण रखें। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी।

**धनु** : धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी। रुका हुआ लाभ प्राप्त हो सकता है। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी।

**मकर** : लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कामकाज की व्यस्तता बढ़ेगी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी। हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे।

**कुंभ** : कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी।

**मीन** : ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। जो चल रहा है, उसे सावधानीपूर्वक संभालें।

# जो समाज को समय देगा, वही समाज का काम कर सकता है : श्रवण गुप्ता

## रांची जिला रौनियार वैश्य सभा के नवनियुक्त पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण संपन्न

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** रांची जिला रौनियार वैश्य सभा के नवनियुक्त पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह एनआईबीएम कोचिंग सेंटर में रविवार को हुआ। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में अखिल भारतीय रौनियार वैश्य सभा के अध्यक्ष श्रवण प्रसाद गुप्ता उपस्थित थे।

इनके अलावा झारखंड प्रदेश रोनियर वैश्य सभा के अध्यक्ष सुखदेव प्रसाद गुप्ता, झारखंड प्रदेश की युवा अध्यक्ष संतोष प्रसाद गुप्ता, अखिल भारतीय महासभा के उपाध्यक्ष वीरेंद्र प्रसाद गुप्ता, अखिल भारतीय महासभा के सहायक मंत्री अजय प्रसाद गुप्ता उपस्थित थे। सभी रांची जिला के नवनियुक्त अध्यक्ष शंभू प्रसाद गुप्ता, महासचिव अशोक कुमार गुप्ता, कोषाध्यक्ष बिहारी लाल गुप्ता, संगठन मंत्री राजेंद्र रौनियार एवं उनकी टीम को शपथ दिलाया गया। शपथ ग्रहण समारोह में नए पदाधिकारियों का मुख्य चुनाव पदाधिकारी एवं उनकी टीम को संविधान के अनुरूप शपथ दिलायी गयी।

मौके पर अखिल भारतीय रौनियार महासभा के अध्यक्ष ने कहा कि रांची जिले की टीम को नई ऊंचाई की ओर ले जाने की जरूरत है। समाज के सबसे नीचे तबके के लोगों को उनका हक और अधिकार दिलाने के लिए दिन-रात मेहनत करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि समाज का वही व्यक्ति काम कर सकता है, जो समाज को समय दे सके। अपना धन दे सके और आलोचक के पात्र होने के बावजूद भी अपने काम को लक्ष्य की प्राप्ति की ओर ले जाने में सक्षम हो। इन्हीं मंत्र के साथ कोई भी व्यक्ति आगे समाज को ले जा सकता है। इस अवसर पर युवा अध्यक्ष के रूप में राजीव कुमार गुप्ता चुने गये। वहीं, रांची जिला के लिए महामंत्री के रूप में संतोष कुमार गुप्ता को चुना गया।

उपस्थित सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों का राष्ट्रीय अध्यक्ष, प्रदेश अध्यक्ष, मुख्य चुनाव पदाधिकारी ने शॉल और अंग वस्त्रदेकर सम्मानित किया। नवनियुक्त कमेटी के सभी पदाधिकारी शपथ लेने के साथ एक स्वर में जिले को आगे ले जाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर मुख्य संरक्षक डॉ विजय राज ने सभी को समाज को आगे ले जाने के लिए प्रेरित किया। रांची जिले के विभिन्न निकायों से आए तमाम अध्यक्ष, सचिव एवं पदाधिकारियों के बीच एनआईबीएम के निदेशक मनोज कुमार गुप्ता की सराहनीय भूमिका रही है। इनके अलावा राधे श्याम प्रसाद गुप्ता, संजय कुमार गुप्ता, शिवपूजन साहू, राजेंद्र प्रसाद गुप्ता, शंभू प्रसाद गुप्ता, अरविंद कुमार गुप्ता, उपाध्यक्ष के रूप में सुरेश प्रसाद साहू, मनोज गुप्ता, संयुक्त सचिव के रूप में सुरेंद्र प्रसाद गुप्ता, मनीष कुमार गुप्ता, प्रेम कुमार गुप्ता, सह संगठन मंत्री के रूप में रविंद्र प्रसाद गुप्ता, अंकेक्षक के रूप में प्रकाश कुमार गुप्ता, मीडिया प्रभारी ग्रुप में शंकर प्रसाद गुप्ता, प्रदीप कुमार गुप्ता आदि उपस्थित थे।

## राजधानी में एजुकेशनल एसोसिएट मीट का आयोजन



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** धनलक्ष्मी श्रीनिवासन यूनिवर्सिटी, तिरुचिरापल्ली द्वारा रविवार शाम लालपुर स्थित होटल रेनडिउ में एक एजुकेशनल एसोसिएट मीट का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राजधानी रांची के विभिन्न स्कूलों के शिक्षक, प्रतिनिधि, कोचिंग संस्थानों के संस्थापक, करियर सलाहकार एवं एजुकेशनल कंसलटेंट उपस्थित हुए। कार्यक्रम में यूनिवर्सिटी के डीन इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, डॉ संजय सिंह एवं डायरेक्ट ऐडमिशन, सतीश कुमार ने कहा कि यूनिवर्सिटी के छात्रों के प्लेसमेंट के लिए काफी ध्यान दिया जाता है ताकि छात्रों को अच्छे पेकेज पर जॉब मिल सके। ज्ञात हो कि यूनिवर्सिटी में मैनेजमेंट, इंजीनियरिंग, मेडिकल, लॉ, नर्सिंग, आर्किटे^ र, इत्यादि कई क्षेत्रों में कोर्सेज कराये जाते हैं।

डॉ संजय कुमार ने बताया कि झारखंड एवं बिहार के मेधावी छात्रों के लिए यूनिवर्सिटी की फीस में 50 प्रतिशत की स्कॉलरशिप दी जा रही है और बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के अंतर्गत लड़कियों को अतिरिक्त 10 प्रतिशत की स्कॉलरशिप भी दी जा रही है।

ज्ञातव्य है कि धनलक्ष्मी श्रीनिवासन ग्रुप आफ इंस्टीट्यूशंस तमिलनाडु के कुछ प्रमुख शहरों में वर्ष 1999 से सफलतापूर्वक चल रहे हैं और उक्त यूनिवर्सिटी को यूजीसी का अप्रूवल सन 2019 से मिला है। यूनिवर्सिटी में चलाए जा रहे सभी कोर्स संबंधित काउंसिल्स से मान्यता प्राप्त हैं। कार्यक्रम में मंच संचालन करियर सलाहकार डॉ एस एस सिंह ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन संस्था के प्रतिनिधि पलानी अप्पन ने किया। इस मौके पर गौरव राजपूत, मो वसीम अहमद मौजूद थे।

## तमाड़ के कोठीडीह में किसान गोष्ठी आयोजित

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**रांची।** तमाड़ प्रखंड के कोठीडीह ग्राम में रविवार को इफको ने तरल नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी प्रयोग आधारित एक किसान गोष्ठी का आयोजन किया। इसमें ग्राम के लगभग 100 महिला एवं पुरुष किसानों ने भाग लिया।

इस बैठक में इफको के प्रबंधक चंदन कुमार द्वारा तरल नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी के लाभ तथा दानेदार डीएपी यूरिया के प्रयोग से होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में विशेष चर्चा की गयी। ग्राम के किसानों को सब्जी फसलों में नैनो उर्वरकों के प्रयोग से मिलने वाले लाभ के बारे में विशेष रूप से जानकारी दी गयी और उन्हें प्रोत्साहित किया गया कि कम खर्च कर अधिक लाभ प्राप्त करने के लिए नैनो उर्वरकों का प्रयोग करें। इनके प्रयोग से न केवल गुणवत्तायुक्त अधिक उत्पादन प्राप्त होता है, बल्कि मिट्टी भी खराब नहीं होती है और फसलों में कीट व्याधि का प्रकोप भी नहीं होता है। फसलों का जीवन काल भी बढ़ जाता है।

इस अवसर पर गांव के दो प्रगतिशील किसान, जो अपने करेला और भिंडी फसलों में नैनो यूरिया का प्रयोग कर जो लाभ प्राप्त किया, उस अनुभव को उपस्थित सभी किसानों के साथ साझा किया। किसानों को नैनो उर्वरकों के स्प्रे के लिए एक बैट्री चालित नैपसैक स्प्रे मशीन भी निःशुल्क दी गयी।

## प्रभारी वीसी, प्रो वीसी के भरोसे कई विवि : सांवरमल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** विनोबा भावे विश्वविद्यालय सिंडिकेट के पूर्व सदस्य सांवरमल अग्रवाल ने कहा है कि राज्य की विश्वविद्यालयों में कुलपति प्रति कुलपति, कुल सचिव, परीक्षा नियंत्रक सहित प्रशासनिक पदाधिकारी के पद पिछले लगभग 1 वर्ष से खाली पड़े हैं। इन सभी पद प्रभारी के भरोसे विश्वविद्यालय चल रहे हैं। उच्च शिक्षा में गिरावट दिनों दिन हो रही है।

उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय में शैक्षणिक वातावरण समाप्त हो रहा है। प्रभारी के भरोसे भ्रष्टाचार तथा लूट का बाजार गर्म है। उन्होंने कहा कि विनोबा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग के कुलपति, प्रति कुलपति का पद लगभग 1 वर्ष से अधिक समय से प्रभार में चल रहा है। यहां के कुल सचिव, परीक्षा नियंत्रक का पद भी 6 माह से अधिक समय से प्रभारी चला रहे हैं। धनबाद की कोयलांचल विश्वविद्यालय के कुलपति का कार्य भी प्रभारी कुलपति के हवाले हैं। दुमका के सिद्धू कानू विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर के पद पर सात आठ माह से प्रभारी कुलपति ही कार्य कर रहे हैं। प्रभारी कुलपति, प्रति कुलपति कुल सचिव कोई नीतिगत फैसला नियम के तहत नहीं ले सकतें हैं। स्थाई प्रशासनिक पदाधिकारी के अभाव में छात्र-छात्राओं को होने वाले परेशानियों का निदान नहीं मिल पा रहा है।इन विश्वविद्यालय में निचले स्तर के प्रशासनिक कार्य देखने वाले लोग की चांदी है।

उल्लेखनीय है कि विश्वविद्यालय प्रशासन का संचालन एवं उसे पर निगरानी रखने के लिए झारखंड राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम 2000 के तहत सिंडिकेट, सीनेट का गठन काफी समय से सरकार द्वारा नहीं किया गया। यह उल्लेखनीय है कि जिन विश्वविद्यालय में कुलपति एवं प्रति कुलपति के पद रिक्त है उन पदों पर नियुक्ति के लिए झारखंड राज भवन के द्वारा सर्च कमेटी का गठन किए जाने की सूचना है। गठित समिति द्वारा अभ्यर्थियों से आवेदन मांगे गए और अभ्यर्थियों द्वारा प्राप्त आवेदनों एउपरांत साक्षात्कार के बाद नियुक्ति के लिये पैनल तैयार करके राज भवन को दिये जाने की बात कहीं जा रही है, लेकिन, इस नियुक्ति प्रतिक्रिया के खिलाफ झारखंड उच्च न्यायालय में दायर याचिका के कारण राज भवन द्वारा नियुक्ति प्रतिक्रिया को रद्द कर दिया गया बहाली का। मामला खटाई में पड़ गया।

यहां यह उल्लेखनीय है कि वर्ष 2024 चुनाव का वर्ष इस दौरान राज्य में आचार संहिता लागू रहने वाली है ऐसी स्थिति में रिक्त पड़े कुलपति एवं प्रति कुलपति के पदों पर नियुक्ति कब हो पायेगी।

## डॉ लाल्स और सेवा ने किया चिकित्सा शिविर का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** राजधानी रांची से सटे झालदा में रविवार को सेवा और रांची के सुप्रसिद्ध अस्पताल डॉ लाल्स के तत्वावधान में एकदिवसीय चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इसमें डॉ लाल्स अस्पताल रांची द्वारा डॉ समित लाल (नाक कान एवं गला विशेषज्ञ), डॉ रोहित लाल (हड्डी एवं नस रोग विशेषज्ञ), डॉ निखिल मिंज (इएनटी), डॉ शाब्दिका लाल (स्त्री रोग विशेषज्ञ), डॉ श्वेता लाल (स्त्री रोग विशेषज्ञ) सहित कई चिकित्सकों ने अपनी सहभागिता निभायी।

इस चिकित्सा शिविर में लगभग 250-300 मरीजों का निःशुल्क इलाज किया गया। लाल अस्पताल के तरफ से मरीजों को मुफ्त दवा के वितरण की व्यवस्था की गयी थी। इलाज के बाद मुफ्त दवाएं लेकर मरीजों ने आयोजनकर्ता के प्रति कृतज्ञता जतायी। मरीजों ने कहा कि आज के समय में जब बड़े-बड़े अस्पताल गरीबों की पहुंच से बाहर हैं, तब ऐसे में इस तरह के शिविर से गरीब मरीजों का कल्याण होता है। साथ ही, प्रूडेंट पैथलैब की तरफ से मुफ्त जांच की व्यवस्था की गयी थी।

इस शिविर में उच्च स्तरीय कुछ विशेष जांचों में भारी छूट दी गयी। सेवा संस्था द्वारा समय-समय पर निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाता है। खासकर, ग्रामीण क्षेत्रों की मरीजों को ऐसे शिविर से काफी लाभ मिलता है।

## ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि ने किया मेला का आयोजन

**रांची।** ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय ने रविवार को ज्योर्तिलिंगम त्रिदिवसीय मेला का आयोजन किया गया है। दीप प्रज्चलित कर कार्यक्रम का उदघाटन करते हुए शिवचरण विजय, पूर्व अधिकारी मेकॉन ने कहा एक ही यात्रा से 12 तीर्थ यात्राओं के पुण्यफल की सहज प्राप्ति करने के लिए इस अध्यात्मिक मेले में अवश्य आना चाहिए। शिव को उच्च वरदान देने वाले हैं। इसी भावना को लेकर शिव पर जल चढ़ाते हैं और उनकी पूजा करते हैं। परंतु जीवन भर रोज शिव की पूजा करते रहने पर तथा हर वर्ष श्रद्धापूर्वक शिवरात्रि पर जागरण, व्रत इत्यादि करने पर भी और संताप क्यों नहीं मिटते, उसे मुक्ति और शक्ति क्यों नहीं प्राप्त होता मनुष्य के पाप ना ही उसे राज्य भाग्य का अमर वरदान मिलता। आखिर शिव को प्रसन्न करने सहज विधि क्या है। इसके लिए हमें अपने मनोविकारों को दग्ध करने की आवश्यकता है।

## वीसी व शिक्षकों के खाली पड़े पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया अविलंब शुरू हो : आजसू

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** छात्र आजसू के रांची विश्वविद्यालय अध्यक्ष अभिषेक शुक्ला कहा कि पूरे राज्य में शैक्षणिक व्यवस्था की स्थिति दयनीय है। छात्र आजसू राज भवन एवं राज्य सरकार से यह जानना चाहती है की ऐसी क्या मजबूरी है कि कुलपति नियुक्ति की प्रक्रिया बीच में ही रोक दी गई? कुलपति नियुक्ति प्रक्रिया का विज्ञापन निकालने के 9 महीने बाद भी राज्य के ज्यादातर विश्वविद्यालय में अभी तक कुलपति या प्रति कुलपति की नियुक्ति नहीं हुई है ? कुलपति नियुक्ति नहीं होने के कारण आए दिन राज्य के विश्वविद्यालयों में अनेक प्रकार की परेशानियों से विश्वविद्यालय एवं वहां के छात्र-छात्राओं को रूबरू होना पड़ रहा है।

अभिषेक शुक्ला ने कहा कि 2007 के बाद से ही राज्य में विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय में शिक्षकों की स्थाई नियुक्ति नहीं हुई है। राज्य के 90 प्रतिशत महाविद्यालय अस्थाई प्रभारी प्राचार्य के भरोसे चल रहे हैं इसी से ही आकलन किया जा सकता है कि राज्य की शिक्षा व्यवस्था की वर्तमान में स्थिति कैसी है। उन्होंने कहा रांची विश्वविद्यालय में लगभग 1000 अध्यापकों के स्वीकृत पद है, जिसमें से लगभग 700 पद अभी भी खाली पड़े हुए हैं । शिक्षकों की कमी होने के कारण आए दिन रांची विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं को परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसका सीधा असर उनकी पढ़ाई पर पड़ता है। बार-बार नियुक्ति प्रक्रिया निकाल कर उसे स्थगित करना या रद्द करना कहीं न कहीं राज्य सरकार की कार्यशैली पर प्रश्न चिन्ह लगता दिखता है। अभिषेक ने कहा कि अगर जल्द ही राज्य सरकार एवं राज भवन इन सभी मामलों पर सकारात्मक पहल नहीं करती है, तो छात्र आजसू चरणबद्ध आंदोलन करेगा।

## खबर एक नजर में

### रातू रोड दुर्गा मंदिर का वार्षिकोत्सव शुरू पहले दिन निकली भव्य शोभायात्रा



**रांची।** रातू रोड स्थित दुर्गा मंदिर का 37वां वार्षिकोत्सव रविवार से शुरू हुआ। दो दिवसीय इस उत्सव के पहले दिन मंदिर परिसर से गाजे-बाजे के साथ भव्य कलश शोभा यात्रा निकाली गई। जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं व श्रद्धालु शामिल हुए। मंदिर परिसर से यात्रा रानी सती मंदिर पहुंची,यहां से पवित्र जल कलश में भर कर पहाड़ी मंदिर रोड़,गाड़ीखाना चौक, जेजे रोड, शहीद चौक से मुड़कर गांधी चौक, महावीर चौक के रास्ते न्यू मार्केट चौक, रातू रोड होते हुए वापस मंदिर लौटी। इसके बाद कलश को मंदिर में स्थापित किया गया। इसके बाद प्रसाद का वितरण किया गया। इस मौके पर आरआर स्पोटिंग क्लब के मुख्य संरक्षक विक्की यादव,अध्यक्ष राहुल यादव, कोषाध्यक्ष रोहित यादव, पूर्व पार्षद अशोक यादव, अजय कुमार सिन्हा टुनटुन समेत क्लब के सदस्य शोभा यात्रा का अगुवाई कर रहे थे।

### बाल संगम सरस्वती पूजा समिति ने मनायी वर्षगांठ



**रांची।** बाल संगम सरस्वती पूजा ओसीसी ने रविवार को 53वीं वर्षगांठ मनायी। मौके पर नित्य प्रतियोगिता, शंखनाद प्रतियोगिता और चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गयी। लगभग 83 बच्चों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया। जिसमें नृत्य प्रतियोगिता में आराध्या वर्मा विजेता रही। सभी प्रतिभागियों को अध्यक्ष अमित कुमार, मुख्य संरक्षक रमेश सिंह, राजेंद्र सिंह, मुनचुन राय, कुमार आजमानी ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

## मोबाइल रिटेलर्स एसोसिएशन झारखंड चैप्टर के एजीएम में चुनौतियों पर हुई चर्चा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** ऑल इंडिया मोबाइल रिटेलर्स एसोसिएशन झारखंड चैप्टर ने सैमसंग, ओप्पो, एमआई और रियलमी सहित प्रमुख मोबाइल ब्रांडों के प्रमुख अधिकारियों के साथ रविवार को बैक-टू-बैक बैठकें आयोजित कीं। इसके पूर्व 17 फरवरी को भी इन ब्रांडों के संबंधित कार्यालयों में आयोजित बैठकों के दौरान मोबाइल खुदरा उद्योग से संबंधित महत्वपूर्ण चैलेंज, पहल और भविष्य की योजनाओं पर चर्चा हुई। रविवार को ऐमरा झारखंड की वार्षिक आम बैठक (एजीएम) में मोबाइल खुदरा विक्रेताओं के सामने आने वाली चुनौतियों पर चर्चा करने और प्रभावी समाधान तलाशने के लिए राज्य भर के प्रमुख रिटेलरों को एक साथ लाया गया। ऐमरा के संस्थापक अध्यक्ष कैलाश लख्यानी और राष्ट्रीय महासचिव नवनीत पाठक सहित अन्य ने इसमें अहम रोल अदा किया। श्री लख्यानी और श्री पाठक ने मीडिया से इस संबंध में जानकारी साझा करते कहा कि ऐमरा ने केंद्र सरकार को एक ज्ञापन सौंपा है। पोको, और अन्य के विशेष उत्पादों से संबंधित मुद्दों के समाधान के लिए भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग से संपर्क किया है। ब्रांडों और सरकारी प्रतिनिधियों के साथ जीएसटी के संबंध में प्रश्न और स्पष्टीकरण भी उठाए गए हैं। ऐमरा झारखंड द्वारा उजागर की गई प्रमुख चिंताओं में से एक अपग्रेड ऑफर के माध्यम से ग्राहक डेटा का समझौता है। जहां ब्रांड विदेशी सर्वर पर संवेदनशील जानकारी संग्रहित करते हैं। इससे दुरुपयोग की आशंका रहती है।

एसोसिएशन ने इस बात पर जोर दिया कि उपभोक्ताओं की गोपनीयता का उल्लंघन किया जा रहा है, खासकर प्री-बुकिंग ऑफर की आड़ में, जो ग्राहक सुरक्षा के लिए जोखिम पैदा करता है। विशेष रूप से ग्रे मार्केट के माध्यम से बेचे जा रहे वनप्लस स्टॉक के मुद्दों को संबोधित करते हुए ऐमरा ने सरकार को लिखा है और संबंधित अधिकारियों को टैग करते हुए उसी के बारे में ट्वीट किया है।

## खुंटकट्टी पाहन बदलने का विरोध

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** झारखंड पाहन महासंघ ने रांची के पिठोरिया स्थित सूतियाम्बे में कुछ आसामाजिक तत्वों और अन्य धर्म समुदाय के तथाकथित लोगों द्वारा वहां के खुंटकट्टी पाहन अरविंद पाहन को बदलने काम करते हुए उनकी जगह पर प्रदीप मुंडा को फर्जी पाहन बना कर उस क्षेत्र में अपना वर्चस्व कायम करने का प्रयास किया है। जिसका झारखंड पाहन महासंघ ने घोर विरोध किया है और कहा है कि मुंडा मानकी स्वशासन व्यवस्था के अंतर्गत खुंटकट्टी पाहन बदली का कोई परंपरा या कोई रिवाज नहीं है। खुंटकट्टी पाहन पीढ़ी दर पीढ़ी अपने ही खूंट में चलता है। क्योंकि पहनाई कोई पद नहीं, बल्कि यह एक परंपरा है। जिसे उसी खूंट द्वारा पूजा पद्धति निरंतर किया जाता है।

इसके बावजूद यहां जानबूझकर आदिवासियों की जगह जमीन और उसकी धर्म संस्कृति परम्परा को छीनने के लिए आदिवासियों को एक मोहरे की तरह इस्तेमाल किया जाता रहा है। पिठोरिया के अरविंद पाहन को हटाकर जबरदस्ती प्रदीप मुंडा को फर्जी पाहन बना कर उस जगह पर अतिक्रमण करना चाहते हैं। जिसके खिलाफ झारखंड पाहन महासंघ ने कानूनी कार्रवाई करने की बात कही है। नेताओं ने कहा है कि यह कोई सरकारी मामला नहीं है कि कोई भी किसी का चुनाव करके उसे पाहन नियुक्त कर दे। नेताओं ने कहा है कि ऐसे मामलों के खिलाफ अब झारखंड पाहन महासंघ सीधा करवाई पर उतरेगा। बैठक में पाहन महासंघ की ओर से जगदीश पाहन, हलधर चंदन पाहन, विजय पाहन, अरविन्द पाहन, जगलाल पाहन सहित पूरे समाज के लोग शामिल थे।

### ऑल इंडिया जमीयतुल कुरैशी संस्थान ने पूरे किये सौ साल



**रांची।** ऑल इंडिया जमीयतुल कुरैशी संस्थान का रविवार को अपना 100 वां वार्षिक उत्सव अंजुमन प्लाजा सभागार में मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता झारखंड प्रदेश जमीयतुल कुरैशी के अध्यक्ष कुरैशी ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत मोटर साइकिल रैली से हुई। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ऑल इंडिया इस्लामिक कल्चर सेंटर के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ सिराजुद्दीन कुरैशी थे।

### श्री कृष्ण प्रणामी अन्नापूर्णा भंडारे का आयोजन



**रांची।** श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट एवं स्वामी सदानंद प्रणामी चैरिटेबल ट्रस्ट के सयुंक्त तत्वाधान मे रविवार 136 वां नि:शुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नापूर्णा भंडारे का वितरण किया गया। आश्रम के प्रांगण में लगभग 1100 से ज्यादा श्रद्धालुओ, राहगीरों, दिव्यांगों एव प्रभुजी निराश्रित लोगों के बीच महाप्रसाद के भंडारे के प्रसाद का वितरण किया गया। मौके पर संस्था के अध्यक्ष डूंगरमल अग्रवाल ,उपाध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल,गोविन्द अग्रवाल,अंकित अग्रवाल, विकास अग्रवाल पुर्णमल सर्राफ, बिष्णु सोनी,विशाल जालान,सुरेश अग्रवाल,शिव भगवान अग्रवाल,ओमप्रकाश सरावगी,धीरज गुप्ता,चन्द्रदिप साहु, परमेश्वर साहु महिला समिति की ललिता अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

स्पीड न्यूज

## इटकी : स्कूल से 13 वर्षीय छात्र लापता



इटकी। इटकी थाना क्षेत्र के कुर्गी गांव स्थित 21 पढ़हा उच्च विद्यालय से अमर उरांव नामक एक 13 वर्षीय छात्र लापता हो गया है। छात्र के गुमसूदगी को लेकर विद्यालय के शिक्षक दिनेश उरांव द्वारा इटकी थाना में एक सन्हा दर्ज कराया गया है। दर्ज सन्हा के अनुसार अमर उरांव बेड़ो थाना क्षेत्र के लमकाना गांव निवासी बुधराम उरांव का पुत्र है। वह कुर्गी के 21 पढ़हा उच्च विद्यालय के छात्रावास में रह कर पढ़ाई करता है। वह शुक्रवार की सुबह सात बजे विद्यालय से कहीं चला गया है। जिसका अब तक पता नहीं चल सका है। काफी खोज बीन के बाद भी उसका कहीं सुराग नहीं मिला। वह नेवी ब्लू हाफ जैकेट और लाल रंग का फूल शर्ट पहने हुए है। इटकी थाना इंचार्ज प्रशिक्षु डिएसपी दुसरू बान सिंह ने लापता छात्र के संबंध में पता चलने पर इटकी थाना को सूचित करने की अपील की है ।

## नगड़ी के चार मंदिरों में चोरी, धराया चोर स्कूटी जब्त

पिस्कानगड़ी। नगड़ी में शनिवार रात एक साथ दुर्गा मंदिर सहित आसपास स्थित अन्य चार मंदिरो में चोरी की घटना हुई। चोर मंदिरो की घंटी और त्रिशूल को निकाल के ले गए। एक साथ पांच मंदिरों में हुई चोरी की घटना तेजी से क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गई। तभी दोपहर में एक युवक देवरी में कबाड़ी वाले के पास स्कुटी के डिक्की में चोरी का घंटी और त्रिशूल को बेचने के लिए पहुंचा। तब कबाड़ी दुकानदार ने उस युवक को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। युवक की पहचान नगड़ी निवासी विनित राम के रूप में हुई। नगड़ी पुलिस ने चोरी के समान के साथ स्कूटी भी जब्त कर लिया।

## मोबाइल पर कॉल कर हैकर ने खाते से कर ली रुपये की निकासी

ओरमांझी। हैकर द्वारा मोबाइल पर कोल कर रुपए उड़ा लेने का एक मामला थाना में दर्ज हुआ है। विकास निवासी प्रवीण कुमार का नेवरी शाख के आईओ बैंक में खाता है। हैकर नें उसके मोबाइल पर कोल किया और एंकाउंट चेक करने को कहा। वह अपना एकाउंट चेक कर ही रहा था, तभी हैकर द्वारा उसके खाते से लगभ 30 हजार रुपए उड़ा लिया गया। मामला दर्ज होने के बाद मेसरा टीओपी प्रभारी सुमित सिंह द्वारा हैकर का पता लगाने का प्रयास की जा रही है।

# युवाओं को बर्बाद कर रहा दारू-हड़िया

## कुंदी गांव में नशाखोरी पर पूर्ण प्रतिबंध

खबर मन्त्र संवाददाता

इटकी। इटकी प्रखंड के कुंदी गांव को नशामुक्त बनाने को लेकर रविवार को ग्रामीणों की एक बैठक सरना समिति कुंदी के अध्यक्ष अजय मिंज की अध्यक्षता में हुई। बैठक में युवाओं में बढ़ती नशाखोरी की रोकथाम के लिये ग्रामीणों ने एक स्वर में कहा कि कुंदी गांव में आज से शराब बनाना व नशाखोरी पूर्ण रूप से प्रतिबंध रहेगा। बैठक में चामू उरांव ने कहा कि दारू हड़िया व नशाखोरी समाज के युवाओं का जीवन बर्बाद कर रहा है। बच्चे शिक्षा से दूर हो रहे हैं। अभिभावक अपने बच्चों को पढ़ायें शिक्षित बनायें। शिक्षा से ही समाज मे बदलाव आयेगा और एक बेहतर समाज का निर्माण होगा। बैठक में सर्वसम्मति से एक कमेटी का गठन किया गया है, जो नशाखोरी की रोकथाम के लिए ग्रामीणों को जागरूक करेगा। संचालन डब्बू उरांव ने किया। बैठक में राजन केरकेट्टा, सोमरा पहान, विकास पहान, जगदीश गोप, अजय केरकेट्टा, अमित तिग्गा, रतनू तिग्गा, जातरू कच्छप, एतवा केरकेट्टा, रोशन कच्छप, लक्ष्मण मिंज सहित ग्रामीण मौजूद थे।



## तमाड़ में 26 एकड़ में लगा अफीम नष्ट

तमाड़। सशस्त्र सीमा बल 26 वीं वाहीनी के कमांडेट एसडी शेरखानी के निर्देश पर रविवार को सी समवाय बासुकोचाए ई समवाय डुगरडीह और जी समवाय तमाड़ के द्वारा विशेष आप्स दस्ता निकाला गया। संयुक्त दस्ता की अगुवाई एसएसबी के सहायक कमांडेंट सौमेन गोराईए सहायक कमांडेंट अजीत कुमार उपाध्यायए सहायक कमांडेंट सिद्धार्थ आर ने किया। इस दौरान मल्हान भुइयांडीह के आसपास क्षेत्र में अफीम की 26 एकड़ अफीम की खेती को नष्ट किया। मौके पर मौजूद लोगों को गाजरए टमाटरए हरी मिर्च सहित अन्य खाद्य सामग्री की खेती करने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही बताया गया की सशस्त्र सीमा बल के द्वारा रोजगार से संबंधित प्रशिक्षण भी दिया जाता है। छापामारी दल में तमाड़ थाना के उपनिरीक्षक सिरिल सांगा सहित दर्जनों जवान शामिल थे।

# दो घरों पर पत्थरबाजी, महिला घायल



खबर मन्त्र संवाददाता

पिस्कानगड़ी। नगड़ी के देवरी स्थित प्रखंड कार्यालय के पीछे स्थित मुहल्ला में शनिवार रात दस बजे के आसपास कुछ असमाजिक तत्वों ने दो घरों में पत्थरबाजी की और एक दो राउंड गोली चलाई। गोली के छर्रे लगने से एक महिला सकीना खातून घायल हो गई। पत्थरबाजी से जमील अंसारी और इस्लाम अंसारी के घर के एस्बेस्टस कई जगहों पर टूट गई और पत्थर घरों के अंदर आ के गिरे जिससे दोनों घरों में रह रहे लोग बाल बाल बचे। घटना के संबंध में जमील अंसारी ने बताया कि वे रात में भोजन कर सो रहे थे तभी अचानक घर के बगल में स्थित खेत की ओर से पत्थर चलने लगे जिससे डर कर सभी परिवार के लोग घरों में ही दुबके रहे। उनकी पत्नी सकीना खातून जब बाहर देखने के लिए निकली तो उसके सिर में एक गोली का छर्रा आकर लगा जिससे उसके सिर से खून बहने लगा। जमील अंसारी और इस्लाम अंसारी ने बताया कि अंधेरे में ठीक से पत्थर फेंकने वाले लोगों की पहचान नहीं हो सकी वे दस बारह की संख्या में थे। पत्थरबाजी के बाद उन्होंने गांव के मुखिया बिशु उरांव को इसकी सूचना दी। सूचना पर वे पहुंचे और महिला को मरहम.पट्टी के लिए चिकित्सक के पास ले गए। पत्थरबाजी की घटना से दोनों परिवारों के लोग रात भर डर के साये में रहे।

## शहीद की श्रद्धांजलि सभा में थे मौजूद

सुबह घटना की सूचना मिलने पर ग्रामीण एसपी मनीष टोप्पो और नगड़ी थाना प्रभारी उनके घर पहुंचे और मामले की जानकारी लेते हुए उनकी सुरक्षा के लिए वहां रात्रि में पुलिस गश्ती लगातार करने का आश्वासन दिया। इस संबंध में जमील अंसारी और इस्लाम अंसारी के द्वारा नगड़ी थाने में अज्ञात लोगों के विरुद्ध केस दर्ज कराया गया है।

## उत्क्रमित हाई स्कूल सोंस का ताला तोड़ एमडीएम के चावल की चोरी

खबर मन्त्र संवाददाता

चान्हो। थाना क्षेत्र के सोंस पंचायत अंतर्गत उत्क्रमित हाई स्कूल सोस में शनिवार देर रात अज्ञात चोरों द्वारा भंडार कक्ष का ताला तोड़कर एमडीएम के लिए रखा हुआ 69 बोरी चावल तथा 5 गैस सिलेंडर चोरी कर लिया गया। चान्हो थाना क्षेत्र में इस तरह की चोरी की घटना लगातार बढ़ती जा रही हैए उसपर भी ज्यादातर घटना थाना के निकटवर्ती क्षेत्र एवं इसके आस.पास के क्षेत्रों में हो रही है। मिली जानकारी के अनुसार यह विधालय राष्ट्रीय मार्ग 75 समाने है एवं पुलिस गश्ती लगातार होती रहती है। किन्तु एक भी घटना में किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है।पुलिस पुरे मामले कि जांच मे जुटी है। शिल्पी नेहा तिर्की विधायक घटना स्थल पर पहुंची घटना वारदात स्थल का निरीक्षण कियाए और इस विषय पर थाना के प्रभारी बात की।

विधायक ने मीडिया के माध्यम से लोगो बतलाना चाहा कि जहाँ घटना वारदान स्थल से निशान द्वारा जल्द चोरो की पुस्टि कर ली जायेगी।वही दूसरी ओर चान्हो ब्लॉक परिसर में कर्मचारी एवं प्रखण्ड विकास पदाधिकारी आवास का शिलान्यास विधायक शिल्पी नेहा तिर्की विधिवत नारियल फोड़ कर किया। मौके पर प्रखण्ड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार शिव उराँव इस्तियाक अंसारी इरसाद खान अजित सिंह अब्दुल्ला अंसारी दिलीप सिंह सुजीत सिंह नेपाल उरांव सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## स्कूली बच्चों के आकर्षक नृत्य देख कर मंत्रमुग्ध हो गये दर्शक

### नेचर्स लैप पब्लिक स्कूल में वार्षिकोत्सव




ओरमांझी। नेचर्स लैप पब्लिक स्कूल सिलदिरी ओरमांझी में रविवार को वार्षिक महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। खास कर नन्हे-मुन्हे बच्चों की मनमोहक नृत्य प्रस्तुति पर उपस्थित लोगों ने ताली बजा कर सरहाना की। इससे पूर्व कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि प्रमुख अनुपमा देवी ने किया। उन्होंने कहा विद्यालय के वार्षिक महोत्सव स्कूली बच्चों के लिए काफी महत्वपूर्ण होते हैं। बच्चों के नृत्य की सरहाना करते हुए कहा कि विद्यालय में शिक्षा के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम व अन्य इवेंट से बच्चों में विद्यालय के प्रति उत्साह बना रहता है।

कार्यक्रम में अन्य अतिथियों ने भी संबोधित किया। मौके पर मुख्य रूप से पूर्व प्रमुख जयगोविंद उर्फ लालू साहू, निदेषक नीरू पुष्पा पाहन, प्रचार्य अनिता पाहन, मुखिया धनराज बेदिया, दीपक बड़ाईक, उपमुखिया तीर्थमोहन उरांव, गोविंद लाल गुप्ता, दुलालकांत चौधरी, अमरनाथ चौधरी, उमाशंकर साहू, गीता पाहन सहित विद्यालय के शिक्षक व काफी संख्या में अभिभावक आदि उपस्थित थे।

# अबुआ आवास की सूची में सुधार नहीं हुआ तो होगा आंदोलन : ग्राम प्रधान

खबर मन्त्र संवाददाता

तमाड़। प्रखंड क्षेत्र के ग्राम प्रधानों का बैठक रविवार को प्रभानगर में किया गया। बैठक की अध्यक्षता ग्राम प्रधान मानकी उमाकांत सिंह मुंडा ने किया। संचालन ग्राम प्रधान लक्ष्मण सिंह मुंडा ने किया। बैठक में ग्राम प्रधानों ने कहा की अबुआ आवास में ग्राम सभा एवं पंचायत जनप्रतिनिधियों की अनदेखी और प्रशासनिक पदाधिकारियों की चयन प्रक्रिया में मनमौजी पर आक्रोश व्यक्त किया गया। ग्राम प्रधानों ने कहा कि झारखंड सरकार द्वारा एक ओर अबुआ दिसुम अबुआ राज का लगातार नारा दिया जा रहा है। ग्राम सभा को सशक्त करने के साथ ही पंचायती राज व्यवस्था को मजबूत करने की बात होती है वहीं दूसरी ओर सरकार के मुलाजिम पेसा एक्ट और पंचायती राज व्यवस्था को पूरी तरह ध्वस्त करने में लगे हैं। ग्राम प्रधानों के कहा अबुआ आवास सहित अन्य व्यवस्था में सुधार लाये अन्यथा जोरदार आंदोलन शुरू होगा। बैठक में ग्राम प्रधान मानकी उमाकांत सिंह मुंडा, लक्ष्मण सिंह मुंडा, गंगाधर सिंह मुंडा, नारायण सिंह मुंडा, उदरकांत मुंडा, ठाकुर सिंह मुंडा, दीपाली देवी, अड़की पूर्व जिपस अनुप साहु सहित कई ग्राम प्रधान उपस्थित थे।



## शिक्षक पुत्र के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर बधाई

खलारी। डॉ राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय की टीम ई सेलए पूसा समस्तीपुर ने रचा इतिहासए एडवांस ट्रैक में पूरे देश में दूसरा स्थान हासिल किया। उपलब्धि पर शिक्षक पुत्र के उत्कृष्ट प्रदर्शन से मैक्लुस्कीगंज में हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है।

सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड
एक मिनीरत्न कंपनी
(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक अनुषंगी कंपनी)
सूचना
सामग्री, कार्यों एवं सेवाओं के खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कंपनियों द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इण्डिया लिमिटेड की वेबसाईट www.coalindia.in/ संबंधित अनुषंगी कंपनी (सीसीएल, www.centralcoalfields.in), सीआईएल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://coalindiatenders.nic.in एवं सेन्ट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध हैं। इसके अतिरिक्त जीईएम पोर्टल https://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीद की जाती है।

## रातू : गायत्री नगर में लगे शिविर में 100 लोगों के नेत्र की हुई जांच



खबर मन्त्र संवाददाता

रातू। फुटकलटोली पंचायत के गायत्री नगर पाहनटोली में मां वैष्णव मंदिर परिसर में धनंजय सिंह, संतोष सिंह व प्रिंस दुबे की पहल और सामाजिक संस्था कर्तव्य पथ के संस्थापक मृत्युंजय शर्मा के सौजन्य से महावीर आई हॉस्पिटल की ओर से निरू शुल्क नेत्र जांच शिविर लगाया गया। इसे लेकर ग्रामीण उत्साहित दिखे। डॉ रीना सिंह व डॉ वर्तिका गुप्ता की मदद से एक सौ महिला व पुरुष लाभांवित हुये। इस बीच डॉ गुप्ता ने श्री मृत्युंजय शर्मा की सेवाभाव को सराहा। श्री शर्मा ने कर्तव्य पथ के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में ग्राम स्वराज मंच के अध्यक्ष परशुराम महतो, पंचम महतो, निशांत चौहान, विनय राय व शशिकांत सिंह ने भी अपनी बातें रखी। संचालन स्वास्थ्य कार्यकर्त्ता और समाजसेवी ब्रजेश शर्मा ने किया। जबकि धन्यवाद ज्ञापन भीष्म नारायण सिंह ने दिया।

### इन्होंने निभायी भूमिका

आकाश कुमार गुप्ता, अमरदीप पांडेय, सूरज पांडेय, अनिल सिंह, सागर कुमार, संजय कुमार सिंह, लवकुश सिंह, धनंजय कुमार सिंह, राहुल सिंह राजपूत, श्रीकांत सिंह, मेडिकल टीम के रियाज उल हक, अंकित कुमार मेहता व देवराज महतो आदि।

एक नजर में

## खलारी में ग्रामीणों को बतायी मोदी सरकार की 10 वर्ष की उपलब्धियां



खलारी। खलारी प्रखंड के बूथ नम्बर 56ए57 के गांव चलो अभियान के प्रभारी अनिल कुमार गंझू एव शशि प्रसाद साहू ने पुरनी राय में प्रवास किया। साथ ही बूथ अध्यक्ष रामेश्वर महतो एव सौखी महतो से मिलकर बूथ समिति का सत्यापन कर नए सदस्य को जोड़ा और लाभुक समिति से भी मिला गया। वही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दस साल के कार्यकाल की उपलब्धियों को गांव के टोलों मुहल्लों में घूम घूम कर बताया। नमो एप डाउनलोड कराया गया। साथ ही खिलाड़ीएशिक्षक एव सहिया से मिलकर इस प्रवास के दौरान लोगो की उपलब्धि को जानने का प्रयास किया गया। अबकी बार फिर से मोदी सरकार के नारे को लेकर दीवार लेखन भी किया गया। मौके पर मंडल संयोजक रामसूरत यादवएमंडल अध्यक्ष शैलेंद्र शर्माएविधायक प्रतिनिधि श्याम सुंदर सिंह सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## स्व जगदीश महतो की पुण्यतिथि खेलकूद



ठाकुरगांव। स्व जगदीश महतो की पुण्यतिथि पर उरुगुट्टू बाजारटांड़ में रविवार को खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उदघाटन मुख्य अतिथि पूर्व सांसद रामटहल चौधरी, रांची यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार अमर चौधरी, कांग्रेस नेता सुरेश बैठा, आजसू प्रखंड अध्यक्ष लाल अमन शाहदेव, मुखिया पूजा किस्पोट्टा, पंसस तारा देवी ने किया। मौके पर पूर्व सांसद ने उपस्थित लोगों से सामाजिक कुरीतियों बाल विवाह, नशापान, जुआ, दहेजप्रथा से दूर रहने का आह्वान किया। प्रतियोगिता में लंबी दौड़, ऊंची कूद, जलेबी रेस समेत अन्य खेलों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सभी विजयी प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत भी किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में मनोज महतो, कृष्णा महतो, पिंटू पांडेय, हरिप्रसाद महतो, विजय महतो, मगु महतो, संजय महतो, लाल रणविजय शाहदेव, प्रदीप पांडेय आदि की सराहनीय भूमिका रही।

## सीआरपीएफ ने जब्त किया तीन टन अवैध कोयला

खलारी। डकरा परियोजना अंतर्गत डकरा ओबी डम्प से अवैध रूप से तीन टन जमा कोयला को सीआईएसएफ के क्यूआरटी टीम के दल ने जप्त कर सीसीएल को सुपुर्द किया। जानकरी के अनुसार सीआईएसएफ को मिली गुप्त सूचना के आधार पर डकरा ओबी डम्प से आसपास के ग्रामीणों के द्वारा ओबी डम्प से कोयला चुन कर जमा करके बेचा जाता है। जिसके बाद सीआईएसएफ निरीक्षक स्वाति मैडम के नेतृत्व में क्यूआरटी टीम का गठन किया गया। क्यूआरटी टीम व अन्य छह बल के सदस्य के साथ सीआईएसएफ निरीक्षक के साथ ओबी डम्प के छापामारी अभियान चलाया गया। इस छापामारी अभियान में सीआईएसएफ दल ने ओबी डम्प से चुन कर रखे तीन टन कोयला जप्त कर सीसीएल प्रबंधन को सुपुर्द कर दिया गया। वही इस छापामारी में सीआईएसएफ टीम और ग्रामीण महिलाओ के बीच झड़प होने की सूचना बताया गया।

## बाघवार एकेडमी का मना वार्षिकोत्सव

चान्हो। प्रखण्ड स्थित बाघवार एकेडमी में रविवार को वार्षिक उत्सव मनाया गया। इसमें सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घघाटन विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने दीप प्रज्वलित करके किया। कार्यक्रम मे बच्चों द्वारा अलग अलग गानो पर नृत्य प्रस्तुत किया गया। गानों में ओ माय फ्रेंड गणेशा एकेसरिया रंग एसपने मेरे घूमर-घूमर छम्मक छम्मक दिल में मार्स है। डिंग डांग डिंग डांगए इट्स टाइम टू डिस्को आदि गानों पर जबरदस्त डांस प्रस्तुत किया गया। ड्रामा में मोबाइल फोन एडिक्शन एओल्ड वर्सिज न्यू जेनरेशन अजब डॉक्टर की गजब कहानी आदि प्रमुख रहा।

## लवकुश बने मंच के मंडल अध्यक्ष

### तिलता गायत्री नगर में हिंदू जागरण

**●संगठन की मजबूती पर जोर, धर्म रक्षा की हुई वकालत**



रातू। प्रखंड के तिलता पाहनटोली स्थित गायत्री नगर में हिंदू जागरण मंच की बैठक महानगर इकाई के अध्यक्ष निशांत चौहान की अध्यक्षता में हुई। मंदिर परिसर में आयोजित बैठक के दौरान मंच को मजबूत बनाने, धर्म व संस्कृति की रक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक और आर्थिक विकास के मुद्दे पर चर्चा की गयी। इसके उपरांत मुहल्ले के लवकुश कुमार सर्वसम्मति से मंच के मंडल अध्यक्ष बनाये गये। श्री चौहान ने उन्हें कमेटी का विस्तार और स्थानीय लोगों की मूलभूत समस्याओं का निराकरण करने का निर्देश दिया। इससे पूर्व श्री कुमार का पारंपरिक तरीके से स्वागत किया गया। मौके पर राहुल सिंह राजपूत, सूरज पांडेय, विष्णु चौरसिया, अमरदीप पांडेय, धनंजय कुमार, श्रीकांत त्रिपाठी व प्रिंस दुबे आदि दर्जनों लोग मौजूद थे।

## नगड़ी में शांति समिति की बैठक : आज से खुलेंगी दुकानें

खबर मन्त्र संवाददाता



पिस्कानगड़ी। नगड़ी में शुक्रवार को सरस्वती पूजा विसर्जन जुलूस पर पत्थरबाजी की घटना के बाद दोनों समुदायों के बीच उत्पन्न तनाव को दूर कर आपसी भाईचारा और प्रेम सौहार्दपूर्ण शांति बनाए जाने को लेकर रविवार को नगड़ी थाना परिसर में शांति समिति की बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता एडीएम ला एंड आर्डर राजेश्वर नाथ आलोक ने की वहीं संचालन नगड़ी प्रमुख मदूवा कच्छप ने की। बैठक में सर्वसम्मति से क्षेत्र में हर हाल में शांति व्यवस्था बनाए रखने और दोनों समुदायों के बीच आपसी भाईचारा को बरकरार रखने का निर्णय लिया गया। मौके पर सभी ने घटना में शामिल दोषियों को चिन्हित कर कड़ी कार्रवाई करने का आग्रह पुलिस प्रशासन से की। मौके पर शांति समिति के सदस्यों ने नगड़ी के प्रमुख चौक और जगहों पर सीसीटीवी कैमरा लगाने की मांग की । साथ ही रात्रि में पुलिस बलों की तैनाती अभी बरकरार रखने और क्षेत्र में पुलिस गश्ती बढ़ाने की मांग की गई। बैठक में सर्वसम्मति से सोमवार को 11 बजे सद्भावना मार्च निकालकर लोगों से क्षेत्र में अमन शांति बनाए रखने का आग्रह करने का निर्णय लिया गया। बैठक में पुलिस प्रशासन द्वारा जल्द ही प्रमुख जगहों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने का आश्वासन दिया गया। साथ ही दोनों समुदायों के लोगों से आरोपियों की पहचान कर उन्हें पकड़ने में मदद करने और सोमवार से सभी दुकानें खोलने की अपील की गई।

### मौके पर थे मौजूद

मौके पर सीओ राकेश कुमार श्रीवास्तव डीएसपी अरविंद कुमार डीएसपी राजकुमार यादव प्रशिक्षु उपाधिक्षक अरमान उल हक सहित जिला परिषद सदस्य पूनम देवी उप प्रमुख अफसाना परवीन पसस शीला देवी अनिता देवी गुलरेज अंसारी मुखिया जय गोपाल उरांव सहित शांति समिति के दौलत राम केसरी केदार महतो बजरंग महतो चुडामणी महतो दिलरुबा हुसैन हासिम अंसारी शहीद अहमद दिनेश महतो हेमंत केसरी बालकरण महतो कमलेश केशरी हेमंत केशरी मोबिन अंसारी फिरोज अंसारी अब्दुल गफ्फार विरेन्द्र महतो बिशू कच्छप गिरधारी गोप शफीक अंसारी आदि मौजूद थे।

# लखटकिया चैंपियंस ट्रॉफी पर राज स्पोटर्स बुंड का कब्जा

खबर मन्त्र संवाददाता



सोनाहातू। 11वीं चैम्पियन ट्राफी एक दिवसीय फुटबॉल खेल लखटकिया टूर्नामेंट का खिताब राज स्पोटर्स बुंडू की टीम ने अपने नाम कर लिया। सोनाहातू स्थित थाना मैदान में रविवार को आठ टीमों के बीच खेला गया। संघर्षपूर्ण मुकाबले में राज स्पोटर्स बुंडू की टीम ने ब्लैक टाइगर रांची को 1 गोल से पराजित किया। वहीं टूर्नामेंट में तृतीय डिजिटल सेवा ईचागढ़ ओर चतुर्थ टीम मास्टर इलेवन सिल्ली टीम रही। विजेता टीम को आजसू पार्टी के अध्यक्ष सह विधायक सुदेश महतो ओर पूर्व जिप अध्यक्ष सुकरा मुंडा आदि के द्वारा नगद 1 लाख 31 हजार रुपए व ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया गया। वहींए उपविजेता टीम को ब्लैक टाइगर रांची की टीम को मुखिया संघ के मनोज मुंडा सावना मुंडा विकास मुंडा दीनबंधु मुंडा आदि ने संयुक्त रूप से 81 हजार रुपए व ट्रॉफी दिए गए। इनके अलावा तृतीय व चतुर्थ स्थान रखने वाले दोनों टीमों को नगद 31-31 हजार रुपए व ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया गया। खेल में विजेता टीम के नीरज कुमार को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए। उन्हें भी नगद राशि व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सुनील सिंह पूर्व जिप अध्यक्ष सुकरा मुंडा पूर्व उपाध्यक्ष चितरंजन महतो राम दुर्लभ सिंह मुंडा रमेश सिंह मुंडा संजय सिद्धार्थ सुशील महतो संजय महतो मुखिया सावना महली विकास सिंह मुंडा मनोज सिंह मुंडा विपत भंजन मुंडा अनिता देवी धरनी देवी रायमनी देवी मंच पर उपस्थित थे।

### टूर्नामेंट को सफल बनाने में थे शामिल

टूर्नामेंट को सफल बनाने में आयोजन समिति के वीरेंद्र मुंडा श्याम महतो खंजन महतो अभिमन्यु महतो अभिराम महतो सुषेन प्रमाणिक गन्धर्व महतो मुकेश महतो आदि सदस्यों एवं स्थानीय खेलप्रेमियों का उल्लेखनीय योगदान रहा। मैच में रेफरी धनु नागएकी टीम ने किया। संचालन और कमेंट्री दिनेश प्रामाणिक ने किया।

## ब्राइट फ्यूचर स्कूल का मना वार्षिकोत्सव

चान्हो। प्रखण्ड के टांगर स्थित ब्राइट फ्यूचर स्कूल में वार्षिक महोत्सव मनाया गया। इसमें आकर्षक रंगारंग कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। विद्यालय के बच्चों के द्वारा बहुत ही सुन्दर कार्यक्रम का प्रस्तुतीकरण किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के निदेशक जीतेन्द्र साहू एवं दीपक कुमारए अनिल कुमार एवं सभी शिक्षक शिक्षिकाओं एवं अतिथियों के द्वारा फीता काटकर तथा दीप प्रज्योलित करके किया गया। माता सरस्वती के प्रतिमा पर माल्यार्पण भी किया गया।

# चंदे के धंधे पर नकेल

**देश** की सर्वोच्च अदालत ने महत्वपूर्ण फैसले में चुनावी चंदे में पारदर्शिता लाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाया है। शीर्ष अदालत ने राजनीतिक दलों के लिये चंदा मुहैया कराने वाले इलेक्टोरल बॉन्ड को असंवैधानिक बताते हुए रद्द करने का फैसला सुनाया है। लोकतांत्रिक अधिकारों के संरक्षक के दायित्व को निभाते हुए कोर्ट ने इलेक्टोरल बॉन्ड के तहत मिली राशि को गोपनीय रखने को सूचना के अधिकार कानून का उल्लंघन बताया। शीर्ष अदालत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ इस बात से चिंतित थे कि यदि राजनीतिक दल इसी तरह कंपनियों से गुपचुप चंदा लेते रहे तो कालांतर दान देने वाले कारोबारियों की अनुचित लाभ जुटाने की प्रवृत्ति को भी बढ़ावा मिल सकता है। मुख्य न्यायाधीश का मानना था कि चुनावी प्रक्रिया में काले धन पर काबू पाने के अन्य विकल्पों पर विचार किया जाना चाहिए, इलेक्टोरल बॉन्ड इसका अंतिम उपाय नहीं हो सकता। शीर्ष अदालत के इस फैसले का लोकतंत्र संरक्षण से जुड़ी संस्थाएं स्वागत कर रही हैं और इस फैसले को ऐतिहासिक बता रही हैं। अदालत के फैसले की महत्वपूर्ण बात यह भी कि बैंकों को राजनीतिक दलों को इलेक्टोरल बॉन्ड के तहत मिली राशि की जानकारी देने के भी निर्देश दिए गए हैं। अदालत ने स्टेट बैंक ऑफ इंडिया को निर्देश दिया कि वह चुनाव आयोग को चंदे से जुड़ी जानकारी उपलब्ध कराये। महत्वपूर्ण यह भी कि चुनाव आयोग इस ब्योरे को 31 मार्च तक अपनी वेबसाइट पर आम लोगों के लिये जानकारी के लिये सार्वजनिक करेगा। महत्वपूर्ण बात यह भी है कि चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच सदस्यीय बेच ने सर्वसम्मति से यह फैसला सुनाया। बेंच में मुख्य न्यायाधीश के अलावा न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति बीआर गवई, न्यायमूर्ति जेबी पाडीवाला तथा न्यायमूर्ति मनोज मिश्र शामिल थे। राजनीतिक पंडित व कानूनी विशेषज्ञ मान रहे हैं कि इस फैसले से लोकतांत्रिक प्रक्रिया में पारदर्शिता लाने में मदद मिलेगी। जिसके भारतीय लोकतंत्र पर दीर्घकालीन सकारात्मक प्रभाव होंगे। दरअसल, राजनीतिक दलों को बॉन्ड स्कीम के तहत चंदा मिलने को लेकर देश में लंबे समय से सवाल उठाये जाते रहे हैं। वजह थी कि किस दल को किस व्यक्ति से चंदा मिला है, सार्वजनिक नहीं होता था। यह भी पता नहीं चलता किस व्यक्ति ने बॉन्ड खरीदे हैं और कितने रुपये के बॉन्ड खरीदे हैं। आमतौर पर सत्तारूढ़ दल को इस चंदे का ज्यादा लाभ मिलता रहा है। यही वजह है कि शीर्ष अदालत ने इसे असंवैधानिक कहा और इसे सूचना के अधिकार का अतिक्रमण बताया। साथ ही चिंता यह भी थी कि कहीं बड़ी कंपनियां गुपचुप तरीके से मोटा चंदा देकर कालांतर सरकारों के फैसले को प्रभावित करने के खेल में न लग जाएं। साथ ही अनुचित कार्यों के लिये लाभ उठाने के लिये दबाव बनाएं। राजनीतिक दल यह भी आरोप लगाते रहे हैं कि बैंकों के पास इस बॉन्ड के लेन-देन की पर्याप्त जानकारी होती है, जिसका उपयोग सरकार अपने हित और राजनीतिक लक्ष्यों की पूर्ति के लिये कर सकती है। सूचना अधिकार समर्थक भी इसे अपनी बड़ी जीत बता रहे हैं। जानकार बता रहे हैं कि कोर्ट के इस फैसले का आसन्न आम चुनावों पर खासा असर पड़ सकता है। बहरहाल, इस फैसले के आलोक में इस बात पर विचार करने की जरूरत है कि अन्य स्त्रोतों से राजनीतिक दलों को मिलने वाले चंदे की निगरानी कैसे हो सकती है। सरकार कह सकती है कि इस रोक से देश की चुनावी प्रक्रिया में कालेधन को बढ़ावा मिल सकता है। उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार ने इस योजना की घोषणा वर्ष 2017 में की थी और जनवरी 2018 में इसे लागू भी कर दिया था। इसके अंतर्गत एक हजार से लेकर एक करोड़ मूल्य तक के इलेक्टोरल बॉन्ड खरीदे जा सकते थे। विपक्षी दल इस योजना का ज्यादा लाभ सतारूढ़ दलों को होने की बात कहते रहे हैं।

# बिना गद्दा-चादर के सोना, 24 घंटे में अंजुल भर पानी पीना



**जैन** धर्म के प्रमुख गुरु जैन मुनि विद्यासागर जी महाराज ने 22 साल की उम्र में घर-परिवार छोड़ दी थी। 30 जून 1968 को राजस्थान के अजमेर में अपने गुरु आचार्य श्रीज्ञानसागर जी महाराज से दीक्षा ली थी। दीक्षा के बाद उन्होंने कठोर तपस्या की। आजीवन सांसारिक एवं भौतिक पदार्थों का त्याग कर दिया। वे हर मौसम में बिना चादर, गद्दे, तकिये के शख्त तख्त पर सिर्फ एक करवट में शयन करते थे। मुनि जी दिन भर में सिर्फ एक बार एक अंजुली पानी पीते थे। वे खाने में सीमित मात्रा में सादी दाल और रोटी लेते थे। उन्होंने आजीवन नमक, चीनी, फल, हरी सब्जियां, दूध, दही, सूखे मेव, अंग्रेजी दवाई, तेल, चटाई का त्याग किया। इसके अलावा उन्होंने थूकने का भी त्याग रखा। शनिवार की देर रात उन्होंने प्राण त्याग दिया।

मुनि जी ने पैदल ही पूरे देश में भ्रमण किया। वे कभी भी और कहीं भी यात्रा के लिए निकल पड़ते थे। इसके लिए उन्होंने पहले से योजना नहीं बनायी। वे अक्सर नदी, झील, पहाड़ जैसे प्राकृतिक जगहों पर ठहरते और वहां साधना करते थे। यहीं, आचार्य विद्यासागर महाराज अकेले ऐसे मुनि हैं, जिन्होंने संभवतः पूरे भारत में अकेले सबसे अधिक दीक्षा दी है। उन्होंने 350 से अधिक लोगों को दीक्षा दी है।



- कुमार

आचार्य जी संस्कृत, प्राकृत, हिन्दी, मराठी और कन्नड़ में पारंगत थे। उन्होंने जैन धर्म एवं दर्शन का गहन अध्ययन किया। उन्होंने हिन्दी और संस्कृत में कई ग्रंथ लिखे हैं। 100 से अधिक शोधार्थियों ने उनके कार्य पर ढँऊकिया है। उनके कार्यों में निरंजना शतक, भावना शतक, परीषह जाया शतक, सुनीति शतक और शरमाना शतक शामिल हैं। उन्होंने काव्य मूकमाटी की भी रचना की है।

उनकी तपस्या को देखते हुए श्रीज्ञानसागर जी महाराज ने 22 नवम्बर 1972 को उन्हें आचार्य पद सौंपा था। आचार्य विद्यासागर के पिता का नाम श्री मल्लप्पा था, जो बाद में संन्यास लेकर मुनि मल्लिसागर बने। उनकी माता का नाम श्रीमंती था, जो आगे चलकर संन्यास ले लीं और आर्यिका समयमति बनीं। मुनि उत्कृष्ट सागर जी दिवंगत विद्यासागर जी के बड़े भाई हैं। वहीं, उनके भाई अनंतनाथ और शांतिनाथ ने भी आचार्य विद्यासागर जी से दीक्षा ग्रहण कर लिया है। शांतिनाथ जी अब मुनि योगसागर जी हैं और शांतिनाथ जी अब मुनि समयसागर जी के नाम से जाने जाते हैं। आचार्य विद्यासागर के चार भाई और दो बहने भी थीं। विद्यासागर जी महाराज पूरे भारत के संभवतः ऐसे अकेले आचार्य रहे, जिनका पूरा परिवार संन्यास ले चुका है।

## कई भाषाओं में पारंगत थे :

आचार्य जी संस्कृत, प्राकृत, हिन्दी, मराठी और कन्नड़ में पारंगत थे। उन्होंने जैन धर्म एवं दर्शन का गहन अध्ययन किया। उन्होंने हिन्दी और संस्कृत में कई ग्रंथ लिखे हैं। 100 से अधिक शोधार्थियों ने उनके कार्य पर ढँऊ किया है। उनके कार्यों में निरंजना शतक, भावना शतक, परीषह जाया शतक, सुनीति शतक और शरमाना शतक शामिल हैं। उन्होंने काव्य मूकमाटी की भी रचना की है। इसे कई संस्थानों में स्नातकोत्तर के हिन्दी पाठ्यक्रम में पढ़ाया जाता है। आचार्यश्री ने भारत के पिछड़े बुन्देलखण्ड क्षेत्र में शिक्षा एवं सामाजिक कल्याण हेतु कई कार्यों को बढ़ावा दिया। उनके प्रयासों से इन सूखे इलाके में स्कूलों, अस्पतालों और सामुदायिक केंद्रों की स्थापना हुई। इसके कारण वहां के अनगिनत व्यक्तियों के जीवन में बदलाव आया।

**धन संचय के खिलाफ :** आचार्य विद्यासागर जी धन संचय करने के खिलाफ थे। उन्होंने दान-दक्षिणा में भी कभी किसी से पैसे नहीं लिए। उन्होंने आज तक ना ही कोई बैंक अकाउंट खुलवाया और ना ही कोई ट्रस्ट भी नहीं बनाया। लोगों का तो यहां तक कहना है कि आचार्य ने पैसे को कभी हाथ भी नहीं लगाया। उनके नाम पर यदि कोई दान देता भी था तो उसे वे समाज सेवा के लिए दे देते थे। साल 2023 में छत्तीसगढ़ चुनावों से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राज्य के राजनांदगांव जिले में स्थित प्रसिद्ध तीर्थस्थल डोंगरगढ़ का दौरा किया था। जहां उन्होंने मां बम्लेश्वरी मंदिर में पूजा-अर्चना की थी और जैन मुनि आचार्य विद्यासागर महाराज से के दर्शन किये थे। पीएम मोदी ने आचार्यश्री का चरण छूकर उनसे आशीर्वाद लिया था। इसकी तस्वीरें भी खूब वायरल हुई थीं। **(साभार)**

## खास बात

# पृथ्वी पर इन दस दिनों तक निवास करती हैं गंगा

**जो गंगा** से सौ योजन दूर खड़ा होकर भी गंगा-गंगा का उच्चारण करता है वह सब पापों से मुक्त हो जाता है, गंगा की महिमा अपरम्पार है, भगवान सूर्य गंगा जी से कहते हैं, कि हे जाह्नवि! जो लोग मेरी किरणों से तपे हुए तुम्हारे जल में स्नान करते हैं वे मेरा मण्डल भेदकर मोक्ष को प्राप्त होते हैं। नारद पुराण के अनुसार, जैसे माता के समान कोई गुरु नहीं है, भगवान विष्णु के समान कोई देवता नहीं है तथा गुरु से बढ़कर कोई तत्व नहीं है, उसी प्रकार गंगा के समान कोई तीर्थ नहीं है। गंगा में किया हुआ स्नान महान पुण्यदायक है। कार्तिक और माघ में गंगा का एक हजार स्नान और वैशाख में एक करोड़ नर्मदा स्नान का फल एक बार कुम्भ स्नान के बराबर है। गंगा स्नान भगवान विष्णु का सारूप्य देने वाला होता है। प्रचलित मान्यताओं के अनुसार गंगा में स्नान से माता और पिता की बहुत सी पीढ़ियों का उद्धार होता है। जगत का पालन-पोषण करने वाले भगवान श्री हरि विष्णु गंगा स्नान करने वाले मनुष्य को मनोवांछित फल प्रदान करते हैं क्योंकि भगवान विष्णु ही द्रव्य रूप से गंगा जी के जल हैं, गंगा संसार रूपी रोग को दूर करने वाली और सम्पूर्ण जगत की जननी है। गंगा जी का जल कहीं से लाया गया हो, ठण्डा हो या गरम, वह सेवन करने पर आमरण किए हुए पापों को हर लेता है। यह बासी होने पर भी त्याज्य नहीं है, गंगा जी के गुण अपरम्पार हैं, इसके गुणों का परिमाण बताने की शक्ति किसी में नहीं है। जो व्यक्ति प्रतिदिन गंगा के तट पर रहता है, सदा गंगा जी का जल पीता है वह पुरुष पूर्व संचित पातकों से मुक्त हो जाता है। वर्णन प्राप्त होता है, अगर प्रतिमास की चतुर्दशी और अष्टमी तिथि को सदा गंगाजी के तट पर निवास किया जाए तो वह उत्तम सिद्धि देने वाला होता है। गंगा जी की महत्ता बताते हुए कहा गया है, ते देशास्ते जनपदास्ते शैलास्तेऽपि चाश्रमाः। येषां भागीरथी पुण्या समीपे वर्तते सदा।। वे देश, वे जनपद, वे पर्वत और वे आश्रम धन्य हैं, जिनके समीप सदा पुण्यसलिला भगवती भागीरथी रहती है। यह नराधम पापियों को भी तार देती है। पुराणों के अनुसार देवी रूा में गंगाजी कृष्ण पक्ष में षष्ठी से लेकर अमावस्या तक दस दिन पृथ्वी पर निवास करती हैं। शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से लेकर दस दिन तक वे स्वयं ही पाताल में निवास करती हैं। **(साभार)**

# वो वैज्ञानिक जिसने बदल दिया देश का कैलेंडर

## विचार-प्रवाह

**भारत सरकार** ने 1952 में कैलेंडर रिफॉर्म कमेटी का गठन किया था। इसका अध्यक्ष भारत के एस्ट्रोफिजिक्स वैज्ञानिक मेघनाद साहा को नियुक्त किया गया। इस समिति ने एक कैलेंडर तैयार किया जो शक संवत पर आधारित था, जिसे नेशनल कैलेंडर का दर्जा मिला हुआ है। मेघनाद साहा की पुण्यतिथि (16 फरवरी ) पर जानते हैं उनका देश और दुनिया में योगदान।



भारत के राष्ट्रीय पक्षी, राष्ट्रीय पशु और राष्ट्रीय गीत के बारे में तो हम सभी जानते हैं पर अपने कभी देश के राष्ट्रीय कैलेंडर के बारे में सुना है। आजादी के बाद वैज्ञानिकों की टीम ने नेशनल कैलेंडर तैयार किया था। ये कैलेंडर शक संवत पर आधारित है, जिस समिति ने इसे तैयार किया उसके अध्यक्ष थे दुनियाभर में मशहूर भारतीय वैज्ञानिक मेघनाद साहा। इनकी बनाई साहा इक्वेशन को एस्ट्रोफिजिक्स के इतिहास में 12वां सबसे महत्वपूर्ण मील का पत्थर माना गया। मेघनाद साहा का जन्म 06 अक्टूबर, 1893 को अविभाजित भारत के ढाका जिले (अब बांग्लादेश में) के छोटे से गांव में हुआ था। उनके पिता जगन्नाथ, एक छोटे दुकानदार थे. सामाजिक और आर्थिक हालातों को देखते हुए उनके माता-पिता के पास उन्हें आगे पढ़ाने के लिए न तो साधन थे और न ही रुचि। एक स्थानीय डॉक्टर की मदद से मेघनाद ने आगे की पढ़ाई जारी रखी। वो पढ़ाई में काफी अच्छे थे और इसी के चलते कॉलेज से उन्हें ग्रेजुएशन के लिए स्कॉलरशिप मिल गयी।

मेघनाद साहा एप्लाइड मैथ्स के विशेषज्ञ थे। बीएससी और एमएससी की परीक्षाओं में दूसरे स्थान पर रहे। दोनों मामलों में पहला स्थान सत्येन्द्रनाथ बोस को मिला। वो बोस जो बोस-आइंस्टीन स्टेटिस्टिक्स के लिए प्रसिद्ध हैं। साहा का फिजिक्स फील्ड में आना एक संयोग था। दरअसल, साहा 1916 में यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ साइंस में एप्लाइड मैथ्स विभाग में लेक्चरर के तौर पर आये थे, लेकिन बाद में उनका ट्रांसफर फिजिक्स डिपार्टमेंट में हो गया। यहां पढ़ाते समय उन्होंने साहा इक्वेशन का आइडिया आया। मेघनाद साहा ने बताया था कि एस्ट्रोफिजिक्स की समस्याओं पर सोचते समय, और कॉलेज में थर्मोडायनामिक्स और स्पेक्ट्रोस्कोपी पढ़ाते समय 1919 में उन्हें थ्योरी ऑफ थर्मल आयोनाइजेशन का आइडिया आय।. इसी पर काम करते-करते वो साहा आयोनाइजेशन इक्वेशन पर आये। यह उस समय की एक बड़ी खोज थी। इस इक्वेशन ने तारों से निकलने वाली लाइट और उनके तापमान के बीच संबंध स्थापित किया था।

साहा की राजनीति में आने की एक वजह उनका पंड़ित नेहरू के साथ बढ़ता मनमुटाव बताया जाता है। 1935 से नेहरू और साहा ने कई क्षेत्रों में एक साथ काम किया है। इसमें 1938 में सुभाष चंद्र बोस द्वारा योजना समिति का गठन करना भी शामिल था, जिसमें नेहरू अध्यक्ष थे और साहा को एक महत्वपूर्ण सदस्य बनाया गया, लेकिन प्रधानमंत्री नेहरू के कुछ निर्णयों से वो सहमत नहीं थे, जिसके बाद साहा ने 1952 में राजनीति में एंट्री की। अपने क्षेत्र में साहा सामाजिक काम करते थे, तभी निर्दलीय चुनाव लड़ने के बाद भी वो देश के पहले संसद सत्र में बतौर सांसद हिस्सा बनें।

कैलेंडर में सुधार : भारत में 1752 से ग्रेगोरियन कैलेंडर चल

विवेक जागरण,दिव्यता के प्रस्फुटन व भगवत्प्राप्ति आदि श्रेष्ठ पुरुषार्थों के मूल में सत्संग ही है ।अतः जीवन सिद्धि के लिए सत्संग अबाध रहे।

–अवधेशानंद गिरी, जूना आखड़ा

## आपके ट्वीट

**भारत** जोड़ो न्याय यात्रा का स्वागत किया। भाजपा ने केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग किया है, झारखंड की जनता उन्हें मुंहतोड़ जवाब देगी।आजादी के लिए हमारे पूर्वजों ने लड़ाई लड़ी थी। उनके सपनों को पूरा कर हम लोकतंत्र की रक्षा करेंगे, संविधान को बचाएंगे। **– चंपई सोरेन**





**आदिवासी** समाज के अपने भाई-बहनों के सपनों को पूरा करने के लिए हम कोई कोर-कसर नहीं छोड़ेंगे। आदिवासी कल्याण हमारी प्राथमिकता है। एक छोटे से बैंक लोन के लिए कुछ नहीं था, उनके पास आज मोदी की गारंटी है! **– नरेन्द्र मोदी**

# भारत बंद हमारा अधिकार है या अपराध ?

**आये दिन** कोई न कोई संगठन भारत बंद का आह्वान कर देता है। संयुक्त किसान मोर्चा और अन्य ट्रेड यूनियन ने शुक्रवार को ग्रामीण भारत बंद बुलाया था। पिछले साल भी भारत बंद बुलाया गया था, लेकिन इसको लेकर मन में कई सवाल उठते हैं। सवाल है कि क्या लोगों या किसी संगठन को संविधान यह अधिकार देता है कि वो भारत बंद बुला सके, या फिर यह किसी तरह के अपराध के दायरे में आता है। किन हालातों में एक्शन लिया जा सकता है। इसके बार में विशेषज्ञों की ने सवालों के जवाब दिये। सुप्रीम कोर्ट के एडवोकेट आशीष पांडे कहते हैं, भारत एक लोकतांत्रिक देश है। यहां लोगों को उनकी बात कहने का अधिकार देता है। भारतीय संविधान का आर्टिकल-19 अपने नागरिकों को कई तरह के अधिकार देता है। आर्टिकल 19 (ए) भारतीय नागरिकों को भाषण देने और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार देता है। सेक्शन-बी के तहत लोग शांतिपूर्वक बिना किसी हथियारों के कहीं पर इकट्ठा हो सकते हैं। संविधान में इस तरह की फ्रीडम



दी तो गयी हैं, लेकिन इनके साथ कुछ पॉइंट्स को भी जोड़ा गया है।

संविधान कहता है, देश में शांतिपूर्वक तरीके से भारत बंद करने पर किसी तरह की कोई कार्रवाई नहीं हो सकती, क्योंकि नागरिकों के अपने कुछ अधिकार हैं, लेकिन यही भारत बंद अगर हिंसक होता है, प्रदर्शनकारी पब्लिक प्रॉपर्टी को जलाते हैं, लोगों को नुकसान पहुंचाते हैं, जबदरस्ती डरा धमकाकर लोगों की दुकानों को बंद कराते हैं तो कार्रवाई की जा सकती है।

क्या कहता है कानून : भारतीय संविधान कहता है आप शांतिपूर्वक प्रदर्शन कर सकते हैं, लेकिन इसमें किसी तरह के हथियारों को नहीं ले जा सकते। कानून वहां से लागू होते हैं जब ये आयोजन हिंसक होने लगते हैं। ऐसे में हिंसा के अलग-अलग मामलों में अलग-अलग सजा का प्रावधान है। इसे एक उदाहरण से समझ सकते हैं। मान लीजिए ऐसे आंदोलन या प्रदर्शन हिंसक होते हैं और इसमें शामिल लोग पब्लिक प्रॉपर्टी को नुकसान पहुंचाते हैं तो इससे प्रिवेंशन ऑफ डैमेज ऑफ पब्लिक प्रॉपर्टी एक्ट 1984 से निपटा जाता है। यह कानून कहता है कि अगर कोई सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाएगा तो उसे पांच साल तक की कैद और जुमार्ने से दंडित किया जायेगा। हालांकि, इसको लेकर कानून को और बेहतर बनाने के लिए सुप्रीम कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लेते हुए 2007 में इसके लिए कमेटी बनायी थी। पहली, जस्टिस थॉमस कमेटी और दूसरी नरीमन कमेटी. इन दोनों कमेटियों का मकसद प्रिवेंशन ऑफ डैमेज ऑफ पब्लिक प्रॉपर्टी एक्ट 1984 कानून में बदलाव करना था। हालांकि 2015 में इसमें संशोधन भी हुए थे, लेकिन मामला बहुत प्रभावी नहीं रहा। बाद में दंगे और प्रदर्शन की संख्या बढ़ने पर सुप्रीम कोर्ट ने ट्रिब्यूनल भी बनाने की बात कही थी ताकि पब्लिक प्रॉपर्टी को नुकसान पहुंचाने वाले उपद्रवियों या उस प्रदर्शन के नेता से वसूली की जा सके. हालांकि यह प्रक्रिया अपने अंजाम तक नहीं पहुंच पायी।

इसी तरह जब सीएए को लेकर उत्तर प्रदेश में प्रदर्शन हुए थे तो योगी सरकार इस पर कानून लेकर आयी थी। इसका नाम था उत्तर प्रदेश कम्पनसेशन फॉर डैमेज टू पब्लिक एंड प्राइवेट प्रॉपर्टी एक्ट 2020। यह कानून कहता है कि दंगाइओं से पब्लिक प्रॉपर्टी की भरपाई कराई जायेगी। इस तरह लोकतांत्रिक देश के नाते शांतिपूर्वक प्रदर्शन और भारत बंद तो किया जा सकता है, लेकिन उसके हिंसक होने पर कार्रवाई होगी। **(साभार)**

# कारगर रणनीति से तनाव मुक्त परीक्षा

**सारिका धूपड़**

**परीक्षाएं** शैक्षणिक यात्रा का अभिन्न अंग हैं, जो विभिन्न विषयों में विद्यार्थियों की समझ और प्रवीणता का आकलन करने के लिए बेंचमार्क के रूप में कार्य करती हैं। इम्तिहान महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, इसलिए ये विद्यार्थी के समग्र शैक्षणिक और व्यक्तिगत विकास के लिए आवश्यक हैं। वहीं बच्चे के व्यक्तित्व में आत्म-विश्वास विकसित करने में मदद करते हैं। परीक्षा के समय ज्यादातर छात्र-छात्राएं अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए कड़ी मेहनत करते हैं। जब छात्रों को अच्छे अंक प्राप्त होते हैं, तो इससे उनका आत्म-विश्वास बढ़ता है जो और अधिक मेहनत करने के लिए प्रेरित करता है। परीक्षाएं अनुशासन भी पैदा करती हैं और छात्रों को असल दुनिया में प्रवेश के लिए तैयार करती हैं। इससे समय प्रबंधन और शिक्षा में सुधार होता है, जो जीवन में महत्वपूर्ण हैं।

**प्रमुख वजह असफलता की घबराहट :** परीक्षा तनाव प्राथमिक विद्यालय से विश्वविद्यालय तक सभी उम्र के विद्यार्थियों द्वारा अनुभव की जाने वाली एक सामान्य बात है। इम्तिहान में तनाव का एक प्रमुख कारण असफलता का भय है। हालांकि वे अकादमिक प्रगति का मूल्यांकन करने के लिए डिजाइन किए गए हैं, परीक्षा से जुड़े दबाव अक्सर छात्रों के बीच तनाव के स्तर को बढ़ाते हैं। छात्र अपने लक्ष्यों, माता-पिता की अपेक्षाओं या सामाजिक मानकों को पूरा करने के बारे में चिंतित हो सकते है। सफल होने का दबाव चिंता पैदा करता है, और अच्छा प्रदर्शन करने की क्षमता को प्रभावित करता है। विलंब या समय कुप्रबंधन के कारण अपर्याप्त तैयारी बढ़े हुए तनाव के स्तर में योगदान करती है। ऐसे में परीक्षा की तारीख के करीब आने पर चिंता तेज हो सकती है। अवास्तविक अपेक्षाएं, चाहे वे आत्म-निर्धारित हों या बाह्य, तनाव में वृद्धि कर सकती हैं। उत्कृष्टता और शीर्ष श्रेणियों को प्राप्त करने की इच्छा कभी-कभी एक बोझ बन जाती है, जिससे भावनात्मक तनाव पैदा हो सकता है और मानसिक स्वास्थ्य को नकारात्मक रूप से प्रभावित कर सकता है।

**शारीरिक-मानसिक सेहत पर असर :** दीर्घकालिक तनाव शारीरिक लक्षणों में तेजी से प्रकट होता है, जैसे कि सिरदर्द, थकान, और नींद की समस्याएं। क्रोनिक तनाव प्रतिरक्षा प्रणाली को भी कमजोर कर सकता है, जिससे व्यक्तियों को बीमारियों का जोखिम बढ़ जाता है। परीक्षा का तनाव मानसिक स्वास्थ्य पर भारी पड़ सकता है, जिससे चिंता और अवसाद का स्तर बढ़ सकता है। भावनात्मक संकट छात्र की ध्यान केंद्रित करने की क्षमता को प्रभावित करता है, जिससे खराब शैक्षणिक प्रदर्शन हो सकता है। उच्च स्तर का तनाव संज्ञानात्मक कार्य को खराब कर देता है, जिससे परीक्षा के दौरान स्पष्ट सोचना और याद रखना कठिन हो जाता है। इसका प्रदर्शन पर असर हो सकता है और आत्मविश्वास की कमी हो सकती है। **योजनाबद्ध अध्ययन के लाभ :** अध्ययन कार्यक्रम की योजना बनाना और व्यवस्थित करना तनाव को कम करने में मदद करता है। अध्ययन सत्रों को संविभाजित करना और पूर्व नियोजित समय सारिणी के अनुसार अध्ययन करना अंतिम मिनट के रटने को रोक सकता है और जानकारी को बेहतर याद रखने को बढ़ावा देता है।

**मददगार हैं व्यायाम और आहार :** पर्याप्त नींद, नियमित व्यायाम, और संतुलित आहार समग्र कल्याण में योगदान करते हैं। ये, तनाव को कम करते हैं, और शैक्षणिक दबावों से निपटने की क्षमता बढ़ाते हैं। प्राणायाम, ध्यान व कुछ योगासन छात्रों को तनाव का प्रबंधन करने और परीक्षा के दौरान शांत रहने में मदद करता है। माता-पिता, शिक्षकों या परामर्शदाताओं के साथ चिंताओं को साझा करना और मार्गदर्शन प्राप्त करना परीक्षा तनाव से जुड़े भावनात्मक बोझ को कम करने में मदद करता है।

**(साभार)**

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

स्पीड न्यूज

### रांची में विश्वकर्मा अधिकार रैली संपन्न

**जमशेदपुर।** आज झारखंड राज्य का राजधानी रांची के एतिहासिक मोहराबादी मैदान में पूरे झारखंड प्रदेश के विश्वकर्मा वंशियों की अधिकार रैली सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ विश्वकर्मा भगवान के फोटो पर फूल माला चढ़ाकर और दीप प्रज्वलित कर किया गया। विश्वकर्मा अधिकार रैली में झारखंड के 24 जिलों से लाखों लोग मोहराबादी मैदान में एकत्रित होकर राज्य सरकार से समाज के विकास के लिए आठ सुत्री मांग रखी गयी। रैली का संचालन झारखंड प्रदेश विश्वकर्मा समाज के द्वारा किया गया और अध्यक्षता झारखंड प्रदेश विश्वकर्मा समाज के अध्यक्ष विकास राणा ने की। इस रैली में जमशेदपुर विश्वकर्मा समाज के नेतृत्व कर्ताओं के साथ सैकड़ों विश्वकर्मा वंशी रांची गये और अपने मांगों को जोरदार ढंग से सरकार के समक्ष रखी गयी।

### भोजपुरिया बेयार का वसंतोत्सव सह लिट्टी पार्टी आज

**जमशेदपुर।** भोजपुरिया माटी की खुशबू बिखेरने वाली संयुक्त बिहार की संस्था '' भोजपुरिया बेयार '' का वसंतोत्सव सह लिट्टी पार्टी 19 फरवरी को बर्मामाइंस (टीआरएफ), स्टेशन रोड़ डनलप मैदान के पास बंगलो नंबर 10 में होगा। यह आयोजन सोमवार को शाम 6 : 00 बजे से होगा। जिसमें शहर के गण मान्य लोग शामिल होंगे। यह जानकारी रमेश भोजपुरिया ने दी है।

### विधायक सविता महतो ने किया सड़क का शिलान्यास

**चांडिल।** मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत ईंचागढ़ के चंदनपुर से काठगोड़ा 38 किमी सड़क का भूमिपूजन रविवार को विधायक सविता महतो ने विधिवत शिलापट्ट अनावरण कर किया। इस दौरान विधायक सविता महतो ने कहा 38 किमी सड़क का निर्माण करीब 3 करोड़ 68 लाख रुपये कि लागत से किया जाएगा। विधायक ने कहा चंदनपुर से काठगोड़ा तक सड़क का निर्माण का मांग काफी पुराना था। जिसे देखते हुए सड़क का निर्माण कराया जा रहा है। विधायक ने कहा मेरे पति स्वर्गीय सुधीर महतो के अधूरे कार्य को पूरा किया जा रहा है। विधायक ने कहा आगे भी बहुत सारे सड़क का निर्माण जल्द ही कराया जाएगा। विधायक ने संवेदक को गुणवत्तापूर्ण सड़क निर्माण कार्य करने को कहा। इस मौके पर निताई उरांव, अभय यादव, विश्वनाथ उरांव, किशुन किस्कु, रंजीत टुडु, राहुल वर्मा, विभिशन महतो सहित कई लोग उपस्थित थे।

### बारीडीह गोलचक्कर पर आप ने दिया धरना

**जमशेदपर।** पूर्वी जमशेदपुर विधान सभा क्षेत्र में पानी की समस्या को लेकर आम आदमी पार्टी, जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष श्री अभिषेक कुमार जी के नेतृत्व में दो दिवसीय धरना प्रदर्शन बारीडीह मुख्य गोल चक्कर पर किया। आम आदमी पार्टी बस्तियों में पानी की समस्या को लेकर सदैव आदोंलन करती रही है। आंदोलन शुरू करने से पहले महानगर अध्यक्ष अभिषेक ने कहा था कि, मैंने प्रशासन को दर्जनों बार मांगपत्र सौपा, मगर प्रशासन कोई मुक्कमल समाधान नहीं निकाल पाई। अंत में मुझे आंदोलन करने को विवस होना पड़ा।

### जलेस सिंहभूम का निराला जयन्ती समारोह संपन्न

**जमशेदपुर।** आज जनवादी लेखक संघ सिंहभूम का निराला जयन्ती समारोह गोलमुरी के भोजपुरी भवन सभागार में सम्पन्न हुआ। सर्वप्रथम निराला के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पण किया गया। कवि अजय मेहताब ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि निराला आम लोगों की चिन्ता करते हैं। डा संध्या सिन्हा ने विषय प्रवेश करते हुए फासीवाद और अति राष्ट्रवाद की चर्चा की। इस बाबत उन्होने निराला की 'कुकुरमुत्ता ' शीर्षक कविता स्मरण किया। साथी हरीन्द्र प्र-सिंह हरेन्द्र ने निराला की चर्चित कविता 'राजा ने अपनी रखवाली की' का पाठ किया और वर्तमान परिदृश्य की भी चर्चा की। प्रगतिशील कथा शिल्पी जयनंदन ने कहा कि निराला ने जाति धर्म को तरजीह नहीं दी।

# सीजन के आखरी स्ट्रीट कार्यक्रम में 25,000 से अधिक लोगों ने हिस्सा लिया

## कदमा में आयोजित सीजन का आखिरी जैम/स्ट्रीट मतदान जागरूकता पर केंद्रित था

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील यूआईएसएल, टाटा स्टील और टाटा स्टील फाउंडेशन ने कदमा (कदमा गणेश पूजा गोलचक्कर से रंकिणी मंदिर गोलचक्कर) में सीजन के आखिरी जैम/स्ट्रीट कार्यक्रम की मेजबानी की, जिसमें 25,000 से अधिक लोगों की उत्साही भीड़ शामिल हुई। इस कार्यक्रम का फोकस आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के लिए मतदान जागरूकता पर केंद्रित था, जिसमें यूथ चलें बूथ थीम पर विशेष जोर दिया गया। जिला निर्वाचन कार्यालय, पूर्वी सिंहभूम द्वारा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, नुक्कड़ नाटक, मतदान जागरूकता से सम्बंधित सेल्फी कर्नर, सड़क पर रंगोली बनाना और बहुत कुछ सहित विभिन्न आकर्षक गतिविधियाँ आयोजित की। इस कार्यक्रम में मनीष कुमार (आईएएस), डीडीसी, पूर्वी सिंहभूम, पीयूष सिन्हा, एसडीओ, दालभूम और टाटा स्टील यूआईएसएल के चेयरमैन, चाणक्य चौधरी जैसे गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। डीडीसी, पूर्वी सिंहभूम और एसडीओ,धालभूम ने मतदान जागरूकता को बढ़ावा देने वाली गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लिया, साथ ही गुब्बारा उड़ाकर मतदान के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए संदेश भी दिया। इसके साथ साथ विभिन्न आयोजनों से सड़कें ऊर्जा से भर गईं थी, जिसमें जुम्बा, बास्केटबल, गोल्फ पुटिंग, घुड़सवारी, लाइव बैंड प्रदर्शन, शतरंज, स्केटिंग, कस्मिक योग, कराओके प्रदर्शन और बहुत कुछ जैसे विविध कार्यक्रम शामिल है । विशेष आकर्षणों में गतका (स्थानीय मार्शल आर्ट), शतरंज, सेल्फी कर्नर, मिश्रित मार्शल आर्ट, साइकिलिंग, अतिरिक्तप्रदर्शन करने वाले कलाकार और खाद्य स्टल शामिल थे, जो इस कार्यक्रम में एक अनूठा स्वाद जोड़ते हैं। यह उत्सव केवल एक कार्यक्रम से आगे बढ़कर सामुदायिक भावना, मौज-मस्ती और साझा अनुभवों का सच्चा उत्सव बन गया। साथ ही आगामी विंटेज कार रैली कार्यक्रम के सेल्फी कार्नर भी लगे हुए थे जिसका लोगो ने भरपूर आनंद उठाया।





लोकसभा चुनाव के लिए मतदाता जागरुकता बैलून को उड़ाते टाटा स्टील के वीपी चाणक्य चौधरी, डीडीसी मनीष कुमार, एसडीओ पियूष सिन्हा, डीपीआरओ रोहित कुमार और टाटा स्टील यूआइएसएल के सीनियर जीएम कैप्टन धनंजय मिश्रा। डीजे की धुन पर जैम एट स्ट्रीट में झुमते युवा।

# टाटा से काम कर घर लौट रहे 11 मजदूर सड़क दुघर्टना में घायल

खबर मन्त्र प्रतिनिधि

**चांडिल।** रविवार की शाम सात बजे एनएच-33 पर चांडिल के समीप हुमीद गांव के पास स्थित साई मंदिर के सामने एक तेज रफ्तार हाइवा ने मजदूरों से भरी ऑटो को जोरदार टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में टेम्पो पर सवार 11 मजदूर बुरी तरह घायल हो गए। घायलों को प्राथमिक चिकित्सा चांडिल अनुमंडल अस्पताल में की गई जबकि चार महिलाओं को गंभीर चोट के चलते एमजीएम अस्पताल, जमशेदपुर रेफर कर दिया गया। बताया जाता है कि ऑटो सवार मजदूर जमशेदपुर से काम कर घर लौट रहे थे। तभी एनएच-33 हुमीद स्थित सांई मंदिर के पास तेज रफ्तार हाइवा के धक्के से अनियंत्रित होकर पलट गई। सभी घायलों को जेबीकेएसएस केंद्रीय सचिव गोपेश महतो, फुलचांद महतो, मंगल मांझी एवं सुरेश महतो अपने टीम के साथ चांडिल अनुमंडल अस्पताल पहुंचाया जहां सभी का प्राथमिक उपचार किया गया। इसमें से चार लोगों को बेहतर इलाज के लिए एमजीएम जमशेदपुर भेज दिया।

**घायलों के नाम :** कोशल्या सरदार 45, चम्पा धिवर 48, राकेश मांझी 35, पुताई मांझी, निवास मांझी 55 एवं अन्य लोग हैं।





दुर्घटना में घायल एक मजदूर। बेहतर इलाज के लिए एमजीएम अस्पताल,जमशेदपुर ले जायी जाती महिला कामगार।

## खबर एक नजर में

### पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत बर्मामाइंस में 55 का हुआ पंजीकरण



खबर मन्त्र संवाददाता

**जमशेदपुर।** पी एम विश्वकर्मा योजना के तहत बर्मामाइन लकड़ी टाल में कैंप लगाकर 85 लोगो का पंजीकरण निशुल्क कराया गया जिसमे अधिकतर विश्वकर्मा समाज के लकड़ी के कार्य करने वाले छोटे कारीगर शामिल थे। इस योजना के जिला के प्रभारी पवन अग्रवाल के अनुसार अधिक से अधिक लोगो तक योजना को पहुंचा कर देश के यशस्वी प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी के सपनो का साकार करते हुए विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करना है। इसके निमित केंद्र सरकार की योजना को धरातल पर उतार कर लोगो लाफ दिलाना है। भाजपा बर्मामाइंस मंडल अध्यक्ष दीपक झा तथा योजना के मंडल प्रभारी संजय शर्मा अपनी पूरी ऊर्जा के साथ कार्य कर रहे है। दूसरी ओर बिरसानगर जोन 3 बी में लाजो महिला समिति के साथ काली मन्दिर में बैठक कर विस्तार में महिलाओं को योजना की जानकारी उपल्बध कराई। इस अवसर पर पवन ने कहा मोदी सरकार महिलाओं के उत्थान के पार्टी संकल्पित भाव से कार्य कर रही है।

उज्जवला योजना, आयुस्मान योजना,आवास योजना, मुख्य रूप से शामिल है। पवन ने विश्वकर्मा योजना में निहित सिलाई और ब्यूटीसियन कार्य के महिलाओं को आसान किस्त में एक लाख लोन के साथ सत्रह हजार टूलकिट के लिए निशुल्क डीबीटी के माध्यम से भेज रही है। बैठक में दो सौ बहनों को योजना से जोड़ने का लक्ष्य तय किया गया है। जल्द ही कैं प लगाकर अनलाइन रजिस्ट्रेशन की सुविधा निशुल्क प्रदान की जाएगी। इस अवसर पर मंडल महामंत्री नरेश प्रशाद,अनूप पांडेय, बाबून बनर्जी,लालू मुखी, जितेंद्र मिश्रा,लाजो देवी सहित काफी संख्या में महिलाएं शामिल थी।

# झारखंड नामधारी दलों ने हमेशा आदिवासियों को लूटा : राम मुंडा



उद्घाटन सत्र का दृश्य।

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति मोर्चा जमशेदपुर भाजपा महानगर की ओर से रविवार को पश्चिम विधनसभा के मानगो मंडल अंतर्गत गंगा मेमोरियल हस्पिटल के समीप आदिवासी जनजाति सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के संयोजक दीपक सुंडी, सहसंयोजक विनोद उमंग एवं जिला अध्यक्ष बिनानंद सिरका के नेतृत्व में आयोजित सम्मेलन में बड़ी संख्या में आदिवासी समुदाय के लोगों ने भाग लिया। जनजातीय सम्मेलन का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय, ड श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की तस्वीर पर माल्यार्पण कर किया गया।

इस दौरान सम्मेलन का संचालन जिला महामंत्री विजय सिंह सोय एवं जिला उपाध्यक्ष रमेश बासके ने संयुक्त रूप से किया। वहीं, सम्मेलन में स्वागत भाषणमोर्चा के जमशेदपुर महानगर जिला अध्यक्ष बिनानंद सिरका ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन दीपक सुंडी ने किया।

# टाटा से आज 1113 रामभक्त प्रभु श्री राम लला के दर्शनार्थ अयोध्या धाम होंगे रवाना

## ऐतिहासिक अवसर को खास बनाने के लिए भाजपा ने की विशेष तैयारी

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। अयोध्याधाम में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के बाद श्री रामलला के दर्शन के लिए 19 फरवरी को टाटानगर रेलवे स्टेशन से आस्था स्पेशल ट्रेन उत्तर प्रदेश दर्शननगर स्टेशन के लिए रवाना होगी। जिसमें जमशेदपुर लोकसभा क्षेत्र के 1332 रामभक्त अयोध्याधाम में प्रभु श्री राम लला के भव्य एवं दिव्य दर्शन करेंगे। सोमवार सुबह 11:50 बजे ट्रेन को टाटानगर रेलवे स्टेशन पर समारोह का आयोजन कर हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा। वहीं, इस ऐतिहासिक अवसर को खास बनाने के लिए भाजपा ने विशेष तैयारी की है। भाजपा जमशेदपुर महानगर की ओर से टाटानगर स्टेशन पर मंच तैयार किया गया है। जहां समारोह का आयोजन कर अयोध्याधाम जाने वाले सभी श्रद्धालुओं का स्वागत एवं अभिनंदन किया जाएगा। इस दौरान जमशेदपुर के सांसद विद्युत वरण महतो, पूर्व विधायक मेनका सरदार, भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा समेत अन्य नेतागण मौजूद रहेंगे। वहीं, रविवार को जमशेदपुर महानगर के साकची स्थित जिला भाजपा कार्यालय में अयोध्याधाम जाने वाले सभी श्रद्धालुओं को उनका टिकट एवं विशेष परिचय पत्र प्रदान किया गया। इस दौरान सभी श्रद्धालुओं से ढाई घंटे पहले टाटानगर रेलवे स्टेशन के प्लेटफर्म नंबर 1 पर आने की अपील की गई। जिला कार्यालय में अयोध्याधाम यात्रा को लेकर लोगों में गजब का उत्साह देखा गया।



अयोध्या जाने वाले राममंदिर आंदोलनकारी सुबोध झा को परिचय पत्र पहनातीं महिला नेत्री।

### करीम सिटी : शैक्षिक सम्मेलन में शामिल हुए इंटरनेशनल मोटिवेटर डॉ जावेद



डॉ जावेद सम्मेलन को संबोधित करते हुए।

खबर मन्त्र संवाददाता

**जमशेदपुर।** करीम सिटी कलेज में आज एक शैक्षिक सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डा. जावेद अख्तर (इंटरनेशनल मोटिवेशनल स्पीकर, सीनियर लेक्चरर, क्वीन मैरी यूनिवर्सिटी, लंदन), सम्मानित अतिथि डा. मोहम्मद जकरिया (सचिव गवर्निंग बडी, करीम सिटी कॉलेज) और डा.मोहम्मद सलीम (अध्यक्ष, कबीर वेलफेयर ट्रस्ट, मानगो) थे। कार्यक्रम की शुरुआत अब्दुल्ला (शाहीन अकादमी के छात्र) द्वारा तिलावत ए कुरान से हुई। डा. याहिया इब्राहीम ने अतिथियों का स्वागत से किया। सम्मेलन की शुरुआत ड.मोहम्मद वाजिद अख्तर के भाषण से हुई। इसके बाद ड. जावेद अख्तर का प्रेरक भाषण हुआ। उन्होंने मुस्लिम समुदाय के पिछड़ेपन के बारे में बात की और अंग्रेजों का भारतीयों के प्रति जो रवैया था, उसे उद्धृत करते हुए कहा, 'अगर इस समय मुसलमान खुद को इस्लाम का सच्चा अनुयायी बनाते हैं, तो हर कोई उन्हें पसंद करेगा।' कार्यक्रम को मोहम्मद अशरफ अंसारी (अध्यक्ष, पहचान फाउंडेशन), डा. एमडी. वाजिद अख्तर (उपाध्यक्ष, ब्रिटिश इस्लामिक मेडिकल एसोसिएशन), डा.शारिक अंसार (निदेशक, शाहीन अकादमी, जमशेदपुर) और अयाज अहमद (उपाध्यक्ष, पहचान फाउंडेशन, जमशेदपुर) ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम में मोहम्मद अशरफ अंसारी ने प्रस्तुति के जरिए से छात्रों के लिए विभिन्न योजनाओं और छात्रवृत्ति के बारे में जानकारी दी। अंसार आलम ने धन्यवाद ज्ञापन दिया। मंच का संचालन डॉ. याहिया इब्राहिम ने किया।

# श्री श्री शिव संकटमोचन हनुमान मंदिर कमिटी का हुआ पुनर्गठन



**जमशेदपुर।** आज 18 फरवरी रविवार समाजसेवी श्री नगीना सिंह जी की अध्यक्षता में आदित्यपुर स्थित नेताजी सुभाषचंद्र बोस पार्क में एक बैठक की गई, जिसमें रिवर व्यू कलोनी स्थित श्री श्री शिव संकटमोचन हनुमान मंदिर के जीर्णोद्धार हेतु भूमिपूजन कार्यक्रम आगामी 11 मार्च को करने का निर्णय लिया गया एवम इस संबंध में 10 मार्च को पुनः कमिटी की बैठक रखी गई है। आज की आम सभा में सर्वसम्मति से नई कमिटी का गठन किया गयाः-अध्यक्ष - श्री नगीना सिंह, उपाध्यक्ष (4) - शिवनारायण प्रसाद, राकेश सिन्हा, कमलेश कुमार, राकेश कुमार, सचिव- ड बी पी सिंह, सह सचिव (2) - रंजन सिंह, सतीश राय, कोषाध्यक्ष- सुनील कुमार वर्मा, सह-कोषाध्यक्ष- राधामोहन शर्मा, सलाहकार - रामबहादुर प्रसाद सिंह, कार्यकारिणी सदस्य- संतोष कुमार, विद्यासागर सिंह, चित्रसेन पासवान, चंदन सिंह, मनीष सिन्हा, मुकेश सिन्हा, सुमन शेखर, राजीव कुमार, प्रवक्ता- मनोज कुमार, प्रेस मीडिया प्रभारी- नीरज मिश्रा।

## आदित्यपुर : कुल्लूपटागा में मागे पर्व धूमधाम से संपन्न



**आदित्यपुर।** आदित्यपुर नगर परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष पुरेंद्र नारायण सिंह ने कहा है कि मागे पर्व हो जनजाति का सबसे बड़ा एवं महत्वपूर्ण पर्व है। यह पर्व फसलों के कटने तथा खेत खलियान का कार्य समाप्त करने के उपरांत मनाया जाता है। मागे पर्व नारी शक्ति को समर्पित पर्व है। पूरेंद्र नारायण सिंह ने उक्त बातें संयुक्त आदिवासी हो समाज मागे पूजा समिति, कुलुपटागा आदित्यपुर-2 द्वारा आयोजित मागे पर्व के अवसर पर कही।

# तुलसी भवन : दो दिवसीय सांस्कृतिक संध्या के साथ बसंतोत्सव संपन्न

## देवार्ध राय के ख्याल गायन से मुग्ध हुए श्रोता, नूपुर गोस्वामी सारस्वत कला साधक सम्मान से सम्मानित

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** सिंहभूम जिला हिन्दी साहित्य सम्मेलन तुलसी भवन द्वारा आयोजित संस्थान के मुख्य सभागार में दो दिवसीय ''वसंतोत्सव'' कार्यक्रम में दुसरे दिन तीन सत्रों में विभाजित सांस्कृतिक संध्या में शास्त्रीय संगीत के अन्तर्गत ख्याल गायन देवार्घ रय द्वारा तथा द्वितीय सत्र में गुरु संदीप बोस एवं शिष्यों द्वारा नृत्य - गीत प्रस्तुत किया गया। ततपश्चात् अंतिम सत्र की प्रस्तुति में सितार पर सुभाष बोस एवं बांसुरी पर अशोक सिंह की जुगलबंदी हुई जबकि तबले पर स्वरूप मोइत्रा ने संगत किया। तुलसी भवन द्वारा सभी संगीतज्ञों को अंगवस्त्र एवं पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि के रुप में नगर की प्रतिष्ठित कम्पनी टिनप्लेट के जी.एम. और इवनिंग क्लब के प्रेसिडेंट डॉ सौर ज्योति डे उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आरंभ माँ सरस्वती के चित्र के समक्ष उपस्थित अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन एवं पुष्पार्पण के साथ हुआ। बसंतोत्सव के पहले दिन नगर के सुप्रसिद्ध सुर साधिका श्रीमती नूपुर गोस्वामी को सारस्वत कला साधक शिरोमणि सम्मान -2024 से सम्मानित किया गया । जिसके अन्तर्गत पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र, श्रीफल, सम्मान पत्र, स्मृति चिन्ह एवं 11000/- (ग्यारह हजार) की नगद राशि प्रदान की गई। गोस्वामी का जीवन परिचय डॉ रागिणी भूषण ने प्रस्तुत किया। इस अवसर पर मुख्य रुप से संस्थान के न्यासी अरुण कुमार तिवारी, अध्यक्ष सुभाष चन्द्र मुनका , मानद महासचिव डॉ प्रसेनजित तिवारी एवं साहित्य समिति के डॉ अजय कुमार ओझा, डॉ रागिनी भूषण, वीणा पाण्डेय 'भारती' , माधवी उपाध्यय, सुरेश चन्द्र झा , वसंत जमशेदपुरी , पूर्वी घोष, शैलेन्द्र पाण्डेय शैल, निवेदिता श्रीवास्तव, वीणा कुमारी नंदिनी, सोनी सुगंधा, नीलाम्बर चौधरी, सुनिता बेदी, डॉ संध्या सिन्हा, विजय नारायण सिंह 'बेरुका', अरुणा झा, जितेश तिवारी सहित शताधिक साहित्यकारों व संगीत प्रेमियों की उपस्थिति रही।






नुपुर गोस्वामी को सारस्वत कला साधक सम्मान प्रदान करते अतिथिगण। देवार्ध राय ख्याल गायन प्रस्तुत करते हुए।

### 11 जरूरतमंद हिंदू कन्याओं का सामूहिक विवाह करायेगा मायुमं सुरभि

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर। मारवाड़ी युवा मंच स्टील सिटी सुरभि शाखा द्वारा आगामी 3 मार्च रविवार को जरूरतमंद 11 हिन्दु कन्याओं ध्का निःशुल्क सामूहिक विवाह कराया जायेगा। जिसकी तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। इस संबंध में रविवार को सुरभि शाखा अध्यक्ष निशा सिंघल, सचिव कविता अग्रवाल एवं कोषाध्यक्ष ज्योति अग्रवाल ने संयुक्त रूप से प्रेस विज्ञाप्ति जारी कर बताया कि जरूरतमंद शादी योग्य हिन्दु कन्या के परिजनध्अभिभावक संस्था के पदाधिकारियों से विशेषकर इस कार्यक्रम की से संयोंजिकाओं से संपर्क कर सकते हैं। सामूहिक विवाह कार्यक्रम की तीन संयोंजिका क्रमशः ममता अग्रवाल (7717704436), रेनु अग्रवाल (8340493284) तथा बिंदिया नरेड़ी (9142658457) हैं। उन्होंने बताया कि सामूहिक विवाह हेतु कन्या के अभिभावकों को जोड़ा तय करना हैं। जोड़ा की खोज संस्था के लोग नही करेंगें।

स्पीड न्यूज

### दस दिवसीय वार्षिक आचार्य प्रशिक्षण वर्ग का हुआ उद्घाटन

**टंडवा(चतरा)।** रविवार को सूर्य मंदिर प्रांगण में एकल विद्यालय अभियान का दस दिवसीय वार्षिक आचार्य प्रशिक्षण वर्ग का विधिवत उद्घाटन टंडवा प्रखंड समिति के सदस्य बिगुल प्रसाद एवं विष्णुनदेव सोनी ने संयुक्त रूप से किया।

### जिले के सभी पंचायतों में विशेष ग्राम सभा का आयोजन

**कोडरमा।** महिलाओं, अनुसूचित जनजाति व अनुसूचित जाति वर्ग के 50 से 60 वर्ष के आयु वर्ग के लोगों को मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजना का लाभ दिया जाएगा। इसी को लेकर डीडीसी ऋतुराज के निदेर्शानुसार जिले के सभी पंचायतों में विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। इस ग्राम सभा के माध्यम से 50 से 60 वर्ष के आयु वर्ग के लोगों को मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजना का लाभ देने पर चर्चा किया गया और लाभुकों का आवेदन प्राप्त किया गया।

### फांसी लगाकर नाबालिग ने की आत्महत्या

**हरिहरगंज पलामू।** शहरी क्षेत्र के सतगांवा मोहल्ला निवासी अनवर हुसैन के 17 वर्षीय पुत्र साकिर अंसारी ने शनिवार की रात फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। उसका शव कमरा में फंदे से झूलता बरामद किया गया। फांसी लगाने का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर छानबीन कर रही है। परिजनों के अनुसार शनिवार की रात अन्य दिनों की तरह खाना खाने के बाद साकिर अपने कमरे में सोने चला गया था। रविवार सुबह 8 बजे तक अपने कमरे से बाहर नहीं निकला तो परिजन साकिर को उठाने के लिए उसके कमरे का दरवाजा खुलवाने लगे। लेकिन अंदर से बंद मिलने पर वेंटिलेटर से देखा तो वह फांसी के फंदे पर लटका हुआ था। परिजनों के अनुसार साकिर पढ़ाई छोड़ चुका था। वह घर पर ही रहा करता था।

### अवैध बॉक्साइड लदा दो ट्रक जब्त, दो गिरफ्तार

**सेन्हा लोहरदगा।** सेन्हा थाना क्षेत्र के लोहरदगा गुमला मुख्य मार्ग से देर रात पुलिस अधीक्षक हारिश बिन जमा के निर्देश पर जिला खनन पदाधिकारी राजा राम प्रसाद एव सेन्हा थाना गस्ती पुलिस सअनि विरेंद्र बखला द्वारा पुलिस बल के सहयोग से वाहन जांच अभियान चलाया गया। उसी दौरान अवैध बॉक्साइड लदा दो ट्रक चालक वाहन जाँच देख कंडरा ईट भठा के पास ट्रक छोड़ कर भाग गये ट्रक नम्बर जे एच 07डी 9427एव जे एच 09बीबी 3400 दोनों ट्रक में अवैध बॉक्साइड पत्थर लदा हुआ था साथ ही एक मोटर साइकिल से वाहन छुड़ाने को लेकर दो व्यक्ति सेन्हा थाना क्षेत्र के कलेहेपाट गांव निवासी स्व संतु अंसारी के पुत्र महमूद अंसारी एव जहीरूद्दीन अंसारी के पुत्र अजहरुद्दीन अंसारी जिला खनन पदाधिकारी को रिश्वत देकर वाहन मुक्त करने की बात करने लगे,जिसपर खनन पदाधिकारी ने पुलिस को इसकी सूचना देते हुए दोनों व्यक्ति को गिरफ्तार करवाया। जिला खनन पदाधिकारी राजा राम प्रसाद के आवेदन पर सेन्हा थाना कांड संख्या 12/24 धारा 379,411,414, आईपीसी एव खनन अधीनियम के तहत मामला दर्ज कर दोनों व्यक्ति को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

# सीएम आज करेंगे राजकीय इटखोरी महोत्सव का शुभारंभ

पंकज सिंह

**चतरा।** जिले के इटखोरी स्थित मां भद्रकाली मंदिर परिसर में आज तीन दिवसीय राजकीय इटखोरी महोत्सव का शुभांरभ होगा। उद्घाटन की सारी प्रशासनिक तैयारियां पूरी ली गई है। दोपहर 3 बजे के करीब राज्य के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन और मंत्री सत्यानंद भोक्ता महोत्सव में शिरकत करेंगे। उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता सांसद सुनील कुमार सिंह करेंगे। इसके आलावा सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास, श्री धर्म गुरु स्वामी रविन्द्र कार्तिक , दिगंबर जैन धार्मिक न्यास बोर्ड के अध्यक्ष ताराचंद जैन, बौद्ध गया मंदिर प्रबंधन समिति के सदस्य सचिव नांगजय दोरजीभी कार्यक्रम में मौजूद रहेंगे। इस बार भी महोत्सव के आयोजन को लेकर मंदिर परिसर में व्यापक तैयारियां की गई है। कार्यक्रम को लेकर मंदिर परिसर की साफ-सफाई व सजावट, लाइटिंग, मुख्य मंच निर्माण कार्य, बेरेकेटिंग, साउंड सिस्टम, पार्किंग स्थल सहित अतिथियों के आवासन आदि का कार्य पूरा कर लिया गया है। महोत्सव की सभी तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। महोत्सव को लेकर भद्रकाली मंदिर परिसर सहित आसपास के इलाके में रंग-रोगन कराने के उपरांत प्रकाश की भी पर्याप्त व्यवस्था की गयी है। इसके अलावा दर्शकों को बैठने के लिए गैलरी का निर्माण करवाया गया है। ताकि कोई परेशानी का सामना नहीं करना पड़े।



#### सज-धज कर कार्यक्रम स्थल तैयार

तीन दिवसीय राजकीय इटखोरी महोत्सव को लेकर मुख्य कार्यक्रम स्थल पूरी तरह से सज--धजकर तैयार है। निर्धारित समय पर महोत्सव का उद्घाटन के साथ ही आगाज हो जाएगा। और तीन दिनों तक इस क्षेत्र के लोग विभिन्न सांस्कृतिक आयोजनों का लुत्फ उठाते रहेंगे।



#### सीएम के आगमन को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

सीएम चंपई सोरेन द्वीप प्रज्जविलत कर तीन दिवसीय राजकीय इटखोरी महोत्सव का शुभारंभ करेंगे। महोत्सव मे भाग लेने के लिए मुख्यमंत्री चंपई सोरेन और मंत्री सत्यानंद भोक्ता हेलिकॉप्टर से इटखोरी पहुंचेंगे। सीएम के आगमन को लेकर जिला प्रशासन ने सुरक्षा की चाक-चौबंद व्यवस्था की है। करीब 900 महिला पुरुष जवानों की ड्यूटी लगाई गई है। जगह-जगह सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं।

**2015 में हुई थी शुरूआत, 2016 में मिला राजकीय महोत्सव का दर्जा:** बता दें कि साल 2015 में इटखोरी महोत्सव की शुरूआत हुई थी। इसके ठीक एक साल बाद यानी 2016 में इसे राजकीय महोत्सव का दर्जा मिला। महोत्सव को लेकर लोगों में खासा उत्साह होता है। इस बार भी लोगों में काफी उमंग देखी जा रही है। इस महोत्सव में प्रसिद्ध कलाकारों के साथ स्थानीय कलाकार भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। कुछ छात्र भी कार्यक्रम में अपनी प्रस्तुति देंगे। कुल मिलाकर महोत्सव में रंगारग कार्यक्रम का आयोजन होगा, जिसे लेकर लोग काफी उत्साहित हैं।

### अक्षरा सिंह व अल्ताफ राजा आज देंगे प्रस्तुति





तीन दिवसीय इस महोत्सव में भव्य सांस्कृतिक आयोजन भी होंगे। महोत्सव के पहले दिन यानी सोमवार रात क्षेत्रीय कलाकारों के साथ-साथ प्रसिद्ध गायिका अक्षरा सिंह, बॉलीवुड गायक अल्ताफ राजा का कार्यक्रम है। दूसरे दिन विनोद राठौर एवं ग्रुप के साथ ही शालिनी दुबे एवं ग्रुप, किस्सु राहुल एवं ग्रुप, सुशील महतो एवं लखीराम नायक ग्रुप, रोहित आर. के. एण्ड ग्रुप द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी। वहीं तीसरे दिन क्षेत्रीय कलाकारों के अलावे बीएस ?एफ हजारीबाग, सिमरन साह एवं ग्रुप, पूजा चटर्जी एवं ग्रुप,रजत आनन्द एवं ग्रुप, मृणालिनी अखौरी की प्रस्तुति होगी।

# नक्सलियों ने पांच हाईवा के शीशे तोड़ दिये और आठ की चाबी व पांच मोबाइल ले गये

## कहा कि संगठन से बिना मैनेज किये कोयला की ढुलाई करती है, तो अंजाम बुरा होगा

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** सदर थाना क्षेत्र के मुरूप गांव के नदी टोला के पास जेजेएमपी के नक्सलियों ने रविवार की रात करीब डेढ़ बजे जमकर उत्पात मचाया। उग्रवादियों ने सबसे पहले डीवीसी कंपनी से कोयला लोडकर बालूमाथ साइडिंग जा रही हाइवा को निशाना बनाया। इसके बाद नक्सलियों ने पांच हाईवा के शीशे तोड़ दिये और आठ हाईवा की चाबी व पांच मोबाइल अपने साथ ले गये। साथ ही हाईवा में लोड कोयला को सड़क में गिराकर अवरोध कर दिया। इसके बाद उग्रवादियों ने 10 हाईवा चालकों के मोबाइल लूट लिया। हालांकि उग्रवादियों में घटना को अंजाम देने के बाद चालकों को पांच मोबाइल वापस कर दिए। शेष पांच लेते चले गए। घटना को अंजाम जेजेएमपी के सबजोनल कमांडर लवलेश गंझू ने दिया है। भय बनाने के लिए उग्रवादियों ने तीन राउंड फायरिंग भी की है। 8 से 10 की संख्या में उग्रवादियों ने घटनाओं का अंजाम दिया है। पुलिस का कहना है कि लेवी को लेकर घटना को अंजाम दिया गया। इधर, हाईवा चालक मोहम्मद आरिफ अंसारी व मोहम्मद मुमताज अंसारी ने बताया कि बालूमाथ साइडिंग से कोयला गिरा कर वापस डीवीसी कंपनी जा रहे थे। इसी दौरान 4 से 5 की संख्या में हथियारबंद उग्रवादियों ने रोक दी और मोबाइल लूट लिया। इसके बाद कहा गया कि जेजेएमपी के पप्पू लोहरा के दाहिना हाथ लवलेश गंझू है। संगठन को बिना मैनेज किये कंपनी कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि उग्रवादियों ने धमकी देते हुए कहा कि संगठन से बिना मैनेज किये कोयला की ढुलाई करती है, तो अंजाम बुरा होगा। इसके बाद पीछे से आ रहे अन्य वाहनों को रोक कर चाबी व मोबाइल लूट लिए। इधर, पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी प्रमोद कुमार सिन्हा ने कहा कि घटना के सूचना मिलते ही रात में घटना स्थल पहुंचकर जानकारी ली है। उन्होंने बताया कि लेवी को लेकर जेजेएमपी के उग्रवादियों ने घटना को अंजाम दिया है। उग्रवादियों को गिरफ्तारी के लिए छापेमारी अभियान चलाई जा रही है।




एक नजर में

### ब्राह्मणों ने मनाया हरशु ब्रह्मदेव जयंती



**गिद्धौर।** प्रखंड के अंतर्गत स्थित बटेश्वर शिव मंदिर प्रांगण में रविवार को हरसू ब्रह्मदेव जयंती गिद्धौर प्रखंड पंचायत के ब्राह्मण समाज के लोगों ने मनाया। कार्यक्रम की शुरूआत स्वस्तिवाचन गणेश वंदना दीप प्रज्वलित कर शंख ध्वनि के साथ किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष संजय पांडेय संचालन यदुनंदन पांडेय ने किया। बैठक को संबोधन करते हुए सूरज देव पांडेय ने कहा की हम सभी 108 वें पीढ़ी में आते हैं जो हरसू ब्रह्मदेव की वंशज हैं। हम सभी के दादा पुरखा भी इन्हीं से जुड़े हैं। उनकी जयंती इस वर्ष चौथी बार मनाई जा रही है। मौके पर जवाहर पांडेय महावीर पांडेय सत्यदेव पांडेय टीकम पांडेय लखन पांडेय बैजनाथ पांडेय कृष्णा पांडेय आनंद किशोर पांडेय, प्रदीप पांडेय सूरज पांडेय अनिल पांडेय श्रीकांत पांडेय पिंटू पांडेय जमुना पांडेय राजकुमार पांडेय मुन्नी पांडेय मोहन पांडेय सुधीर पांडेय कामदेव पांडेय शंभू पांडेय बनवारी पान्डेय शेखर पान्डेय प्रियांशु पान्डेय संदिप पान्डेय आकाश पान्डेय कुन्दन पान्डेय सुमित पान्डेय नैयन पान्डेय नैतिक पान्डेय उपस्थित थे।

### मामूली विवाद को लेकर जमकर मारपीट, लाठी-डंडे से हमले में युवक की हालत गंभीर

**इटखोरी ।** थाना क्षेत्र के इटखोरी पंचायत अंतर्गत देवी मंडप गांव में शनिवार की रात छः सात युवकों ने एक युवक को पीट-पीटकर अधमरा कर दिया। उसे इलाज के लिए इटखोरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां पर उसकी स्थिति गंभीर देख बेहतर इलाज के लिए रांची रेफर कर दिया गया। युवक को प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया है। युवक देवी मंडप निवासी शकलदेव दांगी का पुत्र मिथलेश कुमार दांगी है। युवक की गंभीर स्थिति देखकर परिजनों का रो रोकर बुरा हाल हो गया है। जानकारी के अनुसार दो तीन दिन पूर्व मूर्ति विसर्जन के दौरान हुई मामूली विवाद को लेकर युवक की पिटाई कर दी गई है। मिथलेश कुमार का भाई पवन दांगी ने आरोपीयों के खिलाफ इटखोरी थाना में आवेदन दे दी है। भाई का आरोप है कि बीती रात करीब आठ बजे गांव के रहने वाले पप्पू सिंह, लक्की सिंह, अमित कुमार सिंह, कमलेश गिरी, विशाल गिरी, लल्लू गिरी, छोटू गिरी, संदीप गिरी, राजेश गिरी, रामू ठाकुर, रोहित गिरी और बबलू सोनी की मेरे भाई से लडाई हो गई। उन लोगों ने मिलकर मेरे भाई के ऊपर लाठी डंडों से हमला कर दिया। जिससे सर पर गहरा चोट लग गया है। इधर थाना प्रभारी बिनोद कुमार का कहना है कि मामले की जांच के साथ आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार गंभीर रूप से घायल



**कोडरमा।** तिलैया थाना क्षेत्र के बाईपास रोड स्थित केडिया धर्म कांटा के समीप रविवार की शाम एक चार पहिया वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना के बाद हाईवे पेट्रोलिंग पुलिस की सहायता से घायल युवक को इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया गया। वहीं घायल युवक की पहचान तिलैया थाना क्षेत्र के इंदरवा बस्ती निवासी 22 वर्षीय राजन कुमार पिता किशोर राम के रूप में हुई है। फिलहाल घायल युवक का इलाज सदर अस्पताल में किया जा रहा है। वहीं पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त बाइक को अपने कब्जे में ले लिया है।

# सात युवक एक देशी कट्टे के साथ गिरफ्तार, गये जेल

## गिरफ्तार अभियुक्तों में अधिकांश की उम्र 18 साल है




गिरफ्तार अभियुक्तों के साथ एसपी, एसडीपीओ व थाना प्रभारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** पालकोट पुलिस ने शादी समारोह में हथियार चमकाने जा रहे सात युवकों को एक देशी कट्टे के साथ गिरफ्तार कर रविवार को जेल भेज दिया। गिरफ्तार अभियुक्तों में 18 वर्षीय अनिश कुमार, 22 वर्षीय नितेश कुमार, 18 वर्षीय छोटु उरांव, 18 वर्षीय पवन गोप, 18 वर्षीय सुदामा गोप, 18 वर्षीय आशीष गोप व 18 वर्षीय सुजीत उरांव के नाम शामिल है। वहीं पुलिस ने एक सफेद रंग का बोलेरो गाड़ी जेएच 02 ए पी 1608 जिसमें युवक सवार थे को जब्त किया। इस संबंध में रविवार को एसपी हरिवंदर सिंह ने प्रेस कान्फ्रेंस करते हुए बताया कि शनिवार की रात्रि पालकोट पुलिस थाना क्षेत्र के सेमरा गंजाई पुल के पास ऐटी क्राईम वाहन जांच अभियान चला रही थी। जिसमें सड़क के दोनों ओर से आने वाले वाहनों की जांच की जा रही थी। इसी दौरान गुमला की ओर से जा रहे बोलेरो वाहन की जांच की गई। जिसमें आठ व्यक्ति बैठे थे। पुलिस ने सभी का बारी-बारी से नाम पूछा और उनकी तलाशी आरंभ की। तलशी के क्रम में अनिश कुमार के कमर में खोसा एक देशी कट्टा बरामद किया गया।

# दूसरी बार मंत्री बनने के बाद लोहरदगा पहुंचे डॉ रामेश्वर उरांव,जोरदार स्वागत

## पार्टी शीर्ष नेतृत्व का जताया आभार

खबर मन्त्र संवाददाता

**लोहरदगा।** स्थानीय विधायक सह वित मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव झारखंड सरकार कैबिनेट में दूसरी बार मंत्री बनने के पश्चात लोहरदगा परिसदन पहुंचे। इस पर लोहरदगा की जनता द्वारा, पार्टी संगठन के पदाधिकारी द्वारा, जनप्रतिनिधियों द्वारा, सामाजिक संगठनों द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। सभी मंत्री को पुष्प गुच्छ देकर शुभकामनाएं दिया । मौके पर मंत्री श्री उरांव ने शीर्ष नेतृत्व ,प्रदेश पदाधिकारियों, पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकताओं का आभार जताया और कहा राज्य के विकास के लिए मुझे जिम्मेदारी मिली है और अपने कर्तव्य निर्वहन मैं तन मन धन से करूंगा। राज्य की जनता का प्रेम, स्नेह ही मेरा आशीर्वाद है। जब जब मुझे जिम्मेवारी मिली मैंने राज्य की जनता का सेवा ईमानदारी से किया है। फलस्वरूप राज्य की जनता की सेवा के लिए शीर्ष नेतृत्व ने मुझे दूसरी बार जिम्मेवारी दी है ताकि राज्य सरकार के विकास की गति को और बढ़ावा मिल सके। चंपई सोरेन सरकार झारखंड की जनता के जनाकांक्षाओं के अनुरूप कार्य करेगी और हेमंत सोरेन के सपनों को पूरा करने का काम करेगी। सरकार जनता के भरोसे की सरकार है और विकास के पथ पर अग्रसर है। मौके पर जिलाध्यक्ष सुखैर भगत, विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, प्रदेश प्रतिनिधि नेसार अहमद, सलीम अंसारी बड़े, पंकज जयसवाल, सहादत हुसैन, सामुल अंसारी, सदरूल अंसारी, रविंदर सिंह खेरवार, डोमना उरांव, सीमा परवीन, मुजमिल अंसारी, विशाल डुंगडुंग इत्यादि काफी संख्या में पार्टी संगठन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद थे।



आम लोगो से मिलते मंत्री

# माता पार्वती श्रद्धा और शिव विश्वास के प्रतीक हैं : स्वामी धीरेंद्राचार्य

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पांकी रोड बारालोटा जनकपुरी स्थित श्रीराम जानकी मंदिर परिसर में आयोजित श्रीरामचरित मानस नवाह्न परायण महायज्ञ चल रहा है। महायज्ञ के 48 वें अधिवेशन के पहले दिन चित्रकूट धाम से पधारे हनुमत पीठाधीश्वर श्री श्री 1008 स्वामी धीरेंद्राचार्य ने प्रभु श्रीराम की पावन कथा का रसपान कराया। उन्होंने प्रभु श्रीराम के पावन नाम की महिमा का बखान किया। उन्होंने भगवान शिव एवं पार्वती प्रसंग की चर्चा बड़े ही मार्मिक ढंग से किया। उन्होंने कहा कि माता पार्वती ने भगवान शिव को प्राप्त करने के लिए कठोर तपस्या किया था। माता पार्वती भक्ति स्वरूपा हैं, वह नौ रूपों में प्रकट हुई। माता पार्वती श्रद्धा और भगवान शिव विश्वास के प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि भगवान की भक्ति ही जीवन का सारतत्व है। श्रद्धा और विश्वास के साथ भगवान की भक्ति करने से जीवन का कल्याण होता है। निस्वार्थ एवं निष्काम भाव से भगवान की भक्ति करने वाला ही मोक्ष का अधिकारी होता है। जो प्रभु श्रीराम के नाम का सहारा लेकर कर्म पथ पर आगे बढ़ता है, उसका जीवन चरित्र श्रेष्ठ हो जाता है। उन्होंने श्रीरामचरित मानस के आधार पर भगवान शिव एवं माता सती के चरित्र का चित्रण करते हुए समाज को अनुपम संदेश दिया। इससे पहले मानस प्रवक्ता ओम प्रकाश दुबे ने सदग्रंथ श्रीरामचरित मानस के आधार पर कई प्रसंग की चर्चा किया। महायज्ञ समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने उनका स्वागत किया। मौके पर महायज्ञ समिति के अध्यक्ष श्याम लाल तिवारी, मंदिर ट्रस्ट समिति के अध्यक्ष लव तिवारी, धर्मराज तिवारी, वशिष्ठ नारायनाचार्य, जगन्नथ तिवारी, बुद्धनाथ तिवारी, लीलाधर तिवारी, यमुना तिवारी, अजीत तिवारी, प्रदीप तिवारी, शैलेश तिवारी, बृजलाल तिवारी, राकेश तिवारी, प्रेमचंद तिवारी, विद्या तिवारी, श्याम बिहारी तिवारी, संजय तिवारी उर्फ गुड्डु, अजय पांडेय, पंकज तिवारी, विजय तिवारी,आलोक तिवारी, विजय तिवारी, देव शुक्ला शेखर तिवारी, ओम प्रकाश तिवारी, विनोद तिवारी रविंद्र तिवारी सहित भक्तजन मौजूद थे।





**श्री सीताराम विवाहोत्सव का आयोजन :** पांकी रोड बारालोटा जनकपुरी स्थित श्रीराम जानकी मंदिर परिसर में आयोजित श्रीरामचरित मानस नवाह्न परायण महायज्ञ में रविवार को हर्षोल्लास पूर्वक श्री सीता राम विवाहोत्सव मनाया गया। पाठ कर्ता व्यास पंडित ज्ञानेश पांडेय, पंडित प्रभु नारायण पाठक व पंडित उमाशंकर तिवारी ने विवाह से जुड़े मंगल गीत गाकर वातावरण भक्तिमय बना दिया। इस दौरान मिथिला नगरिया निहाल सखिया, चारो दूल्हा में बढ़का कमाल सखियां, अइले सुनैना के अंगनावा पहुनवा राघव, अवध नगरिया से चलले बरतिया हो सुहावन लागे, जनक नगरिया भईले शोर सहित विवाह के कई मंगल गीत प्रस्तुत किया गया। श्री सीताराम विवाहोत्सव में शामिल श्रद्धालु मंगल गीत श्रवण कर भाव विभोर होकर झूम रहे थे।

# छात्र संगठन ने किया सड़क जाम

खबर मन्त्र संवाददाता

**हंसडीहा।** बीते साल 12 दिसंबर को हंसडीहा.गोड्डा रेलखंड पर गंगवारा हाल्ट के समीप नाले में मिली आदिवासी छात्रा के शव का मामला घटना के करीब दो महीने के बाद फिर से तूल पकड़ लिया है। आरोपियों पर अभी तक कार्रवाई नहीं होने से नाराज छात्रा के परिजन और आदिवासी छात्र संगठन के लोग रविवार को एनएच 133 की सड़क पर उतर आए और घटवारी चौक के पास हाइवे को जाम कर दिया। जाम की सूचना पर जरमुंडी सर्किल के एसडीपीओ संतोष कुमारए पौड़याहाट के प्रखंड विकास पदाधिकारी फुलेश्वर मुर्मूए पौड़याहाट थाना प्रभारी ताराचंद्रए सरैयाहाट थाना प्रभारी विनय कुमारए रामगढ़ थाना के एएसआई अश्वनी झा व हंसडीहा थाना के एएसआई महंती मुर्मू व राजेश पासवान जामस्थल पर पहुंच लोगों को समझाने का प्रयास किया। करीब पांच घंटे के जाम के बाद आरोपित भाई.बहनों के खिलाफ उचित कार्रवाई करने का आश्वासन मिलने के बाद शाम छह बजे सड़क जाम समाप्त हुआ।



**क्या है मामला :** दरअसल संताल परगना महाविद्यालय दुमका में बीए प्रथम वर्ष की छात्रा शिफाली हेम्ब्रम अपनी सहपाठी एलविना मुर्मू के साथ 17 दिसम्बर को दुमका से किसी ट्रेन से हंसडीहा आ रही थी। उसी दिन शाम को शिफाली का शव हंसडीहा.गोड्डा रेलवे ट्रेक के किनारे एक नाले में गंगवारा हाल्ट से नजदीक पाया जाता है। मृतका के स्वजनों की माने तो इस घटना में एलविना मुर्मू व उसके भाई मानेस मुर्मू पर शक गहराता है क्योंकि शिफाली ने घटना के दिन हंसडीहा लौटने के समय अपने भाई दिलीप हेम्ब्रम से मोबाइल में कहा था कि वह उसे लेने हंसडीहा नहीं आए क्योंकि उसकी सहेली का भाई मानेस आने वाला है तीनों लोग एक साथ ही घर आ जाएंगे।

## बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप भारत की बेटियों ने रचा इतिहास

# थाईलैंड को 3-2 से हरा कर जीता ऐतिहासिक स्वर्ण

एजेंसी

**शाह आलम।** भारत की बेटियों ने इतिहास रच दिया है। भारतीय महिला टीम ने बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप का खिताब जीत लिया है। युवा अनमोल खरब ने एक बार फिर शानदार प्रदर्शन कर टीम इंडिया की जीत में अहम भूमिका निभाई। रोमांचक फाइनल में भारत ने थाईलैंड को 3-2 से हराकर अपना पहला स्वर्ण पदक जीता। पीवी सिंधू के नेतृत्व में भारतीय महिला टीम के युवा और तेजतर्रार समूह ने थाईलैंड की उम्मीदों पर पानी फेर दिया और दो बार की कांस्य पदक विजेता थाईलैंड के खिलाफ जीत हासिल की।




### ताकत के साथ नहीं उतरी थाईलैंड की टीम

प्रतियोगिता में ज्यादातर टीमों की तरह, थाईलैंड पूरी ताकत के साथ नहीं खेल रहा था। वे अपने शीर्ष दो एकल खिलाड़ियों - विश्व नंबर 13 रतचानोक इंतानोन और विश्व नंबर 16 पोर्नपावी चोचुवोंग के बिना थे। चार महीने बाद एक्शन में लौटीं दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ने पहले मैच में दुनिया की 17वें नंबर की खिलाड़ी सुपनिडा काटेथोंग को 21-12, 21-12 से हरा दिया। उन्होंने पहला एकल मुकाबला जीतकर भारत को 1-0 की बढ़त दिला दी।

### सिंधू जीतीं, लेकिन अश्मिता को मिली हार

विश्व नंबर 23 त्रिशा जॉली और गायत्री गोपीचंद ने इसके बाद अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा और दुनिया की नंबर 10 जोड़ी के खिलाफ चौंका देने वाला प्रदर्शन किया। जोंगकोलफान कितिथाराकुल और राविंडा प्रा जोंगजई की जोड़ी को त्रिशा-गायत्री की जोड़ी ने 21-16, 18-21, 21-16 से हराया और भारत को ड्राइवर सीट पर बैठा दिया। विश्व नंबर 18 खिलाड़ी बुसानन ओंगबामरुंगफान के खिलाफ अपना दूसरा एकल मुकाबला खेल रहीं अश्मिता चलिहा से काफी उम्मीदें थीं। शनिवार को अश्मिता ने पूर्व विश्व चैंपियन जापान की नोजोमी ओकुहारा के खिलाफ शानदार जीत हासिल की थी।

**श्रुति और प्रिया भी हारीं :** अश्मिता ने 2022 में सिंगापुर ओपन के दौरान बुसानन को हराया था। वह दूसरे गेम में 14-14 तक मैच में बनी रहीं, लेकिन उसके बाद अप्रत्याशित गलतियां अश्मिता को महंगी पड़ीं और वह अनुभवी थाई खिलाड़ी से 11-21 14-21 से हार गईं। युवा श्रुति मिश्रा और सीनियर राष्ट्रीय चैंपियन प्रिया कोन्जेंगबाम के लिए बेन्यापा ऐम्सार्ड और नुनटाकर्न ऐम्सार्ड की दुनिया की 13वें नंबर की जोड़ी को हराना एक कठिन काम होने वाला था और दुनिया की 107वें नंबर की भारतीय जोड़ी उम्मीद के मुताबिक 29 मिनट तक तले मुकाबले में 11-21, 9-21 से हार गई।

**अनमोल ने जीत दिलाईः** मुकाबला 2-2 से बराबरी पर था और ऐसे में एक बार फिर से पूरी जिम्मेदारी अनमोल खरब पर थी। उन्होंने फिर से भारत को जीत दिलाने की जिम्मेदारी उठाई और उन्होंने निर्णायक तीसरे एकल में दुनिया की 45वें नंबर की खिलाड़ी पोर्नपिचा चोइकीवोंग पर 21-14, 21-9 की शानदार जीत हासिल की और भारत को चैंपियन बनाया। जीत के तुरंत बाद पूरी टीम अनमोल को उठाने के लिए दौड़ पड़ी और सेतिया सिटी कन्वेंशन सेंटर में जीत का शानदार जश्न मनाया। भारत ने इससे पहल बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप में दो पदक जीते थे और दोनों ही पदक पुरुष टीम के नाम पर थे। भारतीय पुरुष टीम ने 2016 और 2020 संस्करणों में कांस्य पदक जीते थे। हालांकि, इस साल पुरुष टीम को क्वार्टर फाइनल में ही हार का सामना करना पड़ा था।

### अश्विन की वापसी, बीसीसीआइ ने की घोषणा

**राजकोट।** भारतीय टीम के स्टार स्पिनर रविचंद्रन अश्विन राजकोट में जारी तीसरे टेस्ट मैच के लिए टीम से जुड़ गए हैं। अश्विन शुक्रवार को पारिवारिक मेडिकल इमरजेंसी के कारण टेस्ट बीच में ही छोड़कर घर लौट गए थे। अब अश्विन वापसी के लिए तैयार हैं। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआइ) ने रविवार को एक बयान में बताया कि बोर्ड को पारिवारिक आपातकाल के कारण संक्षिप्त अनुपस्थिति के बाद टीम में आर. अश्विन की वापसी की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। अश्विन को राजकोट में तीसरे टेस्ट के दूसरे दिन के बाद पारिवारिक आपात स्थिति में भाग लेने के लिए अस्थायी रूप से टीम से हटना पड़ा। अश्विन और टीम प्रबंधन दोनों को यह पुष्टि करते हुए खुशी हो रही है कि वह चौथे दिन एक्शन में वापस आएंगे और मौजूदा टेस्ट मैच में टीम के लिए योगदान देना जारी रखेंगे।

### अनुबंधित खिलाड़ियों को घरेलू क्रिकेट में खुद को साबित करना होगा : जय शाह

**मुंबई।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआइ) सचिव जय शाह ने केंद्रीय अनुबंधित भारतीय खिलाड़ियों से कहा है कि अगर वे देश के लिए खेलना चाहते हैं तो उन्हें घरेलू क्रिकेट में खुद को साबित करना होगा। शाह ने इस सप्ताह की शुरूआत में खिलाड़ियों को लिखे एक पत्र में कहा कि बोर्ड को इंडियन प्रीमियर लीग की सफलता पर गर्व है लेकिन खिलाड़ियों की घरेलू क्रिकेट के स्थान पर आइपीएल को प्राथमिकता देने की प्रवृत्ति हमारी चिंता का कारण है।

### खुद को परखने उतरेगी भारतीय टीम

**राउरकेला।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम एचआईएच हॉकी प्रो लीग में सोमवार को स्पेन के खिलाफ खुद को और परखने के उतरेगी है। बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम में सोमवार को होने वाले मुकाबले को लेकर भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा, स्पेन और यहां आयी अन्य सभी टीमों के खिलाफ खेलना कठिन है। स्पेन के साथ अपने पहले मैच के अलावा, हमने ऑस्ट्रेलिया और नीदरलैंड के खिलाफ अपने मैचों से बहुत कुछ सीखा और आयरलैंड के खिलाफ खेल भी कठिन था। हमारे लिए, पेरिस 2024 ओलंपिक से पहले ये महत्वपूर्ण मैच हैं, टीम ने अब तक अच्छा प्रदर्शन किया है और हम खुद को और परखने के लिए राउरकेला में फिर से स्पेन से भिड़ने के इच्छुक हैं।

### ऑटिज्म स्पेक्ट्रम डिसऑर्डर से पीड़ित बच्चों ने 165 किमी तैराकर बनाया नया विश्व रिकॉर्ड

**चेन्नई।** ऑटिज्म स्पेक्ट्रम डिसऑर्डर (एएसडी) से पीड़ित बच्चों के एक समूह ने कुड्डालोर से चेन्नई तक 165 किलोमीटर तैराकी करके नया विश्व रिकॉर्ड बनाया। नौ से 19 वर्ष के 14 बच्चों ने गजब की प्रतिबद्धता दिखाई और तमिलनाडु के तटीय क्षेत्र में तैराकी करके इतिहास रचा। इस समुद्री तैराकी अभियान का आयोजन रिले प्रारूप में किया गया था। इस दौरान उनके ट्रेनर नाव में सवार थे। ह्ययादवी स्पोर्ट्स एकेडमी फॉर स्पेशल नीड्स' के संस्थापक और मुख्य कोच सतीश शिवकुमार ने कहा कि इसतरह से इन बच्चों ने ह्यविश्व रिकॉर्ड' बनाया। उन्होंने कहा, मुझे इन बच्चों की प्रतिबद्धता और जज्बे पर गर्व है। ऑटिज्म से पीड़ित इन 14 बच्चों का समुद्री तैराकी अभियान एक उपलब्धि से भी बढ़कर है। ऑटिज्म एक न्यूरोलॉजिकल विकार है जो पीड़ित का दूसरों के साथ संपर्क को प्रभावित करता है। तमिलनाडु के पूर्व पुलिस महानिदेशक सी सिलेंद्र बाबू ने बच्चों को सम्मानित किया। उन्होंने कहा, ह्यभागीदारों में तीन बच्चे ऐसे थे जिन्होंने लगातार 17 किलोमीटर तक तैराकी की जबकि एक लड़की 10 किलोमीटर तक लगातार तैरती रही। उन्होंने दिखाया कि विकलांगता उनकी राह में रोड़ा नहीं बन सकती है।

### इजराइल शतरंज लीगः अर्जुन एरिगासी विश्व रैंकिंग में 16वें स्थान पर पहुंचे

**येरूशलम।** भारतीय शतरंज अपने सबसे शानदार दौर में है और ऐसे में हर दिन भारतीय शतरंज के लिए कोई ना कोई युवा खिलाड़ी अच्छी खबर लेकर आता है। रविवार को समाप्त हुई इजराइल शतरंज लीग में भारतीय ग्रांड मास्टर 20 वर्षीय अर्जुन एरिगासी नें शानदार प्रदर्शन करते हुए 4 मुकाबलों में 4 जीत दर्ज की और इस दौरान अपनी रेटिंग में महत्वपूर्ण 6.5 अंक जोड़ते हुए विश्व रैंकिंग में 2744.5 अंको के साथ 16वां स्थान हासिल कर लिया है , यह उनके खेल जीवन की अब तक की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग है। अर्जुन नें इस दौरान इजराइल के तामीर नाबाती, ओरई कोचवी और यहाव एमनेल और स्वीडन के प्लाटोन गलपेरिन को पराजित किया। रोचक बात यह है की फिलहाल भारत के पांच खिलाड़ी बेहद कम अंको के अंतर से विश्व रैंकिंग में 12वे से 16वें स्थान तक पहुंच गए है। विश्वनाथन आनंद (2748), डी गुकेश (2747.1), आर प्रज्ञानन्दा (2747), विदित गुजराती (2747) और अर्जुन एरिगासी (2744.5) अंको पर है और यह विश्व शतरंज में भारत की बढ़ती ताकत का उदाहरण है।

### परणीति नायक ने जिम्नास्टिक विश्व कप में कांस्य जीता, दीपा कर्माकर नहीं जीत सकीं कोई पदक

**नयी दिल्ली।** परणीति नायक ने पेरिस ओलंपिक क्वालिफाइंग एफआईजी अपारेटस विश्व कप में कांस्य पदक जीत लिया। 28 वर्षीय जिम्नास्ट ने वॉल्ट पर 13.616 का स्कोर किया। फाइनल में पहुंचीं राष्ट्रमंडल खेलों की पदक विजेता दीपा कर्माकर पांचवें स्थान पर रहीं। उनका स्कोर 13.383 रहा। उत्तर कोरिया की एन चांग ओक (14.233) ने स्वर्ण और बुल्गारिया की वेलेंटीना जॉर्जिएवा (13.616) ने रजत जीता। वेलेंटीना और परणीति के अंक समान रहे, लेकिन तकनीकि दक्षता पर उन्हें रजत मिला। यह विश्व कप में अरुणा बुद्धा रेड्डी (2018) और दीपा कर्माकर (2018) के बाद भारतीय जिम्नास्ट का तीसरा पदक रहा। क्वालिफाइंग दौर में दीपा 13.449 के साथ तीसरे और परणीति 13.166 के स्कोर के साथ सातवें स्थान पर रही थीं।

### तेजिन्दर व हरमिलन ने एशियन इंडोर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीते

**चंडीगढ़।** पंजाब के खेल मंत्री गुरमीत सिंह मीत हेयर ने एशियन इंडोर एथलैटिक्स चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाले एथलीटों तेजिन्दर पाल सिंह तूर और हरमिलन बैंस और एशियन चैंपियनशिप में पहली बार चैंपियन बनी भारतीय महिला बैडमिंटन टीम को मुबारकबाद दी है। तेहरान में चल रही एशियन इंडोर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में पंजाब के एथलीट तेजिन्दर पाल सिंह तूर ने शॉटपुट्ट मुकाबले और हरमिलन बैंस ने 1500 मीटर में स्वर्ण पदक जीते। तेजिन्दर तूर ने 19.72 मीटर गोला फैंक कर नया राष्ट्रीय रिकार्ड भी बनाया। अपने शानदार खेल कॅरियर में तूर इससे पहले बार दो बार एशियन गेमज और तीन बार एशियन चैंपियनशिप में भी स्वर्ण पदक जीत चुके हैं।

# रोहित सेना के सामने घुटनों पर आये अंग्रेज
# भारत ने हासिल की टेस्ट में अपनी सबसे बड़ी जीत




एजेंसी

**राजकोट।** ओपनर बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल के दोहरे शतक और रविंद्र जडेजा के पांच विकेट की मदद से भारत ने इंग्लैंड को तीसरे टेस्ट मैच में 434 रन से हरा दिया। इस जीत के साथ ही टीम इंडिया अब पांच मैचों की सीरीज में 2-1 से बढ़त बना ली है। इंग्लैंड की 'बैजबॉल' रणनीति भारत के आगे नहीं चल पाई तथा 557 रन के मुश्किल लक्ष्य का पीछा करते हुए उसकी टीम 39.4 ओवर में 122 रन पर आउट हो गई। जडेजा ने 41 रन देकर पांच विकेट लिए। कुलदीप यादव ने दो जबकि जसप्रीत बुमराह और रविचंद्रन अश्विन ने एक-एक विकेट लिया। भारत की इससे पहले रनों के लिहाज से सबसे बड़ी जीत 372 रन की थी जो उसने 2021 में मुंबई में न्यूजीलैंड के खिलाफ हासिल की थी। इंग्लैंड के खिलाफ यह किसी भी टीम की दूसरी सबसे बड़ी जीत है। भारतीय धरती पर रनों के लिहाज से यह सबसे बड़ी जीत का भी रिकॉर्ड है। विशाखापत्तनम में दूसरे टेस्ट मैच में 209 रन बनाने वाले जायसवाल ने नाबाद 214 रन आकर्षक पारी खेली जिसकी मदद से भारत ने अपनी दूसरी पारी चार विकेट पर 430 रन पर समाप्त घोषित करके इंग्लैंड के सामने असंभव लक्ष्य रखा।

#### यशस्वी बने मैच में सिक्सर किंग

भारत ने अपनी पहली पारी में 445 रन बनाकर इंग्लैंड को 319 रन पर आउट कर दिया था। जायसवाल ने अपनी 236 गेंद की पारी में 14 चौके और 12 छक्के लगाए। इस तरह से उन्होंने एक टेस्ट पारी में सर्वाधिक छक्के लगाने के रिकॉर्ड की बराबरी की। बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज जायसवाल ने सरफराज खान (नाबाद 68) के साथ पांचवें विकेट के लिए 172 रन की अटूट साझेदारी की। अपना पहला टेस्ट मैच खेल रहे सरफराज ने मैच में लगातार दूसरा अर्धशतक जमाया। इससे पहले शुभमन गिल ने 91 रन की पारी खेली। इंग्लैंड की शुरूआत अच्छी नहीं रही और पहली पारी में शतक जड़ने बेन डकेट आउट होने वाले पहले बल्लेबाज थे। डकेट ने दावा किया था कि भारत कितने भी रन बनाए इंग्लैंड की टीम उसे हासिल कर सकती है लेकिन वह केवल चार रन बनाकर रन आउट होकर पवेलियन लौट गए। बुमराह ने चाय के विश्राम से ठीक पहले दूसरे सलामी बल्लेबाज जॉक क्राउली (11) को एलबीडबल्यू आउट करके इंग्लैंड को एक और करारा झटका दिया।

#### जडेजा के पंजे में फंसा इंग्लैंड का बैजबॉल

अश्विन को अपने परिवार में मेडिकल इमरजेंसी के कारण टीम छोड़नी पड़ी थी, लेकिन उन्होंने चौथे दिन चाय के विश्राम के बाद मैदान पर वापसी की। रोहित शर्मा ने हालांकि दूसरे छोर से जडेजा को गेंद थमाई जिन्होंने अपने कप्तान के फैसले को सही साबित करने में देर नहीं लगाई। जडेजा ने ओली पोप (03) को स्लिप में रोहित के हाथों कैच कराया और फिर अगले ओवर में जॉनी बेयरस्टो (04) को एलबीडबल्यू आउट किया। इससे इंग्लैंड का स्कोर चार विकेट पर 28 रन हो गया। जब इंग्लैंड का स्कोर 50 रन था तब जो रूट (07) और कप्तान बेन स्टोक्स (15) भी पवेलियन लौट गए। रूट को जडेजा ने एलबीडबल्यू आउट करके अपना तीसरा विकेट लिया जबकि कुलदीप ने स्टोक्स को इसी तरह से आउट करके इंग्लैंड की रही सही उम्मीद पर भी पानी फेर दिया। कुलदीप ने रेहान अहमद (00) को इसी स्कोर पर लॉन्ग ऑन क्षेत्र में कैच करा कर इंग्लैंड का स्कोर 7 विकेट पर 50 रन कर दिया। बेन फॉक्स (16) और टॉम हार्टली (16) ने अगले 11 ओवर तक विकेट नहीं गिरने दिया।




यह दोनों बल्लेबाज हालांकि तीन गेंद के अंदर पर पवेलियन में विराजमान हो गए। फॉक्स को जडेजा ने विकेटकीपर ध्रुव जुरैल के हाथों कैच कराया जबकि हार्टली को अश्विन ने बोल्ड किया। मार्क वुड (33) ने 16 गेंद की अपनी पारी में 6 चौके और एक छक्का लगाकर हार का अंतर काम किया। जडेजा ने उन्हें जायसवाल के हाथों कैच कराकर अपना पांचवा विकेट लेने के साथ इंग्लैंड की परी का अंत किया।

#### जयसवाल ने खेली 214 रनों की रिकॉर्ड पारी

इससे पहले जायसवाल ने इंग्लैंड के गेंदबाजों की जमकर धुनाई की। उन्होंने अपनी पारी में 12 छक्के लगाकर भारत की तरफ से नया रिकॉर्ड बनाया तथा वसीम अकरम के 28 साल पहले बनाए गए विश्व रिकॉर्ड की बराबरी की। उन्होंने इस सीरीज में लगातार मैच में दोहरा शतक पूरा किया। इस 22 वर्षीय बल्लेबाज की पारी का आकर्षण 41 वर्षीय तेज गेंदबाज जेंट्स एंडरसन पर लगाए गए लगातार तीन छक्के थे।जायसवाल और सरफराज ने आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी की और दूसरे सत्र में 16 ओवर में 116 रन जोड़े। बल्लेबाजी के लिए अनुकूल पिच पर इंग्लैंड के स्पिनर जूझते हुए नजर आए। सरफराज ने 72 गेंद की अपनी पारी में 6 चौके और तीन छक्के लगाए। जायसवाल की पारी बेहद आकर्षक थी। उन्होंने भारत की तरफ से एक पारी में सर्वाधिक छक्के लगाने के नवजोत सिंह सिद्धू और मयंक अग्रवाल के आठ आठ छक्कों के रिकॉर्ड को तोड़ा। यही नहीं वह विनोद कांबली और विराट कोहली के बाद तीसरे भारतीय बल्लेबाज हैं जिन्होंने लगातार मैच में दोहरे शतक जमाए। भारत ने सुबह दो विकेट पर 196 रन से आगे खेलना शुरू किया। गिल और कुलदीप यादव (27) ने एक घंटे तक इंग्लैंड को सफलता नहीं मिलने दी और चौथे विकेट के लिए 55 रन की साझेदारी की। इन दोनों बल्लेबाजों के बीच गलतफहमी के कारण गिल को अपना विकेट गंवाना पड़ा।कुलदीप ने हार्टली की गेंद को मिड ऑन की तरफ खेला और कुछ कदम तक रन लेने के लिए आगे बढ़े। बेन स्टोक्स ने हालांकि फुर्ती दिखाई और तुरंत ही गेंद को गेंदबाज की तरफ फेंका जिन्होंने गिल को रन आउट कर दिया। भारत के तीसरे नंबर के बल्लेबाज गिल ने अपनी पारी में 191 गेंद खेली तथा 9 चौके और दो छक्के लगाए। कुलदीप की 91 गेंद तक चली पारी का अंत रेहान अहमद ने किया, जिनकी गेंद उनके बल्ले का किनारा लेकर पहली स्लिप में जो रूट के सुरक्षित हाथों में चली गई।

### ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ न्यूजीलैंड की अपडेटिड टी20 टीम घोषित, हेनरी और सीफर्ट हुए बाहर

**ऑकलैंड।** तेज गेंदबाज मैट हेनरी और विकेटकीपर-बल्लेबाज टिम सीफर्ट ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ न्यूजीलैंड की आगामी टी20 सीरीज से बाहर हो गए हैं। उनके स्थान पर बेन सीयर्स और विल यंग को टीम में शामिल किया गया है। न्यूजीलैंड क्रिकेट (एनजेडसी) ने यह जानकारी दी है। हैमिल्टन में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ न्यूजीलैंड के दूसरे टेस्ट के बाद हेनरी को कूल्हे में कुछ दर्द हुआ और न्यूजीलैंड क्रिकेट ने कहा कि उन्हें यह सुनिश्चित करने के लिए थोड़े समय के आराम और मजबूती की आवश्यकता होगी कि वह महीने के अंत में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाली टेस्ट श्रृंखला के लिए फिट हैं। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने कहा कि सीफर्ट को इस सप्ताह की शुरूआत में उनकी घरेलू टीम नॉर्दर्न डिस्ट्रिक्ट्स के लिए प्रशिक्षण के दौरान चोट लगने के कारण टीम से हटा दिया गया है।

### दक्षिण अफ्रीका के महान खिलाड़ी माइक प्रॉक्टर का निधन

**नयी दिल्ली।** महान दक्षिण अफ्रीकी ऑलराउंडर माइक प्रॉक्टर का 77 वर्ष की आयु में निधन हो गया। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आइसीसी) के अनुसार प्रॉक्टर की पत्नी मैरीना ने इस खबर की पुष्टि की और कहा कि हार्ट सर्जरी के दौरान जटिलताओं के कारण उनकी मृत्यु हो गई। पूर्व प्रोटियाज ऑलराउंडर का अंतरराष्ट्रीय करियर छोटा था लेकिन फिर भी उन्हें टेस्ट में महान माना जाता था। प्रॉक्टर ने सात टेस्ट मैचों में हिस्सा लिया जो सभी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ थे और 15.02 की शानदार औसत से 41 विकेट लिए। वह मुख्य रूप से अपने एक्शन और डिलीवरी स्ट्राइड में गेंद को जल्दी रिलीज करने के लिए जाने जाते थे। उनके द्वारा खेले गए सभी सात टेस्ट मैचों में प्रोटियाज को हार नहीं मिली है, छह गेम जीते हैं। प्रॉक्टर बल्ले से अपने प्रदर्शन के लिए भी प्रसिद्ध थे। उन्होंने 1969/1970 में दक्षिण अफ्रीका की ऑस्ट्रेलिया पर 4-0 से जीत के दौरान महत्वपूर्ण पारी खेली। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में पुनः प्रवेश के बाद वह प्रोटियाज के कोच थे और उन्होंने दक्षिण अफ्रीका को 1992 क्रिकेट विश्व कप के सेमीफाइनल तक पहुंचाया।

### भारत ने तुर्की महिला कप के लिए 23 सदस्यीय टीम घोषित की

**नयी दिल्ली।** अखिल भारतीय फुटबाल महासंघ (एआइएफएफ) ने 21 से 27 फरवरी तक अलान्या में होने वाले तुर्की महिला कप 2024 के लिए रविवार को 23 सदस्यीय महिला सीनियर टीम की घोषणा की। भारतीय टीम सोमवार को तुर्की रवाना होगी। इससे पहले भारत ने 2019 और 2021 में इस प्रतियोगिता में भाग लिया था। भारत चार देशों के इस टूनार्मेंट में अपना पहला मैच 21 फरवरी को एस्तोनिया के खिलाफ खेलेगा। राउंड रोबिन आधार पर होने वाले टूनार्मेंट में भारत इसके बाद 24 फरवरी को हांगकांग और 27 फरवरी को कोसोवा से भिड़ेगा। तालिका में शीर्ष पर रहने वाली टीम चैंपियन बनेगी।

#### भारतीय टीम इस प्रकार है

**गोलकीपर :** श्रेया हुडा, इलांगबाम पंथोई चानू, मोनालिसा **देवी मोइरांगथेम डिफेंडर :** आशालता देवी लोइटोंगबीएम, रंजना चानू सोरोखैबम, डालिमा छिब्बर, जूली किशन, अस्तम ओरांव, शिल्की देवी हेमम।
**मिडफील्डर :** अंजू तमांग, संगीता बासफोर, कार्तिका अंगमुथु, मनीषा, काजोल डिसूजा, इंदुमथी कथिरेसन।
**फॉरवर्ड :** ग्रेस डांगमेई, सौम्या गुगलोथ, करिश्मा पुरूषोत्तम शिरवोइकर, संध्या रंगनाथन, संजू, प्यारी जाक्सा, काव्या पक्किरसामी, ज्योति।
**मुख्य कोच :** लैंगम चाओबा देवी।

### जयदीप सिंह को दिल्ली की फुटबॉल टीम की कमान

**नयी दिल्ली।** अरुणाचल प्रदेश में होने वाली संतोष ट्रॉफी राष्ट्रीय फुटबाल चैंपियनशिप के फाइनल राउंड में भाग लेने वाली 22 सदस्यीय दिल्ली टीम की कमान जयदीप सिंह को सौंपी गई है। मोहित मित्तल को दिल्ली की टीम का उपकप्तान बनाया गया है। विक्रांत शर्मा हेड कोच और अजय कुमार सहायक कोच हैं। मैनेजर नागेंद्र सिंह, फिजियो हिमांशु मिश्रा और गोल कीपर कोच संदीप ढोले बनाए गए हैं।

# ओलंपिक की मेजबानी के लिए तैयारियों में जुटा भारत, प्रधानमंत्री मोदी ने दिया बड़ा बयान

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारत ओलंपिक 2036 की मेजबानी के लिए तैयारियां कर रहा है। शनिवार को मुंबई में आयोजित अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति के 141वें सत्र में प्रधानमंत्री मोदी ने इस बात की जानकारी दी। इससे पहले भारत युवा ओलंपिक 2029 की मेजाबनी का भी इच्छुक है। वहीं, केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने हाल ही में ओलंपिक 2026 की मेजबानी पर बात की थी। उन्होंने बताया था कि भारत प्रतिष्ठित टूनार्मेंट की मेजबानी के लिए उत्साहित है।

#### ओलंपिक की सफलता के लिए खाका तैयार

ओलंपिक 2036 की मेजबानी के लिए अहमदाबाद शहरी विकास प्राधिकरण (एयूडीए) आधार तैयार कर रहा है। एयूडीए ने अहमदाबाद विकास योजना 2041 का अनावरण किया है जिसमें अहमदाबाद को ओलंपिक योग्य शहर में बदलने के लिए बुनियादी ढांचे



और पर्यावरण उन्नयन को लेकर रिपोर्ट तैयार की गई है। एयूडीए अपनी तैयारियों में कोई कसर नहीं छोड़ रहा है। पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता को ध्यान में रखते हुए प्राधिकरण एक मास्टर प्लान तैयार कर रहा है जिसमें जल आपूर्ति से लेकर जल निकासी जैसे महत्वपूर्ण बिंदु शामिल हैं। पीएम मोदी ने कहा, मैं आपके सामने 140 करोड़ भारतीयों की भावना रखना चाहूंगा। भारत अपनी धरती पर 2036 के ओलंपिक का आयोजन के प्रयासों में कोई कोर कसर नहीं छोड़ेगा।

#### 140 करोड़ भारतीयों का सपना ओलंपिक की मेजबानी

ओलंपिक 2026 के लिए रणनीतिक मास्टर प्लान तैयार करने की जिम्मेदारी ब्रिसबेन की प्रसिद्ध कंपनी पॉपुलस को सौंपी गई है। इसमें साबरमती जनपथन से नरेंद्र मोदी स्टेडियम तक का चौड़ीकरण शामिल है। उम्मीद है अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में ओलंपिक 2036 का उद्घाटन समारोह होगा। पीएम ने आगे कहा, ञ्यह 140 करोड़ भारतीयों का सपना है, उनकी आकांक्षा है।

# पुलिस ने किया जेवर दुकान से लूट कांड का उद्भेदन

● टीम में शामिल पुलिस कर्मियों को एसपी ने किया सम्मानित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** गढ़वा पुलिस ने छापामारी कर शहर के गढ़देवी मोड़ के समीप स्थित रूप अलंकार नमक जेवर दुकान से लूट कांड का उद्भेदन कर लिया है।

इस मामले में पुलिस ने अंतरराजीय गिरोह के एक सदस्य को शहर के नगवा मोहल्ला स्थित मथुरा बांध शिव मंदिर से गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार अभियुक्त गढ़वा शहर के सोनपुरवा मोहल्ला निवासी प्रदीप डोम के पास से लूट गया साढ़े तीन किलोग्राम सोना, दो देसी कट्टा, कृत्रिम सोने जैसा बना आभूषण, सोने एवं हीरे का आभूषण, विभिन्न ग्रह रत्न, दो देशी पिस्तौल, 16 जिंदा गोली और एक मोबाइल बरामद किया है। एसपी दीपक कुमार पांडेय ने रविवार को गढ़वा थाना में प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर यह जानकारी दी।

## साढ़े तीन किलो सोना, चार पिस्टल बरामद


प्रेस कांफ्रेंस करते एसपी व बरामद लूट का सामान।

एसपी ने बताया कि 13 फरवरी की देर शाम शहर के रूप अलंकार ज्वेलर्स में लूट की घटना हुई थी। उसमें दो लुटेरा ग्राहक बनकर उक्त दुकान में प्रवेश किए थे। जेवर खरीदने के बाद उसके साथ सहयोगी में आया तीसरा व्यक्ति भी जेवर दुकान में घुसकर सभी जेवर को लूटते हुए फायरिंग कर फरार हो गया था। उन्होंने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर एवं स्थानीय गुप्तचरों की मदद से प्रदीप डोम को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उसके निशानदेही पर दो अलग-अलग जगह मथुरा बांध एवं रेलवे लाइन के किनारे अरहर के खेत से लूटा हुआ सामान एवं हथियार बरामद किया है। उन्होंने बताया कि उक्त घटना में पलामू जिला के चैनपुर निवासी बुकी सोनी तथा गढ़वा के नगवां मोहल्ला निवासी अजीत कुमार उर्फ छोटू साव भागने में सफल रहे। जल्द ही पुलिस उन्हें भी गिरफ्तार कर लेगी। उन्होंने बताया कि उक्त तीनों ने ही मिलकर लूट की योजना बनाया था। उन्हें पता था कि शहर के रूप अलंकार ज्वेलर्स में सबसे ज्यादा सोना बिकता है। इसलिए उक्त दुकान को इन लुटेरों ने टारगेट कर घटना को अंजाम देकर फरार हो गए। एसपी ने बताया कि पुलिस आईटी सेल की मदद से लगातार कार्रवाई कर रही थी। लेकिन उक्त लुटेरे हमेशा अपने स्थान को बदल रहे थे। यही वजह है कि उन्हें पकड़ने में थोड़ी कठिनाई हुई। लेकिन गुप्तचरों की मदद से उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने बताया कि जल्द ही फरार दोनों अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। एसपी ने बताया कि इस घटना में गढ़वा पुलिस यूपी, छत्तीसगढ़ सहित पलामू में छापेमारी कर रही थी। एसपी ने बताया कि तीनों लुटेरों का अपराधिक इतिहास रहा है। गिरफ्तार प्रदीप डोम पर छत्तीसगढ़ के रायपुर में एक शराब दुकान से 14 हजार रुपए की लूट के मामले में जेल गया था। वह पिछले कुछ दिन पहले ही जेल से बाहर आया था। उसके बाद इस तरह की घटना को अंजाम दिया है। उन्होंने बताया कि थाना में व्यवसाई ने तीन किलो 800 ग्राम सोने की लूट का प्राथमिक दर्ज कराया है। उसमें से तीन किलो 500 ग्राम सोना को पुलिस ने बरामद कर लिया है। बचे 300 ग्राम सोना लेकर फरार उक्त अभियुक्त बाजार में बेचने गए हैं। बहुत जल्द पुलिस उन्हें भी गिरफ्तार करते हुए लूट का सोना भी जब्त कर लेगी।

### व्यवसाईयों ने एसपी को दिया बधाई

जिला मुख्यालय के व्यवसाईयों ने रूप अलंकार दुकान में लूट मामले का उद्भेदन करने पर एसपी को सम्मानित किया। व्यवसाययों ने कहा कि यह पहली ऐसी घटना है। जिसमें तत्काल गिरफ्तारी के साथ-साथ लूट के तमाम सामान भी बरामद कर लिया गया है। व्यवसाईयों ने इसके लिए एसपी को बधाई दिया। बधाई देने वालों में चैंबर ऑफ कॉमर्स के लोग शामिल थे।

### एसपी ने किया पुलिस पदाधिकारियों को सम्मानित

रूप अलंकार लूट मामले के उद्भेदन करने वाले पुलिस पदाधिकारियों को एसपी दीपक कुमार पांडेय ने सम्मानित किया। सम्मानित होने वालों में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नीरज कुमार, पुलिस उपाधीक्षक यशोधरा, प्रशिक्षु पुलिस उपाधीक्षक चिरंजीव मंडल, इंस्पेक्टर कृष्ण कुमार साहू, पुलिस निरीक्षक बृज कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक प्रवीण कुमार सिंह, सूर्य प्रकाश दुबे, सुमंत कुमार राय, हित नारायण महतो, अनुरंजन कुमार, जनार्दन रावत, रवि कुमार केशरी, अनिल नायक, अभिमन्यु सिंह, सुनील कुमार सिंह, हवलदार जितेंद्र कुमार रजक, आरक्षी अभय कुमार सिंह, पंचम राम, राकेश कुमार, दीपक कुमार, विपिन प्रधान, राकेश पाल, श्याम बिहारी यादव रामनारायण विश्वकर्मा, वीरेंद्र प्रसाद, कैलाश राम, दर्शन कुमार पांडेय आदि का नाम शामिल है।

## एक नजर में

### राम नाम जपने से जीवन में किसी प्रकार का नुकसान नहीं होता : देवी धर्ममूर्ति


प्रवचन करती देवी धर्ममूर्ति।

**कांडी।** प्रखंड के ग्राम राणाडीह में आयोजित श्री रामचरितमानस नवाह्न परायण पाठ महायज्ञ महोत्सव के चौंतीसवें अधिवेशन के तीसरे दिन अयोध्या धाम से पधारी देवी धर्ममूर्ति ने नगरी हो अयोध्या सी, रघुकुल सा घराना हो, चरण हो राघव की, जहां मेरा ठिकाना हो, भजन से राम कथा की शुरूआत की। देवी धर्ममूर्ति ने कहा कि हमारे माता पिता कभी भी हमारी हानि नहीं चाहते हैं। राम नाम जपने पर किसी भी प्रकार की जीवन में हानि नहीं होती है। जिसके कानों ने राम की नाम नहीं सुना उसका कान व्यर्थ हैं, जिसने कभी राम का नाम न जपा उनका जिह्वा व्यर्थ है। कहा जब जब धरती पर पाप बढ़ा तब तब प्रभु ने अवतार लिया। यज्ञ के तीसरे दिन वाराणसी से पधारे आचार्य अवधेश मिश्रा द्वारा यज्ञ मंडप में अग्नि प्रज्वलित किया गया। जिसके बाद आवाहित देवी, देवताओं की हवन की भी शुरूआत हुई। यज्ञ 24 फरवरी तक चलेगा। यज्ञ को सफल बनाने में मार्गदर्शक ब्रजमोहन मिश्रा, श्याम बिहारी दुबे, श्याम सुन्दर शर्मा, शिवदेव चौबे, यज्ञ कमीटी के अध्यक्ष सत्येन्द्र चौबे, सचिव विजय पाण्डेय, उपाध्याय प्रदीप दुबे, कोषाध्यक्ष संजय चौबे, चंद्रमणी चौबे, सत्यनारायण पाण्डेय, उपेन्द्र चौबे, सतीश चौबे, सिद्धेश्वर चौबे, अरविंद शर्मा सहित सभी ग्रामवासी लगे हुए हैं।

### फुसरो में कलश यात्रा के साथ शिव मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम शुरू



**बेरमो।** रुक्मिणी देवी एडुकेशनल एण्ड कल्चरल सोसायटी, फुसरो के द्वारा नवर्निमित शिव मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के पाँच दिवसीय कार्यक्रम कलश यात्रा के साथ शुरू हुई। कलश यात्रा बनारस से आये हुए यज्ञाधीश आचार्य श्री श्रवण पाण्डेय, यज्ञाचार्य आचार्य श्री श्याम सुंदर पाण्डेय, वेदाचार्य पंडित रोहित कुमार पाण्डेय (वाराणसी), पंडित शुभम कुमार पाण्डेय (अयोध्या), पंडित सचित कुमार पाण्डेय (श्री धाम वृन्दावन) की देखरेख में संपन्न हुई। रुक्मिणी देवी पब्लिक स्कूल (जूनियर विंग) से निकलकर नया रोड, फुसरो से होकर दामोदर तट पहुँचने के बाद दामोदर नदी से जल कलश में भरकर रुक्मिणी देवी पब्लिक स्कूल (सीनियर विंग) पहुँची। भगवान शिव के इस प्राण प्रतिष्ठा में विद्यालय के आस-पास के लगभग 500 श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर बेरमो प्रखण्ड प्रमुख गिरिजा देवी, थाना प्रभारी बेरमो अशोक कुमार, भाजपा नेता दिनेश कुमार सिंह, शक्ति सिंह, अमन बर्णवाल, विद्यालय के निदेशक रंजीत भारती, प्राचार्या गीता भारती, उपप्रचार्य गुरुचरण महतो, आनंद किशोर, बाला राम, ओम प्रकाश महतो, रवीन्द्र प्रसाद महतो, अभिनंदन नारायण पोद्दार, सरस्वती सिंह, लाडली कुमारी, सुदीपा ज्योति, अर्जुन शर्मा, राधा दता, लता चकवर्ती, प्रतिभा सिन्हा, उर्मिला कुमारी, उषा ठाकुर, मोहिनी गुप्ता, मनोज कुमार, स्वाति कुमारी, ज्योति सिन्हा, रुबी सरकार, दिलीप बाउरी, अजय रजवार आदि शिक्षक-शिक्षककाएँ उपस्थित रहे।

### सुरक्षा बलों ने कथारा वाशरी और कोलियरी मे चलाया कोयला चोरो के विरुद्ध अभियान



**बेरमो/कथारा।** रविवार को अहले सुबह सीसीएल कथारा महाप्रबंधक के आदेशानुसार, क्षेत्रीय सुरक्षा पदाधिकारी के नेतृत्व में, क्षेत्रीय गस्ती दल एवं कथारा वाशरी गस्ती दल संयुक्त रूप से कथारा वाशरी तथा कथारा कोलियरी में कोयला चोरों के विरुद्ध औचक छापामारी किया गया। छापेमारी में गस्ती दल को देख कोयला चोर भाग खड़े हुए। इस छापेमारी में 5 मोटरसाइकिल अवैध कोयला से लदा जप्त कर पूर्ण रूप से छतिग्रस्त कर दिया गया साथ ही, 25 से 30 अवैध कोयला से भरा बोरा को जप्त कर पूर्ण रूप से फाड़ दिया गया । इसके उपरांत बरामद कोयला को कथारा वाशरी कोल स्टॉक में गिरा दिया गया। जिसका वजन लगभग 3 टन बताया गया। इस छापेमारी अभियान में इबरार हुसैन क्षेत्रीय सुरक्षा प्रभारी राम चंद्र मांझी कथारा वाशरी प्रभारी नागेश्वर नोनिया अरर कन्हाई (रात्री पाली सुपरवाइजर) संजय कुमार दास, मुकेश कुमार सिंह, सुरेन्द्र चौधरी, के अलावे झारखंड गृह सशस्त्र बल के जवान भी शामिल थे।

## स्पीड न्यूज

### अम्बिका स्कूल जैनामोड़ में विद्यार्थियों का विदाई समारोह



**बोकारो।** अम्बिका पब्लिक स्कूल जैनामोड़ में 10 वीं कक्षा में अध्यनरत विद्यार्थियों को 21 फरवरी से होने वाली सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में शामिल होने के लिए एक सादे समारोह में विदाई दी गई। 8वीं एवं 9वीं की छात्राओं ने इन्हें तिलक लगाकर व विदाई गीत गाकर परीक्षा में अव्वल आने की कामना की। स्कूल निदेशक दिनेश सिंह ने कहा कि अच्छे नंबर लाकर विद्यार्थी अपने माता पिता के साथ साथ शिक्षक स्कूल तथा जिले का नाम सितारों जैसा चमकाने का काम करें। प्राचार्य विजय सौरभ ने कहा कि आपकी लगन और हमारी सोच तब सही होगा जब आप क्षितिज पर चमकेंगे। मौके पर संजय सिंह मीना तिर्की हर्षा चौबे कंचन शर्मा जयंती तिग्गा संजय रवानी दिनेश शर्मा प्रीति बर्मन पूजा गोस्वामी स्मिता तिर्की आदि शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

### मायके आई महिला की करंट लगने से मौत



**बेरमो/गोमिया।** गोमिया थाना क्षेत्र के स्वांग पुराना माइंस में रविवार को करंट लगने से एक महिला पूनम देवी (32 वर्ष) की मौत हो गई। वह कुछ दिन ही पहले ही अपने मायके स्वांग आई थी। बताया गया कि पूनम देवी अपने तीन बच्चों के साथ अपनी मां पारो देवी से मिलने आई थी। पिता जगदीश भुइयां की पहले ही मौत हो चुकी है। पति राजू भुइयां अपने घर कतरास में थे। रविवार को पूनम देवी कपड़ा सुखाने के लिए टंगने पर पसार रही थी। इसी दौरान बिजली तार के संपर्क में आ गई। उसके चिल्लाने की आवाज सुनकर आसपास के लोगों ने बिजली का कनेक्शन कटवाया। इसके बाद उसे गोमिया अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। पूनम के बच्चों व मां का रो रोकर बुरा हाल था।

### गलत कामों के लिए असामाजिक तत्वों ने तोड़ा गरदाहा हाई स्कूल प्रांगण की दीवार


टूटा दीवार।

**कांडी।** असामाजिक तत्वों ने गरदाहा हाईस्कूल प्रांगण का गलत कामों के लिए उपयोग करने को लेकर दीवार तोड़कर अंदर घुसने का रास्ता बना लिया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने इस घटना को लेकर चिंता व्यक्त करते हुए क्षेत्र के आम नागरिकों से विद्यालय की सुरक्षा व देखरेख की अपील करते हुए असामाजिक तत्वों पर विद्यालय परिसर का गलत कामों के लिए उपयोग नहीं किए जाने का दबाव बनाने की जरूरत बताई है। मालूम हो कि राजकीयकृत महंत श्री रामचंद्र पुरी उच्च विद्यालय गरदाहा दशकों तक चारों तरफ से खुला रहा है। इस दौरान यह असामाजिक तत्वों के साथ साथ अपराधियों का भी अड्डा बनता रहा है। इस परिसर का नशाखोरी के लिए बरसों तक निर्बाध दुरुपयोग होता रहा है। इस अवधि में अनेकों बार स्कूल में चोरी, ताला तोड़ने, चापाकल उखाड़ने, तोड़ डालने, बारिश में गाय, भैंस, भेंड़, बकरी घुसा देने के साथ साथ दो दो बार कंप्यूटरों व इसके अन्य सामग्री की चोरी जैसी घटनाएं हो चुकी हैं। कई बार इन घटनाओं को लेकर थाना में लिखित फरियाद की जाती रही है। इन घटनाओं की जानकारी होने पर वर्तमान प्रधानाध्यापक सूर्यदीप पाल ने विद्यालय की सुरक्षा को लेकर चारों तरफ से अंदर घुसने की जगहों को बंद करा दिया है। एक जगह बड़ा सा गेट लगवा दिया है। जिससे स्कूल कैंपस का दुरुपयोग करनेवाले असामाजिक तत्वों को परेशानी हो रही है। इसी कारण उन्होंने स्कूल बंद रहने पर दीवार को तोड़कर घुसने का रास्ता खोल दिया है। इस घृणित कार्य को लेकर मीडिया के माध्यम से प्रशासन से भी कार्रवाई की मांग की गई है। एचएम ने कहा कि सोमवार को स्कूल खुलने पर इस घटना की प्राथमिकी दर्ज कराई जाएगी।

## तेनुघाट जेल में जेल अदालत सह जागरूकता शिविर का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बेरमो/तेनुघाट कोर्ट।** माननीय झालसा, रांची के निदेर्शानुसार एवं माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार बोकारो के मार्गदर्शन में रविवार 18 फरवरी को तेनुघाट जेल में बंदियों के बीच जेल अदालत सह विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया । इस जेल अदालत सह विधिक जागरूकता कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रथम श्रेणी न्यायायिक दंडाधिकारी रूपम स्मृति टोपनो ने बंदियों को कानून की जानकारी देते हुए अधिकार और कर्तव्य की जानकारी दी। बताया कि जहां अधिकार है वहीं कर्त्तव्य भी है। रोड पर चलना जहां आपका अधिकार है वहीं बाएं ओर चलना आपका कर्तव्य है। इसलिए आपको अधिकार के साथ ही साथ कर्त्तव्य का भी पालन करना चाहिए। आगे बंदियों को प्रदान किए जाने वाले विभिन्न विधिक सहायता के बारे में बतलाते हुए कहा कि माननीय नालसा, नई दिल्ली एवं माननीय झालसा, रांची के द्वारा बंदियों के लिए विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम समय-समय पर चलाए जा रहे हैं । जिनके माध्यम से उन बंदियों को उचित विधिक सहायता प्रदान की जाती है। इसी के तहत प्रत्येक महीने जेल अदालत का आयोजन किया जाता है। आगे बंदियों से जेल में मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी दी। आगे बताया कि वैसे बंदी जो स्वयं के खर्च पर अपना अधिवक्ता रख पाने में असमर्थ हैं, उनके लिए माननीय सर्वोच्च न्यायालय, नई दिल्ली के निर्देश पर लीगल एड डिफेंस काउंसिल के तहत अधिवक्ताओं की प्रतिनियुक्ति की गई है, जो उन बंदियों के केस में संबंधित न्यायालय में निरंतर पैरवी करते हैं। स्वागत भाषण एव मंच संचालन अधिवक्ता सुभाष कटरियार और धन्यवाद ज्ञापन जेलर नीरज कुमार ने किया। मौके पर विजय कुमार एवं जेल कर्मियों की भूमिका सराहनीय रही। उक्त जानकारी अनुमंडल विधिक सेवा प्राधिकार समिति के सचिव सह एसडीजेएम रश्मि अग्रवाल ने दी।

## सांसद व विधायक ने सड़क निर्माण कार्य का किया शिलान्यास

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बेरमो/गोमिया।** गोमिया प्रखंड अंतर्गत गोमिया थाना चौक से सियारी ग्राम तक निर्माण होने वाले सड़क एवं मोदीटोला में आंगन बाड़ी केंद्र का शिलान्यास गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी और गोमिया विधायक डॉ लम्बोदर महतो ने नारियल फोड़कर किया। शिलान्यास के पूर्व नेताद्वय का ग्रामीणों ने 25किलो का माला पहनाकर व पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। इस दौरान सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने बताया कि गोमिया प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में कई योजनाओं का शिलान्यास किया गया, जिससे क्षेत्र का विकास पूर्ण रूप से हो सकेगा। इस अवसर पर जिप सदस्य सुरेन्द्र राज, प्रखंड प्रमुख प्रमिला चौड़े, विधायक प्रतिनिधि बिपिन कुमार, पलिहारी मुखिया सपना कुमारी, गोमिया मुखिया बलराम रजक, पूर्व प्रमुख गुलाब चंद हांसदा, मिन्हाज अंसारी, संदीप स्वर्णकार, दुलाल साव, प्रदीप रवानी, आदित्य पांडे, रोहित यादव सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## बोकारो में इंटर स्टील प्लांट कबड्डी प्रतियोगिता आरम्भ



**बोकारो।** बोकारो नगर कर सेक्टर तीन स्थित स्टील क्लब एवं रिक्रिएशन सेंटर में आयोजित चार दिवसीय इंटर स्टील प्लांट कबड्डी चैंपियनशिप का उद्घाटन ईडी संकार्य बीरेंद्र कुमार तिवारी ने अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में किया। इस प्रतियोगिता में बीएसएल सहित राउरकेला स्टील प्लांट आईएसपी बर्नपुर भिलाई स्टील प्लांट एलॉय स्टील प्लांट आरआईएनएल विशाखापटनम टाटा स्टील दुगार्पुर स्टील प्लांट तथा सेलम स्टील प्लांट की टीमें भाग ले रही हैं। श्री तिवारी ने प्रतियोगिता के उदघाटन के मौके पर प्रतिभागी टीमों को खेल भावना के साथ इस स्पर्धा का आनंद लेने का संदेश दिया। कबड्डी चैंपियनशिप का फाइनल 19 फरवरी को सम्पन्न होगा। मौके पर ईडी वित्त एवं लेखा सुरेश रंगानी ईडी पी एंड ए राजन प्रसाद ईडी माइंस जयदीप दासगुप्ता सीजीएम कार्मिक हरि मोहन झा सीजीएम टीए कुंदन कुमार तथा अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## संपूर्ण विप्र समाज का होली मिलन समारोह 23 मार्च को

**बोकारो।** संपूर्ण विप्र समाज की सेक्टर 6 डी स्थित बाबा निरंजन नाथ शिव मंदिर परिसर के भगवान परशुराम मंडप में बोकारो जिलाध्यक्ष विष्णु शंकर मिश्र की अध्यक्षता में संपन्न बैठक में इस वर्ष भी विप्र होली मिलन समारोह 23 मार्च को धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में झारखंड प्रदेश अध्यक्ष शशि भूषण ओझा, प्रदेश संगठन महासचिव मृणाल कांत चौबे, दिवाकर दुबे, अशोक मिश्रा, वीरेंद्र चौबे, सोमनाथ पांडे, संजय मिश्रा, शैलेन्द्र तिवारी, राजेश्वर द्विवेदी, मिथिलेश तिवारी, उग्रनाथ झा, मनींद्र चतुर्वेदी सहित कई विप्रजन उपस्थित रहे।

## वार्षिक परीक्षा से पूर्व विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** स्थानीय चिन्मय विद्यालय में वार्षिक परीक्षा से पूर्व आयोजित विशेष प्रार्थना सभा में विद्यालय के प्राचार्य सूरज शर्मा ने जूनियर विंग में सभी बच्चों को वार्षिक परीक्षा की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सुयोग्य जीवन जीने के लिए जितनी आवश्यकता शैक्षणिक योग्यता की है उतनी ही आवश्यक है अपनी संस्कृति और सभ्यता के बारे में जानने और उसकी रक्षा करने की। हमारी भारत की सभ्यता और संस्कृति अदभुत अतुलनीय धरोहर है। मौके पर चिन्मय विजन प्रोग्राम पर आधारित अन्वी प्रकृति गीतांजलि टुडू आदिकेश नायर आरव सिंह काशवी अन्वी एवं अनन्या ने मनमोहक नृत्य से उपस्थित सभी का मन मोह लिया। स्वामिनी संयुतानंद सरस्वती अध्यक्ष बी मुखोपाध्याय सचिव महेश त्रिपाठी प्राचार्य सूरज शर्मा एवं उप प्राचार्य नरमेंद्र कुमार ने सभी विद्यार्थियों को आशीर्वाद एवं शुभकामनाएं दीं। मौके पर रश्मि शुक्ला संजीव सिंह दीप्ति पारिख कोमल दोषी मोनिका सरिता वर्मा रेणु साह एवं जूनियर विंग की शिक्षिकाएं उपस्थित थीं।

## भगवती प्राण प्रतिष्ठा को लेकर शतचंडी महायज्ञ के जल यात्रा में उमड़ी श्रद्धालुओं की भारी भीड़

**खबर मन्त्र संवाददाता**


कलश यात्रा में उपस्थित श्रद्धालु।

**मझिआंव।** नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड नंबर 4 स्थित मझिआंव खुर्द गांव में ब्रह्म स्थान के समीप नवनिर्मित मंदिर में भगवती प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर होने वाले सतचंडी महायज्ञ को लेकर यज्ञाचार्य श्री श्री 108 श्री बाबा केशव नारायण दास के निर्देशन में भव्य जलयात्रा निकाली गई। 2101 कलशों साथ निकाली गई जल यात्रा यज्ञ स्थल से निकलकर मुख्य सड़क, ब्लॉक रोड, लोहारपूरवा, बाईपास रोड होते हुए पुरानी अस्पताल के पास पहुंची। उसके पश्चात पुनः पूरे शहर भ्रमण करते हुए कोयल नदी के रमणीय तट पर अवस्थित बैलगाड़ी घाट पहुंचा। जहां पर विद्वान पंडित बबलू दुबे के द्वारा वैदिक मंत्र उच्चारण एवं आह्वान के पश्चात सभी कलशो में पवित्र जल भरा गया। उसके पश्चात मुख्य यजमान जितेंद्र कुमार सिंह, प्रदीप कुमार चंद्रवंशी, अनिल चंद्रवंशी, संत कुमार सिंह, विजय साव एवं उमेश यादव सपत्नीक एवम सभी श्रद्धालु अपने-अपने कलशो को लेकर यज्ञ स्थल पहुंचे। जहां उन्हें स्थापित किया गया। जल यात्रा के दौरान सभी श्रद्धालु जय माता दी लिखित रिबन अपने ललाट पर बांधे और हाथों में पवित्र कलशों को लिए श्रीमन नारायण नारायण एवं जय माता दी का जाप कर रहे थे। इस दौरान एसबीआई बैंक के समीप युवा समाजसेवी मारुति नंदन सोनी के द्वारा शरबत पानी का तथा न्यू राज घराना वस्त्रालय के संचालक मनोज जायसवाल के द्वारा सभी श्रद्धालुओं के जलपान के लिए गन्ना रस का व्यवस्था किया गया। जलयात्रा में भाजपा नेता डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी, पलामू जिला के उंटारी रोड प्रखंड के पूर्व जिला परिषद सदस्य अरविंद सिंह, निवर्तमान नगर पंचायत अध्यक्ष सुमित्रा देवी, समाज सेविका सत्या दुबे, सेवा निवृत्त शिक्षक महेंद्र नाथ दुबे, सांसद प्रतिनिधि शोभा जयसवाल, विधायक प्रतिनिधि संजय कमलापुरी, नगर मंडल अध्यक्ष पवन कुमार सहित लगभग 5 हजार की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में यज्ञ समिति के अध्यक्ष श्रीकांत तिवारी, उपाध्यक्ष कृष्ण सिंह एवं सभी यज्ञ कमेटी के सदस्य एवं ग्रामीण लगे हुए हैं।

## पेज 1 का शेष

### जैन मुनि आचार्य विद्यासागर जी महाराज ब्रह्मलीन

पीएम ने कहा, मेरे विचार और प्रार्थनाएं आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज जी के अनगिनत भक्तों के साथ हैं। उन्हें आने वाली पीढ़ियों द्वारा समाज में आध्यात्मिक जागृति की दिशा में उनके प्रयासों, गरीबी उन्मूलन, स्वास्थ्य देखभाल की दिशा में उनके काम के लिए अमूल्य योगदान के लिए याद किया जायेगा। छत्तीसगढ़ सहित देश और दुनिया को अपने ओजस्वी ज्ञान से समृद्ध करने वाले आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज को देश और समाज के लिए उनके उल्लेखनीय कार्यों, त्याग और तपस्या के लिए युगों-युगों तक याद किया जाएगा। मैं चरणों में नमन करता हूं। पीएम मोदी उन्हें याद करते हुए भावुक हो गये। विश्व विख्यात जैन मुनि आचार्य विद्यासागर जी महाराज एक महान विभूति थे. आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के देवलोक गमन के बाद जैन समाज में शोक की लहर हैष आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज का समाधि स्थल डोंगरगढ़ के चंद्रगिरी पर्वत पर बनाया जायेगा। यहां पूरे जिले ही नहीं देश के अलग-अलग राज्यों से जैन समुदाय के लोग पहुंचते हैं। रविवार को हजारों की तादाद में लोग यहां आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज का अंतिम दर्शन कर रहे हैं।

### 20 से 22 तक भाजपा नेताओं के विरोध की तैयारी

संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा अपनी मांगों को लेकर केंद्र पर दबाव बनाने के लिए दिल्ली चलो मार्च का नेतृत्व कर रहे हैं। किसान एमएसपी के लिए कानूनी गारंटी के अलावा कृषकों के कल्याण के लिए स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों को लागू करने, किसानों और खेत मजदूरों के लिए पेंशन तथा कर्ज माफी, लखीमपुर खीरी हिंसा के पीड़ितों के लिए न्याय, भूमि अधिग्रहण अधिनियम 2013 को बहाल करने और पिछले आंदोलन के दौरान मारे गए किसानों के परिवारों को मुआवजा देने की भी मांग कर रहे हैं। पंजाब के किसानों ने मंगलवार को दिल्ली के लिए मार्च शुरू किया था, लेकिन सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें हरियाणा के साथ पंजाब की सीमा पर शंभू और खनौरी बॉर्डर पर रोक दिया। तब से प्रदर्शनकारी इन दो सीमा बिंदुओं पर डटे हुए हैं। उनका कहना है कि एमएसपी के लिए सी-2 प्लस 50 प्रतिशत फॉर्मूले से कम कुछ भी स्वीकार नहीं है। इस बैठक में किसान नेता बलकरण सिंह बराड़ और बूटा सिंह सहित अन्य नेता शामिल हुए।

